रांची, रविवार | 23 मार्च 2025 | वर्ष-26, अंक- 50, पृष्ठ-12 | चैत्र कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

₹3.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## रंगारंग कार्यक्रम के साथ आईपीएल के 18वें सत्र का आगाज

# फिल्मी सितारों ने बिखेरा जलवा

आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह हुआ। आईपीएल के 18वें सीजन के मौके पर केक काटा गया और आतिशबाजी के साथ आईपीएल 2025 की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के अंत में राष्टगान हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान टॉस में देरी हुई और अब से कुछ ही देर में आरसीबी और केकेआर के बीच मैच का टॉस किया जाएगा। आईपीएल के उद्घाटन समारोह की शुरूआत शाहरुख खान के भाषण के साथ हुई जिसके बाद बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल ने प्रस्तुति पेश की।

बॉलीवुड अभिनेत्री **दिशा पाटनी** ने अपने डांस से जलवा बिखेरा

**श्रेया घोषाल** ने अपने धुन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर झुमाया

पंजाबी मशहूर गायक **करण औजला** ने शानदार प्रस्तुति दी

**शाहरुख खान** ने रिंकू सिंह और विराट के साथ किया डांस

---

**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 22.0° | अधिक. | 24.3° |
| न्यून. | 15.1° | न्यून. | 17.0° |

₹81500 (10 ग्राम)

₹102000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,905.51 | 85.990 |
| +557.45 | -0.330 |

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 6:03 | 4:31 |
| 23 मार्च | 24 मार्च |

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

### परिसीमन विवाद में हेमंत ने किया तमिलनाडु के सीएम का समर्थन, कहा

# यह तरीका परिसीमन के लिए न्यायसंगत नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि केवल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकती। सोरेन ने डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की उस मांग का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने लोकसभा परिसीमन के मुद्दे पर राजनीतिक और कानूनी कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने के लिए कहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए सोरेन ने लिखा, 'मैं परिसीमन के मुद्दे पर तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री एमके स्टालिन जी द्वारा आज बुलाई गई बैठक का स्वागत करता हूं। केवल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता। परिसीमन पर जेएसी (संयुक्त कार्रवाई समिति) की पहली बैठक में स्टालिन ने कहा कि अगली जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का जनसंख्या-आधारित परिसीमन कुछ राज्यों को बहुत प्रभावित करने वाला है।

चेन्नई में स्टालिन द्वारा बुलाई गई बैठक में केरल के सीएम पिनाराई विजयन, पंजाब के सीएम भगवंत मान और तेलंगाना के सीएम ए.रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और वरिष्ठ बीआरएस नेता केटी रामाराव सहित अन्य नेता शामिल हुए। दिन में सोरेन ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि झारखंड में आदिवासी आरक्षित सीटों की संख्या को कम करने की कोशिशें पहले भी हुई थीं, लेकिन इस कदम को टाल दिया गया। बता दें कि इससे पहले इस सप्ताह की शुरूआत में झारखंड विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया गया था।

### क्या है परिसीमन विवाद ?

बता दें कि देश की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या बढ़नी है, और अगर यह परिसीमन आबादी के आधार पर होता है तो दक्षिण भारत के राज्यों को सीटों की संख्या के मामले में नुकसान होने की आशंका है, इसी वजह से दक्षिण के राज्य जनसंख्या के आधार पर होने वाले इस परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु से डीएमके के एक सांसद तो संभावित परिसीमन सिर्फ जनसंख्या के आधार पर ना करते हुए इसके लिए राज्य की प्रति व्यक्ति आय, वस्तु एवं सेवा कर संकलन, कृषि आय, निर्यात आदि को भी मानदंड बनाने की मांग कर चुके हैं।

### मंत्री हफीजुल का मोबाइल स्पीकर ने किया जब्त



● सदन में फोन पर कर रहे थे बात

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सदन में मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के मोबाइल को जब्त कर लिया गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के निर्देश पर ये कदम उठाया गया। दरअसल जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी चलते सत्र में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए उनका फोन जब्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि बार बार निर्देश देने के बावजूद इसका पालन नहीं होता है।

**क्या है पूरा मामला :** झारखंड विधानसभा के अंतिम दिन कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव किसी मुद्दे को सदन के अंदर उठा रहे थे। उनके सवाल पूछने के दौरान मंत्री हफीजुल अंसारी किसी से फोन पर बात करने लगे। जिस पर कांग्रेस विधायक दल के नेता ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर फोन के इस्तेमाल से बाधा उत्पन्न होती है। कृपया वह फोन पर बात न करें। शेष पेज 11 पर

# चाईबासा आईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद एक घायल



● राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में शनिवार को हुए विस्फोट में सीआरपीएफ का एक सब इंस्पेक्टर शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि छोटानागरा थाना क्षेत्र के वनग्राम मारंगपोंगा जंगल के पास दोपहर करीब 2:30 बजे आईईडी विस्फोट हुआ, जब नक्सल विरोधी अभियान चल रहा था। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए माओवादियों द्वारा लगाया गया इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) तलाशी अभियान के दौरान फट गया। उन्होंने बताया कि विस्फोट में सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल और जवान पार्थ प्रतिम डे घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए राजधानी रांची ले जाया गया। एसपी ने बताया कि सीआरपीएफ की 193 बटालियन में सब इंस्पेक्टर मंडल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीआरपीएफ कर्मी की मौत पर दुख जताया। सोरेन ने एक्स पर लिखा, चाईबासा में आईईडी विस्फोट में घायल सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार मंडल जी की इलाज के दौरान मौत की दुखद खबर मिली है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवारजनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सोरेन ने घायल जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की। वहीं राज्यपाल ने भी शोक संवेदन व्यक्त किया।

बेमौसम ओले की बरसात से

### किसान निराश...



**रांची।** झारखंड के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को गरज-चमक के साथ बारिश हुई, इस दौरान तेज हवाएं चलीं और कई हिस्सों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम में आए इस बदलाव के चलते लोगों को तेज गर्मी से राहत मिल गई। इस दौरान प्रदेश की राजधानी रांची और लोहरदगा में जमकर ओले भी गिरे। रांची में तो शनिवार दिनभर मौसम शेष पेज 11 पर



**'अर्थ आवर डे'** पर शनिवार को राज भवन में विद्युत उपकरणों को बंद कर पर्यावरण संरक्षण व ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया गया।

### सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले में केस बंद

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में शनिवार को बड़ा अपडेट सामने आया है। इस मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट लगा दी है। सुशांत की मौत 14 जून, 2020 को हुई थी। उनका शव मुंबई स्थित घर के पंखे से लटकते हुए मिला था। शुरूआत में तो आत्महत्या की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन बाद में मामला हत्या तक पहुंच गया था। इसके बाद मामले की जांच को सीबीआई को सौंपा गया और एक्टर की मौत के लगभग पांच सालों बाद जांच एजेंसी ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी।

### जर्जर भवन की छत से दबकर दो मजदूरों की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया है। जर्जर भवन की छत से दबकर दो मजदूरों की मौत हो गयी है, जबकि एक मजदूर घायल हो गया है। सभी मजदूर मुर्शिदाबाद के बताए जा रहे हैं।

# आदिवासी संगठनों का रांची बंद रहा असरदार

● एंबुलेंस छोड़ किसी को सड़क पर चलने नहीं दिया गया

● कई हिस्सों में टायर जला कर रास्ता किया गया बंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची के सिरमटोली केंद्रीय सरना स्थल के पास फ्लाईओवर रैंप बनाने के विरोध में शनिवार को रांची बंद बुलाया गया था। संयुक्त आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाए गए रांची बंद का असर शहर के कई इलाकों में देखने को मिला। खासकर ग्रामीण इलाकों में बंदी का ज्यादा असर रहा। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती थी। पूरे शहर में बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को आवागमन रोक दिया गया था। आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बंद समर्थक सुबह से ही सड़क पर उतार आए थे। पिस्का मोड़, कटहल मोड, बहू बाजार, कमड़े, मेन रोड आदि जगहों पर बंद समर्थकों ने सड़क जाम किया और टायर जलाकर प्रदर्शन किया। इधर बंद समर्थकों से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बंद समर्थक जहां-जहां से गुजर रहे थे उनकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। तैनात पुलिस कर्मियों ने बंद समर्थकों को समझाकर बैरिकेटिंग हटाने प्रयास कर रहे थे।

#### कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : एसपी

बंद के दौरान रांची पुलिस ने संयम से काम लिया। कई बार पुलिस और बंद समर्थकों के बीच टकराहट की नौबत भी आई, लेकिन पुलिस के संयमित रहकर मामले को संभाला। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अथक प्रयास के बाद देर शाम राजधानी रांची में पूरी तरह यातायात व्यवस्था सामान्य हुई।

#### सरकार को सबकी बातें सुननी चाहिए : विधायक

रांची बंद पर विधायकों ने भी प्रतिक्रिया दी विधायक जयराम महतो ने कहा कि यह आदिवासी अस्मिता की लड़ाई है। बीजेपी विधायक सीपी सिंह और जेडीयू विधायक सरयू राय ने कहा कि सरकार को सबकी बातें सुननी चाहिए। बातचीत करके इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए।

**इंडिया**

# भगत सिंह पैदा तो हों पर पड़ोसी के घर



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

स्वतंत्रता के बाद देशभक्ति के धारा देश में बह रही थी जिसके हीरो आजादी के लिए वे दीवाने थे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्र कराया था उनमें से शहीदे आजम अग्रिम थे जिनकी फोटो घरों से लेकर ट्रकों में लोग लगाते थे ताकि अगली पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके पर आज लगता है वह बात सच हो गई जब कहा जाता था भगत सिंह पैदा तो हों पर पड़ोसी के घर। आज उनका बलिदान दिवस है पर अधिकांश लोगों को याद भी नहीं है।आठ वर्ष की खेलने की उम्र में जब बच्चों को खिलौनों का शौक होता है, भगत सिंह अपने पिता से पूछते थे कि अंग्रेजों को भगाने के लिए क्यों न खेतों में पिस्तौलें उगा ली जाएं। पिस्तौलों की जो फसल उगेगी उससे अंग्रेजों को आसानी से भारत से भगाया जा सकेगा। उस दौर में पंजाब में अराजकता का माहौल था। 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग की घटना हुई तो उस समय भगत सिंह मात्र 12 वर्ष के थे। 1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए हो रहे प्रदर्शन में हुए लाठी चार्ज में लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गई। इस का बदला लेने के लिए 17 दिसंबर 1928 को करीब सवा चार बजे एएसपी सांडर्स के आते ही राजगुरु ने एक गोली सीधी उसके सिर में मारी। इसके बाद भगत सिंह ने 3-4 गोली दाग दीं। ये दोनों जैसे ही भाग रहे थे कि एक सिपाही चनन सिंह ने इनका पीछा करना शुरू कर दिया। चन्द्रशेखर आज़ाद ने उसे सावधान किया - "आगे बढ़े तो गोली मार दूंगा।" नहीं मानने पर आजाद ने उसे गोली मार दी। इस तरह इन लोगों ने लाला लाजपत राय की मौत का बदला ले लिया।भगत सिंह का जन्म 28 सितम्बर 1907 को पंजाब प्रान्त के लायलपुर जिले के बंगा गांव में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में हैं । महज 12 साल की उम्र में बगैर किसी को बताए भगत सिंह जलियांवाला बाग चले गए थे और वहां की मिट्टी लेकर घर लौटे थे। भगत सिंह के पिता किशन सिंह चाचा अजीत सिंह और स्वर्ण



सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके पिता और चाचा गदर पार्टी के मेंबर थे। भगत सिंह करतार सिंह सराभा को अपना आदर्श मानते थे। जानकारों के मुताबिक भगत सिंह के जीवन में पहला निर्णायक मोड़ 1919 में आया जब उनकी उम्र करीब 12 साल थी।भगत सिंह की पढ़ाई लाहौर के डीएवी हाई स्कूल में हुई। वे कई भाषाओं में पारंगत थे। अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू के अलावा पंजाबी पर भी उनकी खास पकड़ थी। कालेज में भगत सिंह ने इंडियन नेशनल यूथ आर्गेनाइजेशन का गठन किया। अच्छे थियेटर आर्टिस्ट के साथ-साथ उनका शैक्षणिक रिकॉर्ड भी बढ़िया रहा। बाद में भगत सिंह ने अपनी थियेटर की कलाओं को भारतीयों के बीच देशभक्ति की भावनाएं जगाने में किया। उनका फिरोजपुर से गहरा रिश्ता था और एक ठिकाना क्रांतिकारी डॉ गया प्रसाद ने किराए पर ले रखा था। इसके नीचे केमिस्ट की दुकान थी और ऊपर क्रांतिकारियों का ठिकाना। यहां भगत सिंह, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद के अलावा अन्य क्रांतिकारियों का भी आना जाना था। यह ठिकाना पार्टी की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया था।

क्रांतिकारी पंजाब से दिल्ली, कानपुर, लखनऊ और आगरा आने जाने के लिए फिरोजपुर में बने इस ठिकाने पर आकर अपनी पहचान बदलते थे, फिर ट्रेनों में यात्रा करते थे। क्रांतिकारियों का गुप्त ठिकाना 10 अगस्त 1928 से लेकर 4 फरवरी 1929 तक रहा। लाहौर में 17 दिसंबर 1928 को सहायक सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस सॉण्डर्स व हेड कांस्टेबल चानन सिंह की हत्या कर दी थी, जिसमें भगत सिंह, राजगुरु और चंद्रशेखर आजाद समेत कई क्रांतिकारी शामिल थे।महान क्रांतिकारी भगत सिंह को अंग्रेजों ने 23 मार्च 1931 की सुबह 7:30 बजे लाहौर में फांसी दे दी थी। 300 पेज के फैसले में उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई थी। वह देश की आजादी के लिए ब्रिटिश सरकार से लड़ रहे थे, लेकिन भारत की आजादी के 70 साल बाद भी सरकार उन्हें दस्तावेजों में शहीद नहीं मानती थी। पर जनता उन्हें शहीद-ए-आजम मानती है।

अप्रैल 2013 में केंद्रीय गृह मंत्रालय में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को लेकर एक आरटीआई डाली गई, जिसमें पूछा कि भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को शहीद का दर्जा कब दिया गया। यदि नहीं तो उस पर क्या काम चल रहा है? इस पर नौ मई को गृह मंत्रालय का हैरान करने वाला जवाब आया। इसमें कहा गया कि इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। तब से शहीद-ए-आजम के वंशज (प्रपौत्र) यादवेंद्र सिंह संधू सरकार के खिलाफ आंदोलन चला रहे हैं। भगत सिंह चाहते तो छूट सकते थे पर अपने मुकदमे के ट्रायल के दौरान कोर्ट में अपना पक्ष रखते उन्होंने अखबारों की रिपोर्टिंग के माध्यम से देशवासियों को जगा दिया जो चिंगारी बाद में देशभक्ति की ज्वाला बन गई।

# ट्रंप और मस्क अमेरिका से भारतीय छात्रों को भगाने लगे



● कनाडा ने सरकारी कॉलेजों में हर भारतीय छात्रों को छात्रवृत्ति देना शुरू कर दिया

● तमाम कोर्स बंद कर ऐसे कोर्स शुरू कर दिए जिसके पढ़ाई के बाद नौकरी मिले

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तथा उनके अति धनी यार एलन मस्क की मनमानी व तानाशाही वाली नीति तथा कनाडा को अमेरिका का ही एक राज्य बनाने की घोषणा के बाद कनाडा ने अमेरिका के विरूद्ध कड़ा रूख अपना लिया है। इसका असर कनाडा में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों पर भी पड़ा है। ट्रंप के फिर राष्ट्रपति बनने के पहले कनाडा ने अपने यहां भारतीय छात्रों की संख्या धीरे - धीरे कम करने का नियम बनाया था। यह बनाते समय कनाडा में लगभग चार लाख भारतीय पढ़ाई कर रहे थे।

लेकिन उसके बाद नये नियम के चलते कनाडा जाने के बजाय भारतीय छात्र पढ़ने के लिए जर्मनी, फिनलैंड, नार्वे, स्वीडन, आयरलैंड, नीदरलैंड, चीन जैसे देशों में जाने लगे। इसके कारण कनाडा में भारतीय छात्रों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। इससे कनाडा के कॉलेज बहुत परेशान हैं। शेष पेज 11 पर

विस में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का बजट पास

# ओलावृष्टि से हुई क्षति का भुगतान करेगी सरकार : शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा के सभा की कारवाई प्रति दिन से अलग शनिवार को 10 बजे शुरू हुई, जिससे प्रारम्भिक एक घंटा के समय में लंबित ध्यानाकर्षण लिए गए। आसन द्वारा सूचित किया गया कि षष्टम झारखंड विधान सभा के बजट सत्र के शेष अवधि के लिए संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर की अस्वस्थता के कारण उनसे संबंधित वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, संसदीय कार्य विभाग तथा योजना एवं विकास विभाग से संबंधित विधायी कार्यों के निर्वहन हेतु सुदिव्य कुमार को राज्यपाल झारखंड के आदेश से प्राधिकृत किया गया है। प्रश्नकाल में अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या 13 और तारांकित प्रश्नों की संख्या 39 थी। शनिवार को सदन में प्रदीप यादव ने कहा कि शुक्रवार को कई जिलों में ओला वृष्टि से क्षति हुई है। गुमला जिला में 400 ग्राम तक का ओला गिरा है। कई मकान टूट गए हैं फसलों को भारी नुकसान हुआ है। तत्काल सविधाएं उपलब्ध कराई जाए। वहीं अनंत प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर और गढ़वा के कई प्रखंडों में ओला वृष्टि से क्षति हुई है,तत्काल व्यवस्था की जाए। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि ओलावृष्टि से हुई क्षति का भुगतान सरकार करेगी इसके लिए सभी जिलों के डीसी से तीन दिन के अंदर नुकसान के आकलन का रिर्पोट मांगा गया है।

**जुडको मेरा नहीं कभी आपका भी था :** जुडको की कारस्तानी के कारण सड़क चलने लायक नहीं है, यह अपंग संस्था है। जिस नाली या सड़क को तोड़ा गया, उसे ठीक करें। कालीकरण सड़क पर पीसीसी कर दिया गया है। लगता है भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हो गया है। एनएचएआइ को जोड़कर मुहल्लों और बाइलेन का काम कब पूरा होगा। मंत्री ने कहा कि 10 किलोमीटर में राइडिंग पाइप के लिए एनएचएआइ से एनओसी नहीं मिलने के कारण लंबित है। जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे। जुडको मेरा नहीं कभी आपका भी था, आपके समय भी उसी गति से चलता था। विस में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का बजट 10,85,74,46,000 रूपए से अनधिक राशि स्वीकृत हो गई है।

## वनांचल आंदोलनकारी झारखंड आंदोलनकारी नहीं : सुदिव्य



**भाजपा** विधायक अमित कुमार यादव द्वारा वनांचल आंदोलनकारियों का मुद्दा उठाया गया। उन्होंने कहा कि अलग राज्य के लिए वनांचल के नाम पर आंदोलन करने वालों को आंदोलनकारियों का सम्मान क्यों नहीं दिया जाता है। श्री कुमार ने कहा कि नाम भले ही अलग है मगर अलग राज्य के लिए इन लोगों ने भी आंदोलन किया है, लाठी खाई है, जेल गए हैं, त्याग किया और बलिदान दिया है। वहीं सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड के अलग राज्य का क्षेत्र व्यापक था, वहीं वनांचल आंदोलन का क्षेत्र वह है जो आज वर्तमान झारखंड है, क्षेत्र वनांचल और नाम झारखंड। संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि चिराग लेकर ढूंढने से भी वनांचल आंदोलन के किसी भी आंदोलनकारी ने न लाठी खाई न जेल गया। ये कौन लोग है नहीं पता। वनांचल आंदोलनकारी झारखंड आंदोलनकारी नहीं है।

## झारखंड के सभी जिले में प्रेस क्लब की स्थापना हो : कुशवाहा शशिभूषण



**कुशवाहा** शशि भूषण ने सभी जिलों में प्रेस क्लब की स्थापना की मांग की है। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि जिस जिला में निर्माण नहीं हुआ है, वहां जिलास्तरीय अनुशंसा की जाए। उसे प्राथमिक स्तर पर बनाने का प्रयास करेंगे। एक साथ सभी जिलों पर निर्माण करने से नीतिगत निर्णय लेना होगा। हम पूरे जिले में प्रेस क्लब देने को तैयार हैं।

## विस अध्यक्ष ने मंत्रियों व विधायकों को फोन लेकर न आने की दी सलाह



**विस** अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने मंत्री हफीजुल हसन का फोन विस अध्यक्ष ने जब्त कर लिया। यह घटना तब हुई, जब मंत्री हफीजुल सदन में फोन पर बात कर रहे थे और विधायक प्रदीप यादव ने इसका विरोध किया था। मंत्री हफीजुल का फोन जब्त करने के साथ-साथ मंत्रियों और विधायकों को सदन में फोन लेकर न आने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न होता है।

## भारत-पाकिस्तान का बॉर्डर लाइन बना दिया गया है : सीपी सिंह



**सीपी** सिंह ने कहा कि राजधानी रांची में पाइप बिछाने का कार्य एलएनटी नागार्जुन एवं अन्य एजेंसियों द्वारा कराया जा रहा है। पाईप लाईन बिछाने के क्रम में अच्छी सड़कों एवं नालियों को तोड़ दिया गया है एवं उसे पुनः उसी रूप में निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके कारण राजधानी वासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिन मुहल्लों में पांच वर्ष पूर्व पाईप लाइन बिछा दिया गया है, वहां अभी तक पेयजलापूर्ति नहीं हो रहा है, जिसके कारण नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसपर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि योजनाओं को धरातल में उतारने में कई समस्याएं आती हैं। हरमू के जलमीनार को लेकर भी आपत्ति हुई। इस तरह विलंब हो जाता है। एनएचएआई से क्रांसिंग का एनओसी लेना काफी जटिल काम है, एनएचएआई का मामला भारत सरकार का है। सीपी सिंह से कहा गया कि आप भी अपनी विधायी ताकत का इस्तेमाल करें। इस पर सीपी सिंह ने कहा कि मैंने जो पूछा उसे पचा गए। मैं पचने नहीं दूंगा, दिशा की बैठक में एनएचएआई से चर्चा की थी, पाइप बिछा दिया है, पानी कब मिलेगा पता नहीं।



# जंगी जहाज 'तवास्य' को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने देश को किया समर्पित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित जंगी जहाज 'तवास्य' के जलावतरण समारोह में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित यह जहाज रक्षा क्षेत्र में हमारी मजबूती का प्रतीक है। इसके माध्यम से समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और मजबूत होगी। 7000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इस जहाज का निर्माण भारत में किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेक इन इंडिया ने रक्षा क्षेत्र को ऊर्जा दी है। यह मेरा सौभाग्य है कि भारतीय रक्षा क्षेत्र को दुनिया के साथ कदमताल करते हुए देख रहा हूं। यह जंगी जहाज भारतीय नौसेना को अगले दो दशक से अधिक समय तक हमारी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सहयोग करेगा। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की यह यात्रा जारी रहेगी। इस दौरान राज्यसभा सांसद सदानंद तनावड़े, लोकसभा सांसद विरियाटो फर्नांडीस, वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह और राजाराम स्वामीनाथन, जीएसएल के सीएमडी ब्रजेश उपाध्याय सहित गोवा शिपयार्ड परिवार, भारतीय नौसेना परिवार व स्थानीय नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

जेपीएससी नियुक्ति घोटाला

## आरोपी हेमा प्रसाद को नहीं मिली अग्रिम राहत, याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची की सीबीआई कोर्ट ने जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाला मामले में आरोपी हेमा प्रसाद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे उसकी मुश्किलें बढ़ गई है। याचिकाकर्ता की ओर से दाखिल याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने एक मार्च को अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। मामले में अब तक अदालत ने 30 से अधिक आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

## गैर इरादतन हत्या मामले में पति को 10 साल की कारावास

**रांची।** अपर न्यायायुक्त की अदालत ने 22 मार्च को पत्नी की गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दोषी अभियुक्त पति जतरू कच्छप को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने 20 मार्च को उक्त आरोप में दोषी पाया था। अभियुक्त धुर्वा थाना क्षेत्र के जोजोसोरिंग गांव निवासी है। शादी के एक साल के अंदर ही 13 मार्च 2022 को मामूली विवाद को लेकर नवविवाहिता को मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## औद्योगिक विकास में बाधक साबित हो रहा सीएनटी एक्ट : चेंबर

**रांची।** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के लैंड रिफॉर्म्स उप समिति की बैठक शनिवार को चेंबर भवन में हुई। बैठक में एसपीटी एक्ट और खासमहल भूमि की समीक्षा के लिए राज्य सरकार की ओर से गठित कमिटी पर चर्चा की गई। चर्चा के क्रम में उप समिति चेयरमैन रमेश साहू ने कहा कि इस कमिटी में झारखंड चेंबर का प्रतिनिधित्व जरूरी है। कमिटी के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके इसके लिए यह भी जरुरी है कि दुमका बार काउंसिल से भी एक विशेषज्ञ अधिवक्ता को शामिल किया जाए। बैठक में कहा गया कि खासमहल कानून की समीक्षा कर इसका निराकरण 45 दिनों के अंदर करने के लिए भू-राजस्व मंत्री ने इस कमिटी का गठन किया है। जरूरी है कि खासमहल से प्रभावित जिलों से पांच-पांच सामान्य लोगों और स्थानीय जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों को भी उक्त कमिटी में सदस्य मनोनित करने की व्यवस्था की जाए।

**कारखानों के राज्य की प्रगति संभव नहीं**

उप समिति चेयरमैन साहू ने कहा कि जब कानून बनाया गया था तब अंग्रेजों का शासनकाल था। उस समय उद्योग और कल-कारखानों की उतनी आवश्यकता नहीं थी, लेकिन वर्तमान में बिना कल-कारखानों के राज्य की प्रगति संभव नहीं है। झारखंड में सीएनटी और एसपीटी एक्ट के साथ खासमहल के कारण व्यापारियों और उद्यमियों को उद्योग लगाने एवं विस्तार करने में एक्ट तथा खासमहल बाधक साबित हो रहा है। यह अति गंभीर विषय है जिसपर औद्योगिक संस्थान या बार काउंसिल के सदस्य ही उपयुक्त परामर्श दे सकते हैं। चर्चा के दौरान इस मुद्दे पर उप समिति ने विभाग को पत्राचार करने की भी बात कही गई।

## आदिवासी समाज की भावनाओं का सम्मान करे सरकार : विजय शंकर

**रांची।** आदिवासी मूलवासी



जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने रांची बंद पर कहा कि राज्य सरकार आदिवासी समाज के भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।
आदिवासी समाज लगातार तीन महीनों से आंदोलनरत है, फिर भी इनके कानू में जूं तक नहीं रेंग रहा है। श्री नायक ने कहा कि सिरम टोली के मुख्य द्वार पर फ्लाई ओवर से रैम्प हटाने की मांग को लेकर आदिवासी समाज द्वारा मानव श्रंखला बनाया, जिसकी अनदेखी की गई। इसके बाद आदिवासी विधायकों एवं भाजपा के रांची सासंद, विधायक का पुतला दहन किया। फिर भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

# हत्या मामले में महिला सहित 4 गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को मोतीलाल कुमार के सिकिदरी निवासी सुबरा कुम्हार ने थाना में लिखित शिकायत दी कि अज्ञात अपराधियों द्वारा इनके पुत्र अनिल प्रजापति उर्फ बबलू की हत्या कर शव को सुरसु चैक डैम के पास स्थित खेत में गाड दिया है। वहीं, मामले का उद्भेदन करने के लिए रांची डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देशन में सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस अनुसंधान के दौरान पुलिस को पता चला की मृतक अनिल प्रजापति का गांव के ही रहने वाली एक विधवा महिला संगीता देवी से प्रेम प्रसंग रहा था। वहीं अनिल काम करने के लिए चेन्नई गया जिस दौरान संगीता देवी का एक अन्य व्यक्ति विकास केवट से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। अनिल के चेन्नई से लौटने के बाद उसे जानकारी मिली की संगीता का किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा जिसके बाद अनिल ने संगीता को समझाने की कोशिश की और धमकी दी की संगीता के प्रेम प्रसंग के बारे में सभी को बता देगा। जिसके बाद संगीता ने अपने प्रेमी विकास केवट और अन्य दो आरोपी अमर कुमार केवट और मिहिर महतो के साथ मिल कर अनिल को चैक डैम के पास बुलाया और पत्थर से वार कर उसकी जान ले ली। वहीं मौके से मृतक का फोन लेकर फरार हो गए। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संगीता सहित अन्य तिन आरोपियों की गिरफ्तार किया गया।

# दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने आरोपी को किया बरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची की अदालत ने दुष्कर्म मामले की दो नाबालिग पीड़िता अपनी गवाही के दौरान अपने पूर्व बयान से मुकर गई। इसका लाभ डोरंडा निवासी आरोपी अजय टोप्पो को मिला। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 22 मार्च को ट्रायल फेस कर रहा आरोपी अजय टोप्पो को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु कुमार सिंह ने मामले में बहस की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी को 27 दिसंबर 2024 को जेल भेज गया था। जेल में रहते हुए ट्रायल फेस कर रहा था। घटना को लेकर पीड़िता ने 16 जुलाई 2022 को डोरंडा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि मैं 11 जुलाई 2022 को अपने दोस्त के साथ उसके घर गई थी। जहां




अजय टोप्पो और अन्य दो लोग बैठे थे और नशे थे। उसने पैसे लेकर हम दोनों का सौदा किया। दोनों को गाड़ी में बैठाया और 10 माईल रोड की तरफ एक होटल में ले जाकर दोनों का दुष्कर्म किया। इसके बाद उसी रात धुर्मा डैम के पास सीआरपीएफ कैंप के पास एक मकान में ले गया। जहां अन्य चार लोग आया। इसमें से दो ने दुष्कर्म किया। लेकिन अदालत में गवाही के दौरान दोनों पीड़िता मुकर गई। मामले में अभियोजन पक्ष ने तीन लोगों को गवाही कराई थी। यह फैसला पांच कार्य दिवस में आया है।

# संविदाकर्मियों को स्थाई करे सरकार : जयराम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र में



शनिवार को भोजनावकाश के बाद जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने सरकार से बिजली विभाग में पिछले 10 वर्षों से संविदा पर काम कर रहे कर्मियों को स्थायी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के लिए स्मॉर्ट मीटर का कोई औचित्य नहीं है। विधायक ने कहा कि बिल अधिक होने पर विभाग बिजली कनेक्शन काटता है और सीधा एफआईआर दर्ज करता है, जबकि विभाग को मुहलत देनी चाहिए। वहीं लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि चतरा के गढ़ा गांव में 14 बिजली के पोल नहीं गाड़े जाने की वजह से पावर ग्रिड को शुरू नहीं किया जा रहा है। सरकार बिजली के पोल को जल्द गाड़ने की प्रक्रिया शुरू करे।

**सार्वजनिक उपक्रमों में नहीं हो रही नियुक्तियां : उमाकांत**

झामुमो विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में कोई नियुक्ति नहीं हो रही है। उन्होंने पूर्ववर्ती रघुवर सरकार पर जनजातियों की योजना के पैसे को मोमेंटम झारखंड के नाम पर उड़ाने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि रघुवर शासन में 238 एमओयू हुए, लेकिन एक भी उद्योग को धरातल पर नहीं उतारा गया। राज्य की 350 एकड़ जमीन को बड़ी कंपनियों को दे दिया गया।

**पावर प्लांट का शिलान्यापस किया, लेकिन चालू नहीं : तिवारी**

भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वर्ष 2014 में भवनाथपुर में पावर प्लांट का शिलान्यास किया था, लेकिन सरकार बताए कि उस पवर प्लांट का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि प्लांट को लेकर किसी ने सरकार को फिजिबिलिटी तो जरूर दी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो यहां पवन उर्जा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इसपर सरकार काम करे। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग स्मार्ट मीटर से त्रस्त होकर लोग फिर से ढ़िबरी युग में लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली के 116 सबस्टेशन के मुकाबले 100 सबस्टेशन ही हैं। वहीं 35 पावर ग्रिड हैं, जबकि 53 पावर ग्रिड की राज्य में जरूरत है।

## श्री हनुमान मंडल का वार्षिक महोत्सव आज

**रांची।** श्री हनुमान मंडल, रांची का 47वां वार्षिक महोत्सव रविवार को प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में आयोजित है। प्रातः 7 बजे गणेश पूजन के बाद श्री बालाजी की अखण्ड ज्योत, 8:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक 500 श्रद्धालु भक्तों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ, 9 बजे से छप्पन भोग सहित सवामणि का भोग और दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक भजन प्रवाह होगा। रात्रि 9 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण होगा।

# लबिंत दाखिल -खारिज वादों के लिए अंचलों में शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्दश पर शनिवार को जिले के विभिन्न अंचलों में 10 डिसमिल से कम के बिना आपत्ति 30 दिनों और आपत्ति के साथ 90 दिनों के मामलों के निष्पादन के लिए दाखिल-खारिज राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। रांची जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज के मामलों मे निष्पादन के लिए राजस्व शिविर का आयोजन करते हुए




विभिन्न अंचलों में 10 डिसिमल से कम बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के मामलों का निष्पादन करते हुए शिविर में आवेदकों को करेक्शन स्लिप निर्गत किया जा रहा है। दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों उपस्थित है।

## राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी करने घर पहुंच रहे दुकानदार

**रांची।** ई-केवाईसी सप्ताह में जिला के राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित पीला एवं गुलाबी राशन कार्डधारियों के निवास स्थान पहुंच जन वितरण प्रणाली दुकानदार उनका ई-केवाईसी कर रहे हैं। 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को राशन कार्डधारियों के निवास स्थान जाकर ई-केवाईसी का कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गयी है। कार्डधारियों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के लिए ई-केवाईसी प्ताह का आयोजन किया गया है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला के सभी पीला एवं गुलाबी राशन कार्डधारियों से ई-केवाईसी अवश्य कराने की अपील की है।

## अंचलों के म्यूटेशन शिविर में 3467 मामले स्वीकृत, 829 खारिज

**रांची।** रांची जिले के विभिन्न अंचलों में कैंप लगाकर शनिवार को दस डिसमील से कम जमीन के दाखिल- खारिज के मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें बिना आपत्ति वाले( 30 दिन) और आपत्ति वाले ( 90 दिन) दोनों मामले शामिल थे। कुल 3467 मामले स्वीकृत किए गए जबकि 829 को अस्वीकृत किया गया। अरगोड़ा में 10 में सात, अनगड़ा में 292 में से 62, बड़गाई में 144 में 24, बेड़ो में 119 में 22, बुंडू में 10 में सात, बुढ़मू में 220 में 32, चान्हो में 207 में 46, हेहल में 33 में 25, इटकी में 92 में 25, कांके में 486 में से 57, खलारी में एक में शून्य, लापुंग में 22 में 22, मांडर में 328 में 53, नगड़ी में 101 में 46, नामकुम में 514 में 192, ओरमांझी में 307 में 58,राहे में दो में दो, रातू में 474 में 122, शहर अंचल में 63 में से 15, सिल्ली में 14 में शून्य, सोनाहातू में दो में दो, तमाड़ में 26 में 10 मामले स्वीकृत किये गए।

डोरंडा में अपराधियों ने की गोलीबारी, तीन लोगों को लगी गोली, कई घायल

# बच्चों की लड़ाई का हवाला देकर गोलीबारी की रची साजिश : पुलिस सूत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के डोरंडा इलाके के बेलदार मोहल्ला में शुक्रवार देर रात आपसी विवाद में दो गुटों में जमकर मारपीट और गोलीबारी हुई। सभी घायलों का अस्पताल में भर्ती किया गया है। गोलीबारी में तीन लोगों को गोली लगी जिसमे तबरेज, नदीम और फिरोज शामिल हैं। वहीं, मारपीट में इमरान, शमीम, एहतेशाम बुरी तरह घायल हो गए थे। सभी को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है जिसमें से एक की स्थिति गंभीर है।

दरअसल, विवाद का कारण स्पष्ट नहीं हुआ हालांकि कई कारण विवाद के बताये गए। लेकिन पुलिस सूत्रों के बताया की बेलदार मोहल्ला और कसाई मोहल्ले के



बच्चों में लड़ाई शुरू हुई जिसके बाद दोनों मोहल्ले के अन्य लोग लड़ाई में शामिल हुए, बच्चों की लड़ाई का हवाला देते हुए आपसी रंजिश के तेहत इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया की मोहल्ले वालों में मोईन नामक व्यक्ति ने गोली बारी का आगाज किया था।

**22 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

वहीं घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी, हटिया डीएसपी, कोतवाली डीएसपी समेत तीन थाना डोरंडा, चुटिया और लोअर बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। माना जा रहा है कि विवाद में हत्या की नियत से ही गोलीबारी की गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाशों के हौसले बुलंद हैं और उनके अंदर पुलिस का खौफ नहीं है। बता दें कि पुलिस को मौके से खोखा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। घटना जे बाद घायलों के परिजनों ने डोरंडा थाना में लिखित शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई के दौरन करीब 5 से 6 लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमे महिलाएं भी शामिल है। हालांकि प्राथमिकी 22 लोगों के खिलाफ डर की गई है। अन्य लोगों की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर्र रही है।

बिहार स्थापना दिवस

## राज्यपाल गंगवार ने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिहार राज्य स्थापना दिवस पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इसके गौरवशाली इतिहास की प्रशंसा की। बिहार और झारखंड के बीच अटूट संबंध राज्यपाल ने बिहार और झारखंड के बीच अटूट संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों राज्य केवल भौगोलिक रूप से पृथक नहीं हैं, बल्कि उनकी संस्कृति, परंपराएं, भाषाएं और सामाजिक मूल्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। बिहार के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार के विकास में भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार को ब्रिलियंट, इनोवेटिव, हार्डवर्किंग, एक्शन



ओरियेंटेड और रिर्सोसफुल (बिहार) कहकर उसकी विशेषताओं का उल्लेख किया है। पितृ राज्य व बड़ा भाई की भूमिका में हम लोगों का बिहार राज्य से विशेष लगाव है, यह पितृ राज्य व बड़ा भाई की भूमिका में है। यहां नालंदा एवं विक्रमशीला विश्वविद्यालय जैसे ज्ञान के प्रख्यात केन्द्र थे। उन्होंने सभी से कर्मभूमि के विकास में योगदान देने के लिए आह्वान किया।



# रांची बंद के दौरान तत्पर दिखा जिला प्रशासन

- **मूलभूत सेवाएं एवं आपातकालीन परिस्थितियों में आवागमन बाधित न हो यह भी सुनिश्चित किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सिरम टोली फ्लाई ओवर के संबंध में कतिपय सरना समिति के सदस्यों द्वारा आहूत रांची बंद एवं चक्का जाम शांतिपूर्ण रहा। पूरे शहर में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूर्णतः मुस्तैद रहा। सभी प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

**● पुलिस-प्रशासन ने संयम से लिया काम**

कई स्थानों पर बंद समर्थकों द्वारा आवागमन को कुछ समय अवरोध करने का प्रयास किया गया। बंद समर्थकों में महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल थे। लेकिन प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस बल द्वारा संयम से कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए स्थिति को सामान्य बनाए रखा गया। बंद के दौरान महिला बंद समर्थकों को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी।

**● आवश्यक सेवाएं बाधित नहीं हुए**

आवश्यक सेवाएं बाधित ना रहें, इस बात को प्रशासन ने सुनिश्चित किया। अस्पताल, एंबुलेंस, दवा की दुकान और परीक्षार्थियों को बंद से किसी तरह की परेशानी न हो यह भी प्रशासन ने सुनिश्चित किया। पुरुलिया रोड सहित अन्य स्थान पर परीक्षा के लिए केंद्र तक पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। सभी प्रमुख स्थलों में प्रदर्शन एवं प्रदर्शनकारियों की वीडियोग्राफी की गई है। इन वीडियोग्राफी का जिला पुलिस द्वारा अवलोकन एवं समीक्षा किया जाएगा, तत्पश्चात आवश्यकतानुसार नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। आज जिला के विभिन्न अंचलों में 10 डिसमिल से कम के बिना आपत्ति 30 दिनों और आपत्ति के साथ 90 दिनों के मामलों के निष्पादन के लिए दाखिल-खारिज राजस्व शिविर का आयोजन किया गया था।

## जाम पर एक नजर



**रातू चट्टी** स्थित आदिवासी विकास परिषद के पास जाम कर्ताओं को समझाते रातू थाना प्रभारी। इस दौरान थाना प्रभारी के ऊपर लाठी उठाती एक महिला जाम समर्थक।



**मांडर** बंद समर्थकों ने मांडर चौक के निकट एनएच 75 को जाम कर रखा है। जाम के कारण सड़क में वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है।



बंद के दौरान **तिलता चौक** रिंग रोड फ्लाई ओवर के नीचे एंबुलेंस जिसे कुछ देर पंडरा में रुकना पड़ा।



**दलादिली चौक** बंद कराती महिलाएं।

## सड़क व रेल बंद करवाने लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए : संतोष अग्रवाल

**रांची।** मोरहाबादी निवासी वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल ने कहा कि सड़क बंद करवाने, रेल बंद करवाने लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। आम आदमी परेशान है, भूखे प्यासे परिवार गाड़ियों में टू व्हीलर पर बैठे हुए हैं हाथ जोड़ रहे हैं लेकिन प्रशासन के लोग कुछ कर नहीं पा रहे हैं। ना ही बंद करवाने लोग वाले लोग कुछ सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह कानपुर से डॉक्टर दंपति मुझे मिले, पहली बार रांची आए थे। उसने पूछा कि रांची में कहां-कहां घूम सकते हैं मैं पतरातु डैम का जिक्र किया। 1 घंटे पहले उसका फोन आया कि आपने बताया था लेकिन यहां तो जाम है हम लोग फंसे हुए हैं। अब आप सोचिए कि दूसरे राज्य में झारखंड का क्या संदेश जाएगा। बगल वाला जो सुना वह बोलता है यह सब राजनीति है सब आदिवासी के हितैषी बनते हैं लेकिन सब आदिवासी का विकास रोके हुए हैं। जय झारखंड। लगा था इस बार पक्ष और विपक्ष मिलकर झारखंड का विकास ही करेंगे सिर्फ।क्या फिर 5 साल का समय लड़ाई झगड़े में निकल जाएगा और उसका असर यह होगा झारखंड फिर 20 साल पीछे चल जाएगा?

## रांची बंद कराने सड़क पर उतरे आजसू पार्टी कार्यकर्ता



**रांची।** रांची बंद को सफल बनाने के लिए आजसू पार्टी के कार्यकर्ता भी सड़कों पर उतरे। पार्टी ने हेमंत सरकार के खिलाफ आयोजित बंद को पूर्णतया सफल बताया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि आज के सफल बंद ने साबित कर दिया कि हेमंत सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता जाग चुकी है। आदिवासी आस्था और विश्वास के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। आदिवासी संस्कृति और अस्मिता को कुचलने की साजिश नाकाम कर दी जाएगी। आजसू कार्यकतार्ओं ने रांची महानगर तथा कांके के इलाकों में बंद को सफल बनाने में सहयोग किया। आजसू पार्टी के झारखंड आंदोलनकारी कुमुद बर्मा, छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम बर्मा, सुरेंद्र लिंडा, महादेव मुंडा एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता बंदी करवाने में शामिल हुए तथा हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांके इलाके में आजसू नेता संजय मेहता अपने कार्यकर्ताओं के साथ सड़कों पर उतरे।

## आदिवासी संगठनों का रांची बंद ऐतिहासिक रहा : बबलू मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची बंद के दौरान केन्द्रीय सरना समिति एवं चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ रांची बंद कराने निकले थे जिसमे हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि रांची के चारों ओर सरना धमार्वालंबी ने सड़क पर उतरकर रांची बंद कराने का काम किया, सरना समाज अपने धर्म की रक्षा के लिए सरना समाज एक जूट है। तीन महीने से लगातार सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प का मामला को लेकर आदिवासी संगठनों द्वारा लगातार जोरदार प्रदर्शन एवं विरोध कर रही है, झारखंड विधानसभा में विधायकों ने केन्द्रीय सरना स्थल सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प का मामला उठाया और विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा जांच समिति बनाकर समस्या का समाधान करने की बात कही थी लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौन है।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक

## अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और नवीकरण का लिया गया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शनिवारको जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग एवं यूएसजी मशीन खरीदने एवं प्रचार-प्रसार पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा 08 सेंटर के रजिस्ट्रेशन एवं अल्ट्रासाउन्ड का निबंधन नवीकरण कुल- 06 की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में समिति द्वारा 08 संस्थानों को मशीन के फॉर्म-इ में एंट्री एवं सर्टिफिकेट जांच के बाद कुल-19 चिकित्सकों का ज्वाइनिंग का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए।

## बिहार सेवा रत्न से सम्मानित हुए साहित्यकार




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व सेवा परिषद ने बिहार निवासी डॉक्टर रजनी शर्मा चंदा, सदानंद सिंह यादव एवं संतोष समर को साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए बिहार स्थापना दिवस पर बिहार सेवा रत्न अवार्ड 2025 प्रदान किया गया। राज्य सरकार, भारत सरकार एवं एससीआई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व सेवा परिषद के अध्यक्ष सुखेंद्र यादव एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक डॉक्टर बीबी राज ने यह सम्मान समारोह गया जिले के गुरारू प्रखंड स्थित सर्वोदय विद्या मंदिर प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें चयनित 21 विद्वतजनों को उनके क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं योगदानों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। रांची में निवासरत तीन साहित्यकार जिसमें हवेली खड़गपुर, मुंगेर के मूल निवासी सदानंद सिंह यादव विलुप्तप्राय गीतों को तो गाते ही हैं साथ ही स्वरचित गीतों को भी स्वरबद्ध कर कई गीत गाए हैं। इन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं। वह लगातार साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं।

पटना, बाढ़ की मूल निवासी डॉ रजनी शर्मा चंदा साहित्य, चिकित्सा , शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के अनेक मंचों पर सुमधुर गीत गजलों की प्रस्तुति दे चुकी है।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में खिचड़ी भंडारे का आयोजन

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी )मंदिर में शनिवार को 871 वॉ खिचड़ी भंडारे का आयोजन हुआ । भंडारा में 1384 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और तृप्ति रूपी आनंद का अनुभव प्राप्त किया। इसके पहले प्रातः भगवान का विश्वरूप दर्शन और नित्याराधन संपादन हुआ। फिर महाआरती, महास्तुति और महभोग के बाद विधिपूर्वक तदियाराधन हुआ ।



### आज / कल




### श्री राम कथा में हुआ वन गमन और केवट प्रसंग

## राम का वनवास सत्य, धर्म और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण का प्रतीक : संगीता

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** हुटुप गौशाला धाम में चल रही श्री राम कथा के छठे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचिका संगीता किशोरी ने वन गमन एवं केवट प्रसंग पर एक मार्मिक कथा प्रस्तुत की। वन गमन का प्रसंग में संगीता किशोरी ने राम के वन गमन की कथा को भावनाओं और त्याग के साथ जोड़ा। जब राजा दशरथ ने राम को अयोध्या का राजा बनाने का निर्णय लिया, तो यह रानी कैकयी की द्वार से उपजी प्रतिज्ञा के कारण राम को अपने परिवार और घर को छोड़कर वनवास जाना पड़ा। किशोरी जी ने इस प्रसंग के माध्यम से यह बताया कि राम का वनवास केवल एक भौतिक यात्रा नहीं थी, बल्कि यह एक महान आत्मिक तपस्वी जीवन का हिस्सा था। राम का वनवास सत्य, धर्म और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण का प्रतीक था। उनके वन गमन ने यह सिद्ध किया कि संसारिक सुख और पद-प्रतिष्ठा से कहीं बड़ा है धर्म और आत्मिक शांति। केवट प्रसंग कथा में केवट के राम से मिलन को भी अत्यधिक मार्मिक रूप से प्रस्तुत किया गया। जब राम और लक्ष्मण गंगा के किनारे पहुंचे और केवट ने उन्हें नाव में बैठाकर पार करने का प्रस्ताव रखा, तो संगीता किशोरी जी ने केवट की भक्ति को बेहद सजीव तरीके से चित्रित किया।



## रमजानुल का महीना तमाम महीनों से सबसे अफजल महीना : आफताब



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** मुबारक रमजान के महीने में बेड़ो प्रखंड के महरू गांव स्थित मस्जिद में अंजुमन इस्लामिया के तत्वावधान में तरावीह की सुन्नत अदा करने के लिए 20 वें रमजानुल को तरावीह की नमाज अदा की गई और कुरान-ए-पाक पढ़ा गया। इस मौके पर सदर मोहम्मद आफताब खान उर्फ मंटा ने कहा कि रमजानुल का महीना तमाम महीनों से सबसे अफजल महीना है। उन्होंने कहा कि रमजान में रोजा रखना फर्ज है और इसी महीने की रात में तरावीह का नमाज पढ़ना सुन्नत है। सेकेट्री साबिर मीर ने कहा कि तरावीह की नमाज के बारे में हदीस शरीफ का मफहुम है कि जिसने ईमान और शबाब को समझकर रमजान की रात में कयाम किया तो उसके सारे पिछले के गुनाह माफ हो जाते हैं।

### कोल फील्ड मजदूर यूनियन के दो दिवसीय अधिवेशन का हुआ समापन

## कारपोरेट घरानों के सहयोग व मजदूरों के अधिकार हनन की बनाई रणनीति : हरभजन

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** एरिया के डकरा वीआईपी सभागार में आयोजित कोल फील्ड मजदूर यूनियन के दो दिवसीय अधिवेशन का समापन शनिवार को हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री हरभजनसिंह सिद्धू तथा कोल फील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह व महामंत्री राघवन रघुनंदन शामिल थे। अधिवेशन के अंतिम दिन सीएमयू के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए में हरभजनसिंह सिद्धू ने कहा कि भारत सरकार ने कारपोरेट घरानों के सहयोग के लिए तथा मजदूरों के अधिकार हनन की जो



रणनीति बनाई है उसके लिए गैर बीजेपी संगठन से जुड़े ट्रेड यूनियन को लंबा संघर्ष करना होगा। केन्द्र में भाजपा सरकार के रहते बीएमएस ऐसे किसी आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेगी, यह गांठ बांध लें। उन्होंने कहा कि आने वाला समय संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए और भी खराब होगा। अगर मिलकर संघर्ष नहीं किए तो मजदूरों का अस्तित्व मिटाने पर सरकार तुल गई है। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि शोषण और जुल्म के खिलाफ समाजवादियों के संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। वहीं राघवन रघुनंदन ने कहा कि पूरे सीसीएल क्षेत्र में संगठन को और मजबूत करें ताकि हम शोषण के विरुद्ध ताकत से लड़ सके। अधिवेषन को उदय सिंह, खुशीलाल महतो, भीमसिंह यादव, विनयसिंह मानकी, रंजीत पांडेय आदि ने भी संबोधित किया। वहीं अधिवेशन के दूसरे दिन उपस्थित अतिथियों व यूनियन सदस्यों ने डकरा अंबेडकर पार्क स्थित डा भीमराव अंबेडकर व डकरा चौक स्थित बाबु वीरकुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर नंदू मेहता, ध्वजाराम धोबी, मिथिलेशकुमार सिंह, राजेश यादव, राजेन्द्र चौहान, अनुपकुमार रजक सहित सीसीएल के विभिन्न एरिया से यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला आयोजित

**झरिया।** डीएवी मॉडल स्कूल में चल रहे अंग्रेजी के तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला शनिवार को संपन्न हुआ। यह कार्यशाला उच्च प्राथमिक शिक्षको के क्षमता संवर्द्धन हेतु आयोजित की गई थी।डीएवी सीएफआरआई की प्राचार्या महुआ सिंह के सानिध्य में एवं डीएवी सी.एम.सी दिल्ली के तत्वाधान तथा प्रशिक्षण और क्लस्टर प्रमुख प्रज्ञा सिंह सह प्रिंसिपल डीएवी बिष्टुपुर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पूरा हुआ। स्कूल में चल रही अंग्रेजी कार्यशाला के निरीक्षण के दौरान प्रज्ञा सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया तथा स्कूल कि प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यशाला से नवीन शिक्षण शैली से रूबरू होते है तथा सीखी गई नई तकनीक के साथ अपने छात्रों को शिक्षित करने में सहयोगी सिद्ध होती है।आगे कहा कि इस व्यापार के युग में बच्चों को इंग्लिश सीखना एवं जानना बहुत जरूरी है तथा उन्होंने यह भी कहा कि कक्षा में अध्यापन कार्य के दौरान जो समस्याएँ उनके समक्ष आया करती हैं,उनका निवारण अवश्य हुआ होगा।इस कार्यशाला में 7 स्कूलो ने भाग लिया। जिसमें डीएवी सीएफआरआई,डीएवी विष्टुपुर,डीएवी चाईबासा,डीएवी जामाडोबा,डीएवी नोआमुंडी,महुदा,सिजुआ है।

### कुरान की शिक्षा हर मुसलमानों पर फर्ज है : महबूब



**रांची।** अल्लाह अपनी भेजी कुरान में हर धर्म, मजहब के मानने वालों के साथ इंसाफ, नेकी किये जाने का हुकुम दिया साथ ही बुराई और जुल्म से रोका। अल्लाह ने दूसरों को किये वादे और कसमें पूरी करने वालों और रिश्वत से दूर रहने वाले मुसलमानों मर्द और औरत दोनों को अच्छे काम के बदले उन्हें इस दुनिया में पाक और आरामदेह ज़िंदगी देगा और आखिरत में उनके अच्छे आमाल का मुकम्मल इनाम देगा। अल्लाह ने कुरान पाक मे मोमिनो को मुखालिफों की साज़िशों से परेशान न होने का हुक्म दिया है और वादा किया है कि वो हर हाल में उनकी मदद करेगा। अल्लाह ने मोमिनो को दुनिया में भेजने के साथ ही कुछ नियम और उसुल भी बताये जिसपर अमल करने का निर्देश दिया।

◆सिर्फ अल्लाह की इबादत करो ◆ मां-बाप के साथ अच्छा सुलूक करो◆ रिश्तेदारों, गरीबों , यतिमोऔर मुसाफि रों का हक अदा करो ◆ फुजूलखर्ची न करो ◆ अगर किसी गरीब, मुहताज की मदद न कर सको, तो नर्मी से जवाब दो ◆ कंजूस न बनो और न ही फुजूल खर्च करो ◆ गरीबी के डर से अपनी औलाद को कत्ल न करो ◆ महिलाओं की इज्जत करो और बदकारी के करीब भी न जाओ ◆ बेगुनाह की जान न लो ◆ यतीमों (अनाथों) के माल में हेराफेरी न करो ◆ हमेशा अपने वादे पूरे करो, 12 तोल-नाप में धोखा न दो ◆अखलाख अच्छा रखो और इंसानियत की मिशाल बनो ◆ घमंड से मत चलो और नजरें नीची रखो, अल्लाह ने कुरआन को हक के साथ उतारा और हक के साथ है। कुरआन में इंसान की बेहतरीन इस्लाह के लिए तमाम तालीमात मौजूद हैं।

### झामुमो चूरी पश्चिमी पंचायत कमेटी के अध्यक्ष बने राहुल कुमार व सचिव कुणाल गंझू



**खलारी।** खलारी प्रखंड के चूरी पश्चिमी पंचायत स्थित भूतनगर में झामुमो खलारी प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख अनिलकुमार पासवान ने किया। बैठक में दर्जनों लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कराया गया। साथ ही झामुमो के नीति सिद्धांतों को बताया गया। बैठक में सर्वसम्मति से चूरी पश्चिमी पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष विजयकुमार गंझू, संजू महली, बादलकुमार गंझू, सचिव कुणाल गंझू, सह सचिव संतोष गंझू, रवि गंझू, प्रीतम गंझू, कोषाध्यक्ष आयुष प्रधान, सह कोषाध्यक्ष सुन्दर गंझू, संगठन सचिव जितेन्द्र गंझू, प्रवीण गंझू, पंकज महली के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अंकित गंझू, अनमोल गंझू, हेमंत गंझू, सोनू गंझू, संजय गंझू को शामिल किया गया है। संचालन महेंद्र चौहान ने किया। बैठक में संयोजक मंडली के राजकुमार गंझू, चितरंजन सिंह, अजीत चौहान, झामुमो के वरिष्ठ नेता नंदू मेहता, गौरवकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### मुरी स्टेशन से उज्जैन के लिए जत्था रवाना

**सिल्ली।** सिल्ली मुरी एवं आसपास के क्षेत्र से उज्जैन देव महादेव महाकाल दर्शन के लिए लगभग 20 महिला एवं पुरुषों का जत्था रवाना हुआ। बताते चले की यह जत्था महाकाल दर्शन एवं साथ ही साथ ओम कालेश्वर, भैरव बाबा आदि का दर्शन करेंगे। दशनार्थियों ने कहा कि हमलोगों का जिंदगी का पहला सफर है की महाकाल का दर्शन करना। उनका दर्शन होने से आत्मा तृप्त हो जाता है। महाकाल दर्शन करने से माना जाता है कि भक्तों का दुख दूर हो जाता है एवं सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### बुढ़मू में कोयला और बालू का अवैध कारोबार चरम सीमा पर

**बुढ़मू।** बुढ़मू में एक बार फिर से अवैध बालू और अवैध कोयला की ढुलाई जारी है। रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक अवैध बालू और अवैध कोयला की ढुलाई हो रहा है। अवैध बालू ढुलाई की बात कि जाए तो अवैध बालू की ढुलाई बड़े बड़े हाईवा वाहन से रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक किया जा रहा है, जिसमें टर्बो ट्रक भी शामिल है। अवैध बालू की ढुलाई हाईवा वाहन से ओवरलोड प्रतिदिन ढुलाई हो रहा है, और अवैध बालू की ढुलाई लगभग सैकड़ो हाईवा वाहन से हो रहा है। हाईवा वाहन से ओवरलोड बालू की ढुलाई हेंदगीर, उमेडंडा, राय पथ से चलकर बुढ़मू और ठाकुरगांव की ओर से जाकर रातू रांची सहित अन्य जगहों पर जा रहा है। साथ ही अवैध कोयला ढुलाई की बात कि जाए तो अवैध कोयला की ढुलाई टर्बो, ट्रैक्टर, पिकअप जैसे 4 पहिया वाहन से जाता है और अवैध कोयला जाने का मुख्य रास्ता छापर, हेंदगिर, कोईयजम, उमेडंडा, सरदार मोड़, आरिद, चलनियां, बेतांगी, गुतरु, गेसवे, सुरीद, बेड़वारी, ठाकुरगांव, बैंक मोड़, रातू, पिठौरिया सहित कई रास्ते शामिल हैं। अवैध कारोबारियों के लिए इन रास्ते अच्छा माना जाता है।

## बर्बाद फसलों का पदाधिकारियों ने लिया जायजा, मांगा आवेदन



**लापुंग।** अन्ततः कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा जिले के उपायुक्त के निर्देश के आलोक में लापुंग प्रखंड में ओलावृष्टि और आंधी से हुई भारी नुकसान को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज और अंचल के राजस्व कर्मचारियों क्रमशः हलधर प्रसाद महतो, जयवीर भगत एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक सुनील जोसेफ मिंज के द्वारा खेतों में जाकर नुकसान का आकलन किया गया। उन्होंने शनिवार की सुबह प्रभावित क्षेत्र के लतरातु और मालगो पंचायत के मालगो, लतरातु, दरन्दा दादगो बलांदु सहित बोकरोंदा पंचायत के कचनपुर सहित अन्य प्रभावित गांवों का दौरा किया। किसानों से मिलकर उन्होंने नुकसान का जायजा लिया। इस मौके पर बलांदु के राम उरांव, नावाटोली के अर्जुन लोहरा सोमा उरांव, गोपीनाथ बडाईक बलांदु के जाल्हा उरांव, नरसिंह उरांव दादगो के मंजन केरकेट्टा, दादगो के बंधना उरांव सहित अन्य प्रभावित किसानों से मिलकर नुकसान का भौतिक सत्यापन किया। वहीं मालगो में राजस्व कर्मचारी हलधर प्रसाद महतो ने अपनी टीम के साथ प्रेम कुमार साहु, विजय साहु सहित अन्य प्रभावित किसानों और उनके परिवार वालों से मिलकर आवश्यक जानकारी ली जबकि बोकरोंदा पंचायत में जयबीर भगत ने नुकसान का जायजा लिया। वहीं सरसा देवगांव में प्रभारी सीआई सुनील जोसेफ मिंज ने गांव का भ्रमण कर नुकसान का जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने कहा कि प्रभावित किसान अंचलाधिकारी के के नाम पर आवेदन दें। आवेदन के साथ प्रभावित फसल की फोटो, जमीन का रसीद, खतियान तथा वंशावली के साथ साथ आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छाया प्रति संलग्न कर जमा करें। इस मौके पर लतरातु पंचायत के उपमुखिया सुखदेव उरांव, पंचायत समिति सदस्य भोले उरांव, कृषक मित्र संदीप उरांव सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## फ्लाईओवर रैंप निर्माण के विरोध में सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो** सिरम टोली सरना स्थल के पास फ्लाईओवर रैंप निर्माण के विरोध में आज विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा रांची बंद रहा, जिसका असर राजधानी रांची शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखा गया। राजधानी में विभिन्न चौक चौराहों पर आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा बैरिकेडिंग कर चक्का जाम किया गया। पिस्का मोड, कटहल मोड, और रिंग रोड गाड़ियों की आवाज आई पर विभिन्न जगहों पर रोक लगा दी गई थी। वही राष्ट्रीय राजमार्ग 39 मांडर थाना के समीप आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं ने बेरीकटिंग कर रोड जाम कर दिया। 8:00 बजे सुबह के करीब आदिवासी प्रार्थना सभा आदिवासी पाड़ा सभा के सदस्य मांडर थाना चौक में पहुंचकर कर सड़क जाम कर दिया यह जाम करीब 2:00 तक रहा। जिस सड़क की दोनों और लंबी गाड़ियों की कतार लग गई। स्थानीय पुलिस के समझाने के बावजूद भी लोग जाम स्थल से नहीं हट रहे थे। सड़क पर ही खाना बनाकर जाम कताओं ने खाया। पुलिस के कड़े परिश्रम के बाद जाम तोड़ा गया। इस दौरान सड़क पर सफर कर रहे लोगों को जाम की वजह से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

### एक दिवसीय किसान मेला- सह- कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

## किसान नई तकनीकी से खेती कर अपने उत्पाद को बढ़ा सकते हैं




**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड में एक दिवसीय किसान मेला- सह- कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में उप परियोजना निदेशक आत्मा, रांची सप्तमी कुमार झा बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित हुए। उपनिदेशक सप्तमी कुमार झा ने कहा कि बदलते मौसम के साथ किसान को अत्यधिक लाभ के लिए अपने खेती की पद्धति में बदलाव लाना अति आवश्यक है। किसान को अपने कृषि कार्य में नवीनतम तकनीक के साथ-साथ अत्यधिक उपज वाली नई प्रभेद का चयन करना इनको और अधिक समृद्ध कर सकती है। लापुंग की बीडीओ उषा मिंज ने प्रखंड में ओलावृष्टि से हुए क्षति का मुआवजा के लिए सभी किसानों को आवश्यक कागजात के साथ-साथ समय अपना आवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशानुसार बिरसा ग्राम- सह- कृषक पाठशाला में किया जाना था। परंतु मौसम खराब होने के कारण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड सभागार में किया गया।

## खेलो इंडिया पैरागेम्स में सिल्ली की सुकृति सिंह साधेगी कांस्य पर निशाना



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** 20 मार्च से 23 मार्च तक आयोजित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में चल रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में कल बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली की सुकृति सिंह (झारखंड) और भावना (हरियाणा) से कांस्य पदक में भाग लेंगे। वहीं पिछले 2024 में पंजाब में सीनियर राष्ट्रीय पारा तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुकी 2025 में राजस्थान में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय पारा तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीती थी दूसरी ओर 2015 में सुकृति ने रोड एक्सीडेंट में अपना एक पैर खो दी थी फिर भी हिम्मत नहीं हारी। उनकी माता मीरा देवी कहती हैं कि मेरी बेटी के लिए एकेडमी वरदान साबित हो रहा है।एकेडमी के संरक्षक सुदेश महतो और नेहा महतो के साथ साथ प्रकाश राम एवं शिशिर महतो का आभारी हूं जिसके चलते मेरी बेटी अपना झारखंड राज्य का नाम रोशन कर रही है। झारखंड की रिकॉर्व की पहली तीरंदाज है। 22 जुलाई 2023 से बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली में प्रकाश राम और शिशिर महतो से निरंतर प्रशिक्षण ले रही है इससे पूर्व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडू से प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक सुचिता ने इंडियन राउंड से शुरूआत की थी। यहां तक का सफर को पूरा करने में बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो अध्यक्ष नेहा महतो का ही सोच से आज कई पारा तीरंदाज उभर कर सामने आ रहे है अभी तक एकेडमी से कई पारा तीरंदाज ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। आज के मेडल मैच के लिए खिलाड़ी और कोच ने शुभकामनाएं दी।

### दावत-ए-इफ्तार में मांगी देश के लिए खुशहाली की दुआएं



**खलारी।** समाजसेवी इकबाल अंसारी के महावीरनगर स्थित आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी रोजेदारों ने देश की सलामती व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। साथ ही सभी ने मिलकर एक साथ दावत-ए-इफ्तार का लुत्फ उठाया। मौके पर उपस्थित आरपीआई अंबेडकर के जिला सचिव असलम अंसारी ने कहा कि इफ्तार आपसी भाईचारा व सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का जरिया है। इस अवसर पर रिजवान अंसारी, परवेज अंसारी, सरताज अंसारी, अनवर अंसारी, सदाकत अंसारी, गुलरेज अंसारी, शाहिद अंसारी, अनीस अंसारी, दानिश, सोहेल, दिलशान, आलम, अरमान आदि उपस्थित थे।

## सीयूजे के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दिया गया विकसित भारत का मंत्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के ऑडिटोरियम में शनिवार को विकसित भारत-2047 की ओर भारत की यात्राः एक टिकाऊ और लचीले भविष्य के लिए सामाजिक समानता, आर्थिक विकास और वैश्विक अंतर्निर्भरता के बीच तालमेल की खोज विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। यह सम्मेलन विद्वानों, नीति-निमार्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों के लिए भारत के विकास का रोडमैप और सतत आर्थिक प्रगति पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। सम्मेलन की शुरूआत भारत की औद्योगिक प्रगतिः वैश्विक पारस्परिकता, तकनीकी व्यवधान और सतत विकास के बीच संतुलन विषय पर चर्चा से हुई। इस सत्र का संचालन डॉ नितेश भाटिया (डीबीए, सीयूजे) ने किया। इसमें प्रो अजय सिंह (दिल्ली विश्वविद्यालय), इंद्रजीत यादव (निदेशक, एमएसएमई, रांची), संजीव कुमार (सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक, मेकॉन, रांची) और प्रो भगवान सिंह (डीबीए, सीयूजे) ने भाग लिया। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने कहा कि किसी देश को नष्ट करना हो, तो उसकी शिक्षा प्रणाली को नष्ट कर दो।

**सम्मेलन में तकनीकी सत्रों का आयोजन :** सम्मेलन के दौरान तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। इनमें मानव पूंजी विकास, शासन और नीति रूपरेखा, तथा वैश्विक अंतर्निर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। शोधकताओं ने उद्यमिता, वित्तीय समावेशन, सतत वित्त, वैश्विक व्यापार नीति और वित्तीय संकटों के दौरान आर्थिक लचीलापन जैसे विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत किए। विद्वानों ने उन नई नीतिगत रणनीतियों और आर्थिक मॉडलों पर विचार किया जो भारत को अधिक सतत और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। समापन सत्र का शुभारंभ दोपहर 1 बजे डॉ बटेश्वर सिंह (संयोजक) द्वारा स्वागत संबोधन से हुआ। इसके बाद गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (बिलासपुर) के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने समापन भाषण दिया। उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उद्यमशील मानसिकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक छात्र को लें, उसे तैयार करें। वह हमें विकसित भारत की ओर ले जाएगा।

### उपदेश को व्यवहार में भी लाएं : प्रो चक्रवाल

प्रो चक्रवाल ने नौकरी चाहने वालों की बजाय अधिक उद्यमियों और अर्थशास्त्रियों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समस्याओं की पहचान कर उनके व्यावहारिक समाधान निकालने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो उपदेश दिया जाए, उसे व्यवहार में भी लाना चाहिए। प्रो अजय कुमार सिंह (अधिष्ठाता और प्रमुख, वाणिज्य और व्यवसाय संकाय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने अपने संबोधन में कहा कि भारत हमेशा से अवसरों की भूमि रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत हमारे लिए कोई नया विचार नहीं है। भारत पहले भी विकसित था जब व्यापारी यहां व्यापार करने के लिए आते थे। उन्होंने महाकुंभ मेले का उदाहरण देते हुए इसे प्रबंधन के एक उत्कृष्ट केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे भारत की संगठनात्मक दक्षता का परिचय मिलता है। प्रो रवि नारायण कर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) पर चर्चा की और छात्रों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रणाली में वैश्विक दृष्टिकोण को शामिल करना आवश्यक है, लेकिन साथ ही भारतीय शैक्षिक परंपराओं का संरक्षण भी महत्वपूर्ण है।

### शिक्षा राष्ट्रीय विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार

केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने अपने अध्यक्षीय भाषण में उद्यमशीलता और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता को दोहराया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना ही किसी राष्ट्र को विकसित बनाने की कुंजी है। यदि हमें स्वतंत्र बनना है, तो हमें पहले आंतरिक रूप से आत्मनिर्भर बनना होगा। प्रो दास ने ऑर्गेनिक थिंकिंग को नीति-निर्माण और आर्थिक सुधारों में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताया और कहा कि यदि किसी देश को नष्ट करना हो, तो उसकी शिक्षा प्रणाली को नष्ट कर दो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का अर्थ विकसित केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड भी होना चाहिए।

### लापुंग और बेड़ो के भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के लिए चार नामों में से एक नाम महिला कार्यकर्ता का जरूरी : रामकुमार दुबे

**नवीन मेल संवाददाता। बेडो./ लापुंग** लापुंग और बेड़ो भाजपा मंडल में संगठनात्मक विषय को लेकर अलग अलग बैठक का आयोजन किया गया। लापुंग भाजपा मंडल की बैठक की अध्यक्षता नंदलाल साहु एवं संचालन किश्वर नाग ने किया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण के सचिव व लापुंग मंडल चुनाव के प्रभारी चुडामणी महतो व सह प्रभारी दुखहरण सिंह मौके पर मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर रतन नायक, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष कृष्णा कुमार, राम प्रसाद साहु, चितरंजन कुमार, रोहित बडाईक, विजय कुमार सिंह, अनिल साहु, हिंदुआ मुंडा सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर बेड़ो भाजपा मंडल की बैठक बेडो मण्डल के अध्यक्ष बलराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर बेड़ो मण्डल के चुनाव प्रभारी राम कुमार दुबे मुख्य रूप से उपस्थित हुए । उनकी उपस्थिति में प्रस्तावित मण्डल अध्यक्ष एवं मण्डल प्रतिनिधि के नामों का पैनल बनाने के लिए बैठक किया गया। बैठक के दौरान राजीव रंजन अधिकारी, जगरनाथ भगत, गणेश महथा, मनोज कुमार साहु, बिरसा उरॉव, मनोज सिंह, सुरेश महतो, आनंद साहु, आदित्य कुमार ताम्रकार सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। बेडो.मण्डल चुनाव प्रभारी राम कुमार दुबे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के मण्डल में निवास करने वाले प्रदेश के नेता, मण्डल के वरिष्ठ नेता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष, मण्डल पदाधिकारीगण, मंच मोर्चा के अध्यक्ष सहित अन्य से विचार-विमर्श कर बेड़ो मण्डल के प्रस्तावित अध्यक्ष के लिए चार नाम में से एक नाम महिला कार्यकर्ता का जरूरी है।



### जल्द चुने जाएंगे मंडल अध्यक्ष, प्रकिया पारदर्शिता और लोकतांत्रिक तरीके से अपनाई जाएगी

## एक नजर

### राकोमयू के सत्ता और विपक्षी दल ने किया दावते इफ़्तार का आयोजन

**रामगढ़।** अपनी वर्षों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सत्ता और विपक्षी दल ने अलग-अलग स्थलों पर शुक्रवार शाम दावते-इफ्तार का आयोजन किया । सत्ता पक्ष के अध्यक्ष महेश प्रसाद, सचिव पीके सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा, विजय हेम्ब्रोम, हीरालाल राम, सह सचिव मो मोइनुद्दीन, मुन्ना विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजकिशोर गंझू, अमरनाथ कुमार, बबन सिंह, निर्दोष झा, सुरेश प्रसाद, सहित पूरी टीम ने ड्राईवरहाट सामुदायिक भवन में दावते-इफ्तार का आयोजन किया। दावते-इफ्तार में वेस्ट बोकारो के सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत किया। टीम के उक्त सदस्यों के अलावा टीम के बबन सिंह आदि रोजेदारों के इस्तकबाल के लिए घंटों मुख्य-द्वार पर खड़े रहे।

### भगत दिवस के शहादत दिवस पर मिनी मैराथन आज

**रामगढ़।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी भगत सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर 23 मार्च को मिनी मैराथन का आयोजन होना है। दौड़ेगा रामगढ़ बढ़ेगा रामगढ़ के तहत जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन और सभी खेल संघ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी है। इसे लेकर आयोजन समिति अध्यक्ष राजीव जायसवाल, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, ट्रैफिक थाना के पुलिस पदाधिकारी और बरकाकाना थाना के पदाधिकारी परिक्षित महतो आयोजन समिति के सचिव सीडी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शशि पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष सह गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कालरा, संरक्षक सरदार अनमोल सिंह, कोषाध्यक्ष कीर्ति गौरव, शेखर कुमार सहित आयोजन समिति के कई सदस्यों ने छावनी फुटबॉल मैदान और प्रस्तावित रुट का निरीक्षण किया। साथ ही तैयारी के बाबत विस्तृत जानकारी ली।

### मुखिया संघ के अध्यक्ष ने मांडू बीडीओ को मांग पत्र सौंपा

**गिद्दी।** मांडू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष संजय प्रसाद ने मांडू बीडीओ को पत्र देकर अबुआ आवास के लाभुकों के मनमानी ढंग से चयन की शिकायत किया है। अध्यक्ष ने बीडीओ को सौंपे पत्र में कहा है कि लाभुकों से प्राप्त आवेदन के गठित सदस्यों के जांच दल के जांच के बाद मांडू बीडीओं के 21 दिसंबर 2023 को जारी पत्र के आलोक में योग्य लाभुकों के प्राथमिकता के आधार पर ग्रामसभा के माध्यम से प्रतिक्षा सूची के आधार पर लाभुकों का चयन किया गया था। लेकिन वरियता और ग्रामसभा को अनदेखी कर ब्लॉक को-ऑडिनेटर ने अपने हिसाब सूची तैयार कर प्रखंड के सभी पंचायतों में जिओटैग कराया है। जिसे ग्रामसभा कर प्राथमिकता दिया गया था वह बंचित है। जिससे मुखियाओं के अधिकार का हनन हो रहा है। जिसके कारण सभी पंचायत के ग्रामीणों में आक्रोश है। इसलिए अबुआ आवास के चयन में ग्रामसभा की चयन को प्राथमिकता दिया जाए।

झारखंड अल्पसंख्यक आयोग ने चर्च विवाद पर लिया संज्ञान

# सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए सभी पक्षों के साथ समन्वय : मुन्ना सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

संत स्टीफन चर्च की बाउंड्री और वहां बने निर्माण को लेकर उत्पन्न विवाद के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल शुरू हो गई है। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्रनय, ज्योति सिंह मथारू और बरकत अली ने चर्च का दौरा कर मामले का संज्ञान लिया और समुदाय के लोगों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। शनिवार को हुई इस महत्वपूर्ण यात्रा में आयोग के प्रतिनिधियों ने चर्च परिसर का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से चर्च की स्थिति और प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर न्यायसंगत समाधान निकालने के लिए प्रयासरत है। इस मुद्दे को लेकर हजारीबाग परिसदन भवन में चर्च कमेटी, जिला प्रशासन और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पक्षों ने चर्च की ऐतिहासिकता और समुदाय की भावनाओं का सम्मान करते हुए सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने पर चर्चा की। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने भी चर्च पहुंचकर स्थानीय लोगों को समर्थन दिया और आश्वासन दिया कि उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, हम एकता और न्याय में विश्वास रखते हैं, और इस मामले को सभी उचित मंचों पर उठाया जाएगा ताकि समाधान निकले और किसी भी समुदाय के अधिकारों का हनन न हो। अल्पसंख्यक आयोग ने मामले को सरकार के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है, जिससे चर्च से जुड़े लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ी है। इस पहल से हजारीबाग में सामुदायिक सौहार्द को बनाए रखने में मदद मिलेगी और न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### जीएम ने छात्रा को पढ़ाई की सामग्री पदान किया

**गिद्दी।** अरगड्डा क्षेत्र के जीएम में शनिवार को गिद्दी निवासी माही कुमारी नामक छात्रा को पढ़ाई का सामाग्री प्रदान किया। इसकी जानकारी सिटीजन फोरम स्कूल गिद्दी के प्राचार्य उदयशंकर भट्टाचार्या ने दी है। प्राचार्य ने बताया कि अरगड्डा जीएम ने माही कुमारी का सिटीजन फोरम स्कूल गिद्दी में 5वीं कक्षा में नामांकन कराते हुए उसे स्कूल वैग, किताब, कॉपी पढ़ाई का सामान और स्कूल आने जाने के लिए एक साइकिल प्रदान किया है। साथ ही एक वर्ष का विद्यालय में लगने वाली शुल्क भुगतान करने की भी बात कही है। विद्यालय के प्राचार्य उदयशंकर ने बताया माही कुमारी के पिता नहीं हैं और उसकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए अरगड्डा जीएम ने छात्रा को सहयोग किया है।

## न्यूज | बॉक्स

### टीएसएफ ने नदी तट क्षेत्र की सफाई के लिए 136 लोगों को किया प्रेरित

**रामगढ़।** टाटा स्टील फाउंडेशन और टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के अधिकारियों के साथ करीब 136 युवाओं ने दो दिवसीय सफाई अभियान और जागरूकता कार्यशाला में भाग लिया। जिसका उद्देश्य स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देना था। यह पहल युवाओं में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए की गई, जो भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। टूटी झरना नदी ( भरेचनगर, रामगढ़ ) से लेकर दुनी में बोकारो नदी के तट तक सफाई अभियान चलाया गया। हर साल, टाटा स्टील फाउंडेशन के युवा-केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम रिश्ता (रीजनल इनिशिएटिव ऑन सेफ हेल्थ फॉर टुडेज एडोलेसेंट्स) से जुड़े युवा मानसून से पहले इस नदी सफाई अभियान का नेतृत्व करते हैं। जिससे स्थानीय जल स्रोत स्वच्छ और सुरक्षित बने रहें। यह नदी स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और रिश्ता से जुड़े युवा साथी इसे स्वच्छ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। स्वच्छता अभियान शुरू होने से पहले, प्रत्येक प्रतिभागी ने स्वच्छता का संदेश फैलाने और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली। दो दिवसीय अभियान के दौरान, प्रतिभागियों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। कार्यशाला के दूसरे दिन सतत विकास अभ्यासों, स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्वदेशी उपज के प्रचार पर चर्चा की गई। इसे और आकर्षक बनाने के लिए इंटरएक्टिव क्विज और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी 136 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### उपायुक्त ने की पीएम कुसुम योजना के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक



**रामगढ़।** शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा पीएम - कुसुम योजना के तहत कृषकों के कुल- 500 ऑनलाइन आवेदनों के प्रखंडों से सत्यापन के पश्चात प्राप्त सूचि की स्वीकृति/ अस्वीकृति से सम्बंधित बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि- यह सुनिश्चित किया जाए कि योजना का दोहरीकरण न हो एवं सुयोग्य कृषकों को ही योजना का लाभ मिले ताकि किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ, कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, रामगढ एवं कुज्जु, परियोजना निदेशक, रामगढ़, आत्मा, रामगढ़, उप परियोजना निदेशक आत्मा रामगढ़ .एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

### दो वाहनों की टक्कर में बाल-बाल बचे चालक घटनास्थल पर तुरंत पहुंची पुलिस



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड स्थित शिलाडीह मोड के समीप दो वाहन आमने सामने से टकरा गए। घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन वे रोड में बरही से आ रही कंटेनर संख्या एनएल 01 एबी 1875 और बगोदर से आ रही ट्रक संख्या यूपी 33 एटी 9442 में टक्कर हो गई। इस हादसे कंटेनर चालक को मामूली चोट आई। मौके पर गोरहर पुलिस फोरन घटना स्थल पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क से हटाया। साथ ही सर्विस रोड को चालू किया गया ताकि राहगीरों को परेशानी न हो। विदित हो कि वन वे सड़क के कारण आए दिन हादसा होते रहती है।

### श्रद्धालुओं ने की माता शीतला की पूजा


**रामगढ़।** शीतला अष्टमी को लेकर शनिवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने किला मंदिर के प्रांगण में स्थित माता शीतला की पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता को दुध एवं दही से स्नान कराकर माता को शुद्ध जल अर्पित किया। इसके बाद उन्हें अक्षत, हल्दी, मेहंदी, रोली व कलावा आदि अर्पित किया। माता शीतला की धूप, दीप से पूजा की। साथ ही उनकी आरती उतारी। माता शीतला को भोग लगाने के लिए बसोड़ा से एक दिन पहले ही रबड़ी, हलवा,पकौड़ी, पुआ, मीठे चावल, पूरी समेत सभी पकवान तैयार कर माता को शनिवार को शीतला माता की पूजा के दौरान उन्हें भोग चढ़ाया गया। मान्यता है कि ऐसा करने से मां शीतला साधकों को निरोग रहने का आशीर्वाद देती है। सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।

### खुले में मांस बिक्री पर प्रतिबंध लगाए प्रशासन : दीपक मिश्रा

**रामगढ़।** महानवमी पर्व पर हिंदुओं का असीम आस्था है और इसे पूरे रामगढ़ में धूमधाम से मनाया जायेगा। लेकिन इस दौरान सड़क किनारे खुले में बिकने वाले मांस एवं मछली से हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। इसलिए प्रशासन अविलंब ऐसे दुकानों को बंद करवाए। यह बात विज्ञप्ति जारी कर हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा ने कही। उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि कई जगहों पर खुले में बकरे भी काटे जा रहें है। जिसपर प्रशासन को संज्ञान लेते हुए पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करनी चाहिए। साथ हीं महानवमी के दौरान शराब बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए।

कोल परियोजना चालू करने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# परियोजना को चालू करने के लिए पहल की जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ जिला अंतर्गत माण्डू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना चालू करने को लेकर के संबंधित क्षेत्र के निवासियों की उपस्थिति में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं सांसद हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं मांडू विधायक निर्मल महतो व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा माण्डू प्रखण्ड में कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सांसदों, विधायक, कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना के पदाधिकारियों व ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर ग्रामीणों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं परियोजना के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। उपायुक्त कहा कि इसे चालू करने के लिए पहल की जाएगी, साथ ही परियोजना चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों व सचिवों के साथ की बैठक, कहा

# कोई भी नागरिक मतदाता सूची में निबंधित होने से वंचित न हो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों/ सचिवों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष / प्रतिनिधियों को बताया गया कि संविधान एवं वैधानिक ढांचों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुएल और हैंडबुक (जो भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सचिव/अध्यक्ष / प्रतिनिधिगण से अनुरोध किया गया कि संबंधित क्षेत्रान्तर्गत ऐसे मतदान केन्द्र, जिसमें मतदाताओं को अधिक दूरी तय करना पड़ता हो या ऐसे मतदान केन्द्र भवन जिसकी भौतिक स्थिति में सुधार करने की आवश्यकता हो, उस संबंध में प्रस्ताव उपलब्ध करा सकते हैं। उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सचिव/ अध्यक्ष / प्रतिनिधिगण से अनुरोध किया गया कि वर्तमान में मतदाता सूची में छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम जोड़ने, मतदाताओं के नाम एवं अन्य विवरणी में अपेक्षित सुधार करने एवं मृत/अनुपस्थित आदि मतदाताओं के नाम नियमानुसार विलोपित करने की कार्रवाई सत्त अद्यतनीकरण के तहत की जा रही है। मतदाता सूची में निबंधित होने किसी का नाम न छूटे।

शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों को दिया गया टैब

# टैब मिलने से शिक्षकों को कार्य करने में होगी आसानी : बीईईओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रति विद्यालय एक-एक टैब का वितरण प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा के सभागार में शनिवार को किया गया। कुल 106 टैब वितरण किए गए। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार,बीपीएम धीरज कुमार शर्मा,लेखापाल चंदन सोनी, कंप्यूटर ऑपरेटर विनय कुमार,बीआरपी जागेश्वर साव तथा विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक/शिक्षक उपस्थित हुए। इस दौरान बीईईओ ने उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में जहां शिक्षा को डिजिटल रूप से दिया जा रहा है वहीं विद्यालय स्तर के जितने भी रिपोर्ट हैं सभी को ऑनलाइन करने की आवश्यकता पड़ती है। अब टैब मिलने से शिक्षकों की परेशानियां कम होगी। उन्होंने कहा, शिक्षकों को अब ऑनलाइन उपस्थिति बनाने में सुविधा होगी,लोग जे गुरूजी एप का सही उपयोग कर सकेंगे तथा सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार के प्रशिक्षण और साप्ताहिक मूल्यांकन करने में सुविधा होगी।

### प्रेक्टिकल की परीक्षा देने गई 17 वर्षीय छात्रा हुई लापता



**गिद्दी।** बड़काचुंबा की परीक्षा देने रामगढ़ गई एक 17 वर्षीय छात्रा लापाता है। इस संबंध में छात्रा के पिता ने शनिवार को गिद्दी थाना में गांव के तीन युवक पर उसकी पुत्री के बहला फुसला कर गायब करने की लिखित शिकायत किया है। छात्रा के पिता ने गिद्दी थाना में दिए लिखित में कहा है 21 मार्च को 11 बजे वह पुत्री को रामगढ़ के एक कॉलेज में प्रेक्टिकल की परीक्षा देने के लिए पहुंचाया था। पुत्री के परीक्षा देने के लिए कॉलेज में जाने के बाद वह कॉलेज के बाहर गेट पर उसके परीक्षा देकर बाहर निकलने का इंतजार कर रहा था। 1 बजे परीक्षा खत्म होने पर उसकी पुत्री परीक्षा देकर बाहर नहीं निकली तब वह कॉलेज कर्मियों से पूछताछ कि हमारी बेटी कहां है लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। छात्रा के पिता ने थाना में दिए लिखित में कहा है इसके पहले भी उसके पुत्री को गांव के युवक ने अपने घर में बहला फुसला कर छुपा कर रखा था। जिसे बाद में पंचायती होने पर उसकी पुत्री को बरामद किया गया था। छात्रा के पिता ने कहा उक्त युवक विगत शुक्रवार को रामगढ़ गया था।

मिशन हॉस्पिटल में बाल चिकित्सा सर्जरी की हुई शुरूआत

# अब लोगों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर सस्ता होगा इलाज : डॉ. जैनेन्द्र कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलंबस मिशन हॉस्पिटल में बाल चिकित्सा सर्जरी की शुरूआत हुई। बाल चिकित्सा सर्जन सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जैनेन्द्र कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एक बच्चे की सफल सर्जरी की गई। डॉ. जैनेन्द्र कुमर ने कहा कि अब लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। गरीब लोगों को बाहर जाकर इसका इलाज कराने में काफी पैसों का खर्च होता था और लोगों की परेशानी भी बढ़ती थी। बच्चे की जन्मजात स्तिथि से ही अंडकोष थैली में नहीं उतरा था। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जैनेन्द्र कुमार के सफल सर्जरी से लिंग के नीचे के थैली में अंडकोष सफलतापूर्वक उतारा गया एवं सही स्थान पर रखा गया। बच्चे की सफल सर्जरी से उनके परिवार एवं संबंधियों में खुशी लहर दौड़ गई। मिशन अस्पताल परिवार को धन्यवाद एवं साधुवाद ज्ञापित किया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन हॉस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हजारीबाग जिला वासियों के लिए खुशखबरी है। मांग की देखते हुए अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा बाल चिकित्सा सर्जरी प्रारंभ किया है। ताकि मरीज एवं उनके परिवार को स्वास्थ्य संबंधित समास्याओं को सामना नहीं करने पड़े। उन्होंने कहा कि हमारे यहां अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी कार्यरत है। मरीजों की सेवा एवं देखभाल में अपनी अनुकरणीय योगदान दे रहे हैं। मरीजों को उत्तम सेवा एवं देखभाल प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।

# ज्वलंत मुद्दों को लेकर 24 मार्च को झाराविसंमो का झाविस मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड के ज्वलंत मुद्दों को लेकर झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा सह पूर्व सांसद भूवनेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में 24 मार्च को झारखंड विधानसभा मार्च किया जाएगा। आगामी कार्यक्रम को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भूवनेश्वर मेहता ने बताया कि विस्थापन एवं नियोजन नीति बनाने एवं विस्थापन आयोग का गठ्न करने, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को लागू करने एवं उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण नहीं करने, हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़क ागॉव के गोन्दलपुरा, बादम और मोइत्रा कोल ब्लॉक के आवंटन को रद्द करने, गैर मजरूवा जमीन के भूमि बैंक को रद्द करने एवं दखल कबजे एवं बन्दोबस्त जमीन का रसीद चालू करने एवं अधिग्रहण होने पर रैयती का मान्यता देकर मुआवजा एवं अन्य सुविधा देने, उद्योग में जरूरत से अधिक अधिग्रहण किये गए जमीन किसानों को वापस करने और जेल की बाध्यता खत्म कर सभी आन्दोलनकारियों को पचास-पचास हजार रूपया सम्मान राशि एवं ताम्र पत्र देने संबंधित मांगों को लेकर इन सभी मुद्दों से जुड़े आन्दोलनकारी संगठनों द्वारा विधानसभा मार्च कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस विधानसभा मार्च कार्यक्रम में तकरीबन 20 हजार लोग शामिल होंगे। बताया कि आगामी 24 मार्च को बिरसा चौक रांची स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधान सभा मार्च किया जाएगा।

सांसद ने रामनवमी समिति के बीच अस्त्र शस्त्र का किया वितरण

# धर्म व संस्कृति को ध्यान में रखते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण रूप से मनाने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के गोला रोड स्थित साहू धर्मशाला में 22 मार्च को रामनवमी को भव्य रूप से मनाने के लिए हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा रामनवमी समिति व अखाड़ा के राम भक्तों के बीच अस्त्र शस्त्र का वितरण किया गया। समारोह में भाजपा के पदाधिकारियों, सांसद प्रतिनिधिगण, रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों के साथ छावनी परिषद व नगर परिषद रामनवमी समिति व अखाड़ा के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित हुए। सांसद मनीष जायसवाल के इस पहल से रामनवमी समिति के सदस्यों के साथ साथ रामगढ़ वासियों में भी उत्साह देखने को मिला। उपस्थित समिति के लोगों ने कहा कि पहली बार हजारीबाग के किसी सांसद ने रामनवमी में इस प्रकार का सम्मान और प्रोत्साहन देने का काम किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा रामनवमी हमारे धर्म का एक बहुत बड़ा त्यौहार है, जिसे हिन्दू धर्मावलंबी बड़े धूम धाम से मानते हैं। हर हिंदू भाई बहन को अपने धर्म और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए रामनवमी को भव्य और शांतिपूर्ण रूप से मनाने की जरूरत है। समारोह में लगभग 20 अखाड़ा व समितियों के बीच अस्त्र शस्त्र का वितरण किया गया। वितरण समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री विजय जायसवाल, राजू चतुवेर्दी, हजारीबाग के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामगढ़ विधानसभा के सह सांसद प्रतिनिधि बिनोद राम, सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, खिरोधर साव,दीपक सोनकर, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, संरक्षक राजेश ठाकुर, महासचिव विशाल जायसवाल के साथ रामगढ़ के विभिन्न अखाड़ा व रामनवमी समिति के सदस्य उपस्थित हुए।

# हॉकी सीनियर महिला कोचिंग कैंप के लिए सिमडेगा जिले की 09 खिलाड़ी आमंत्रित




**सिमडेगा।** हॉकी इंडिया के द्वारा सीनियर महिला कोचिंग कैंप 23 से 30 मार्च तक 2025 तक साई सेंटर बैंगलुरु में शुरू होगा जिसमें देश भर के 65 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

इन 65 खिलाड़ियों में सिमडेगा जिला की 09 सहित झारखंड के कुल 13 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। हॉकी झारखंड से खेलने वाले 10 मे से 08 खिलाड़ी सिमडेगा जिला के और 02 खिलाड़ी खूंटी जिला की है जिसमे निक्की प्रधान शामिल है जबकि सिमडेगा से सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे , निक्की कुल्लू , अलबेला रानी टोप्पो, पिंकी एक्का ,नीरू कुल्लू हॉकी झारखंड के इन 10 खिलाड़ियों के अलावा झारखंड के और तीन खिलाड़ियों अंजना डुंगडुंग, सपना भेंगरा एवं सेलेस्टीना होरो को भी आमंत्रित किया गया जो वर्तमान समय में सई सेंटर कोलकाता में है और बंगाल टीम का प्रतिधित्व करते है।

## विश्व जल दिवस के मौके पर बांसजोर के कुरकुरा में बनाया गया बोरा बांध

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर प्रखंड बांसजोर के कुरकुरा में बोरा बांध का निर्माण किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद युवा क्लब कुरकुरा एवं ग्रामीण युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पौलूस किड़ों ने किया। युवाओं ने बोरा में रेत भरकर पानी के बहाव को कम कर बांध का निर्माण किया साथ ही जल संरक्षण हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया। बारिश के पानी को इकट्ठा करके एवं उसके बाद उसका उपयोग करने का उद्देश्य से सभी युवाओं ने बोरा बांध का निर्माण किया।

# सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग ने केलाघाग डैम का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, झारखण्ड राज्य युवा आयोग सदस्य विशाल अम्बर तिर्की, शम्भू प्रसाद एवं अन्य सहयोगियों के साथ सिमडेगा जिले के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल छिंदा जलाशय ( केलाघाग डैम ) का निरक्षण किया। इस क्रम में डैम परिसर में चल रहे योजनाओं की जानकारी लेते हुये वहाँ के मतस्य किसानों एवं स्थानीय महिला मतस्य किसानों को हर संभव मदद करने का अस्वासन दिया साथ ही मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि बेड़ाटोली केलाघाग डैम के अध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव सिपरियन केरकेट्टा, कार्यकारिणी अध्यक्ष इमरोज खान, सदस्य सह समाजसेवी वारिस रज़ा, विनोद टोप्पो से मिलकर केज में चल रहे विकास कार्यों का निरिक्षण किया ।जिसमें पाया की सभी कैजों का देखरेख अच्छी तरह से हो रहा है।

कुछ कमी जैसे सड़क के किनारे लगे बिजली पोल पर भेपर लाइट, पर्यटकों के सुविधा के लिये सोलर जल मीनार और एक शेड की जरुरत को देखते हुये युवा आयोग सदस्य विशाल तिर्की एवं सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग ने संबधित विभाग से जल्द समाधान करने का बात कहा ।इस क्रम में महिला मतस्य किसानों में सुनीता कंडुलना, उषारेन लुगुन, मुंयानी बोदरा, तारकेलेन डांग, पूनम लुगुन, सुबानी लुगुन आदि उपस्थित थें।

# प्राकृतिक आपदा से मची तबाही का कांग्रेस नेताओं ने लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** प्रखंड में शुक्रवार की दोपहर आए प्राकृतिक आपदा आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से जमकर तबाही मची है। इस दौरान लोगों को खासा आर्थिक नुकसान उठाने पड़े है। मामले की जानकारी के उपरांत क्षेत्र के विधायक विक्सल कोंनगाड़ी के निर्देश पर शनिवार को उनके जिला प्रतिनिधि रावेल लकड़ा व अन्य कांग्रेसी नेताओं ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। जोराम के अम्बापानी गांव के प्रमोद कुल्लू, हिरम कुल्लू, अमूस कुल्लू, मुकुट कुल्लू आदि के घरों में लगे एस्बेस्टस तक बर्फबारी में टूट गयी और घरों में पानी लबालब भर गया, जिससे पीड़ित ग्रामीणों के परिवार द्वारा घर से बाहर कर घर को रहने लायक बनाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आंधी-बारिश और ओलावृष्टि ने सबसे ज्यादा महुआ, आम और चिरौंजी जो सिमडेगा जिले का प्रमुख वनउपज है, को बरबाद करने का कार्य किया। महुआ के खोंच ओलावृष्टि के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ जिससे अब उसके फसल के बर्बाद होने की संभावना बढ़ गयी। वही खेतों में लगे मौसमी सब्जियों को भी खासा नुकसान पहुंचा है और टमाटर, बैगन, भिंडी, खीरा आदि की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इसके अलावा ठेठईटांगर के पश्चिमी क्षेत्र में भी बारिश और ओलावृष्टि ने ग्रामीणों को खासा नुकसान पहुंचाने का कार्य किया है। समस्याओं से अवगत होने के उपरांत विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र में ओलावृष्टि से हुई तबाही को विधायक विक्सल कोंनगाड़ी के माध्यम से सरकार तक पहुंचाते हुए ग्रामीणों को राहत स्वरूप मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जल्द से जल्द आंकलन कराने और पीड़ितों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव जमीर खान ने भी क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि उनके समस्याओं को क्षेत्र के विधायक विक्सल कोंनगाड़ी तक पहुंचाने और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में वे सभी कार्य करेंगे।

## सिम्हातु में दो दिवसीय अखण्ड हरि कीर्तन से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**बानो।** प्रखंड के सिम्हातु में दो दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का आयोजन के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर जलाशय पहुंची।कलश यात्रा में 551 महिलाओं ने भाग लिया।कलश यात्रा जलाशय पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्यार के साथ संकल्प कर कलश में जल भरा गया।इसके बाद विभिन्न मार्ग से होते हुए कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंची। जहां कलश की स्थापना किया गया।इसके साथ अधिवास व नामकरण के साथ अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव आरंभ किया गया।वहीं रविवार को पुर्णाहुति व नगर भ्रमण भंडारा कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। इस अवसर पर अखंड हरी कीर्तन पूजा समिति सिम्हातु जीतेंद्र बडाइक, केश्वर बडाइक, भोलाराम बडाइक, चंद्रपाल सिंह, पारस सिंह, दीपक बडाइक, कृष्णा बडाइक, चंद्रमोहन बडाइक, गणेश बडाइक, देवनरायण दास ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री की पहल पर गृह रक्षा वाहिनी लोकसेवक संघ ने जताया आभार

**सिमडेगा।** गृह रक्षा वाहिनी लोकसेवक संघ सयोजक बिपिन पंकज मिंज के द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री एवं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा का आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि पिछले दिनों विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा के द्वारा सदन में उठाए गए मांग होमगार्ड मुख्यालय द्वारा भी मुख्य सचिव गृह कारा आपदा एव प्रबंधन विभाग को भेजा गया है। तदोपरांत मुख्यमंत्री झारखंड सरकार संज्ञान लेते हुए आदेश जारी किया गया है कि झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों को भविष्य निधि योजना सेवानिवृति ओर अन्य लाभ बिहार की तर्ज पर दिया जाए। इस पर संघ ने इसके लिए मुख्यमंत्री एवं विधायक सिमडेगा,कोलेबिरा एवं पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

# नगर निकाय चुनाव के लिए मद्देनजर डीसी एवं पुलिस अधीक्षक ने महिला कॉलेज का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** अगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने शनिवार को महिला कॉलेज सलडेगा , सिमडेगा का निरीक्षण किया ।सिमडेगा जिला प्रशासन नगर निकाय चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर निकाय चुनाव के निमित वज्रगृह, मतगणना केंद्र, चुनावी प्रशिक्षण स्थल, डिस्पैच और रिसीविंग सेंटर, पार्किंग आदि के लिए स्थान चिन्हिकरण के लिए उपायुक्त सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक ने महिला कॉलेज, सिमडेगा का भ्रमण कर स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने चुनावी कार्यों को लेकर स्थल व्यवस्थित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। कॉलेज कैंपस के बाहर गाड़ियों की पार्किंग के लिए झाड़ियां की कटाई-कराई व पूरे परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु नगर परिषद् को निर्देश देने की बात कहीं। तथा कॉलेज परिसर की मतदान केंद्र को मतदान दिवस दिन के लिए बांस से बेहतर तरीके की बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् उपायुक्त ने काउंटिंग हाल एवं डिस्पैच सेंटर बनाने के लिए क्लासरूम का निरीक्षण किया व कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, डीएसपी, जिला परिवहन पदाधिकारी, भवन प्रमंडल पदाधिकारी, थाना प्रभारी, सिटी मैनेजर नगर परिषद, सहित गठित कोषांग के पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

# विश्व जल दिवस : विभिन्न स्कूलों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं सेमिनार का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लीगल लिटरेसी क्लब में जागरूकता शिविर,स्कूलों में रैली और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा में सेमिनार का आयोजन विद्यालय के एनसीसी एवं डालसा द्वारा संचालित लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने विचार रखे। विद्यालय के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार ने विश्व जल दिवस 2025 के थीम ' ग्लेशियर संरक्षण' पर अपना विचार रखते हुए कहा कि ग्लेशियर का पिघलना पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने वैश्विक तापमान* के विषय में बताते हुए कहा कि ग्रीनहाउस गैस के कारण पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा है। मुख्य ग्रीनहाउस गैस कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और सीएफसी मानवीय क्रियाकलाप के कारण पूरे विश्व में बढ़ा है। आधुनिकता के नाम पर हम सभी भोगवादी प्रवृत्ति के हो गए हैं जो समाज के विनाश का कारण बन रहा है। समय रहते हमें सचेत होना होगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप आने वाले कल के नेतृत्व कर्ता है आपको समझना होगा कि समाज के लिए उपयोगी क्या है और क्या नहीं है । उन्होंने कहा कि हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए और घरों में भी पानी बिजली जितना आवश्यक है उतना ही खर्च करना चाहिए।

मौके पर प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा ने कहा कि हमें पानी का सदुपयोग करना है ,अनावश्यक रूप से नल खुला नहीं रखना है। एलिस जोसेफिन कुल्लू अपने व्यक्तिगत रूप से पानी बचाने की चर्चा की। बसंती प्रधान ने कहा कि पृथ्वी जल के कारण नीला ग्रह कहा जाता है परंतु एक प्रतिशत जल ही पीने योग्य है। छात्रा हदिया काजमी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आने वाले समय में पानी की इतनी किल्लत हो जाएगी की राशन की तरह पानी लेने के लिए भी लाइन में खड़े रहना पड़ेगा। छात्र स्मृति कुमारी ने कहा कि विश्व जल दिवस पहली बार 1993 में मनाया गया क्योंकि उसी समय से वैज्ञानिकों को लगा कि जल संरक्षण अति आवश्यक है। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक संजीव कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका प्रियंका बाड़ा ने किया । मौके पर सरिता किड़ो,अमलेंदु पाठी, देवी दयाल, चंद्रकांत सिंह, विक्रांत खाखा,अमन राज,अजय मेहता,अलका कुल्लू आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कई छात्र-छात्राएं तथा एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।लीगल लिट्रेसी क्लब एसएस गर्ल्स हाई स्कूल सिमडेगा में विश्व जल दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों के बीच निबंध,लेखन और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विधिक स्वयंसेवक के द्वारा जल के महत्व एवं जल संरक्षण पर प्रकाश डाला गया।

### रामनवमी प्रबंधक समिति की बैठक आयोजित

# रामनवमी पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

- रामनवमी शोभायात्रा में महावीरी ध्वजा की संख्या बढ़ाने का हुआ निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** रामनवमी प्रबंधक समिति महावीर मंडल सिमडेगा की बैठक शहर की हदय स्थली महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक प्रदीप कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से रामनवमी त्यौहार के दौरान होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार बरणवाल के द्वारा पिछले वर्ष रामनवमी महोत्सव 2024 के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही अयोध्या में श्रीरामलला के मंदिर निर्माण की पहली वर्षगांठ पर महावीर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। रामनवमी के उपलक्ष्य पर 6 दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें सर्वप्रथम 25 मार्च को झंडा पूजन संध्या 7 बजे संपन्न होगा। 3 अप्रैल को वादन, अखाड़ा और गोहार गेम का आयोजन किया जाएगा। 4 अप्रैल को शो-गेम तथा 5 अप्रैल शनिवार को आकर्षक झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी के उपलक्ष्य पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं रामनवमी महोत्सव की विधिवत समाप्ति दिनांक 12 अप्रैल दिन शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर किया जाएगा।रामनवमी प्रबंधक समिति के पदाधिकारी सहित अखाड़ा समिति के अध्यक्ष व सचिव की मौजूदगी में कई प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्य रूप से वादन प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 3 मिनट की समय सीमा निर्धारित की गई। इससे कम समय तक वादन बजाने पर प्रतिभागी इस प्रतियोगिता से बाहर माने जाएंगे। इसी प्रकार बाना प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 01 मिनट तथा बंदिश प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 02 मिनट की समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके अलावा गोहार गेम के लिए न्यूनतम 10 मिनट की समय सीमा निर्धारित किया गया है।वहीं रामनवमी प्रबंधक समिति के कोई भी पदाधिकारी किसी भी अखाड़ा समिति की ओर से प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं बनने पर निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रत्येक अखाड़ा से बड़ा झंडा के अलावा 5 झंडा 10-15 फीट साइज के पाइप आदि में आकर्षक तरीके से सजाकर जुलूस के साथ नगर परिक्रमा करने पर सहमति बनी।जिसके बाद समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने सभी अखाड़ा समितियों से पूरे आयोजन को सफल बनाने में अपेक्षित सहयोग की अपील की। ताकि आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न कराया जा सके।मौके पर संरक्षक डीडी सिंह, श्याम लाल शर्मा, संजय ठाकुर, अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव संजय शर्मा, उपसचिव नवीन सिंह, दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष हरि सिंह, दीपक पुरी, अनुप केशरी, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार बरणवाल, अर्जुन केसरी, रवि चौधरी, सुमित गुप्ता, ऋषि बोंदिया, विष्णु शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## लोमगाटोली स्कूल भवन के अपूर्ण निर्माण का मामला विधायक ने सदन में उठाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक के द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान जलडेगा प्रखंड के लोमगाटोली में स्कूल भवन नहीं होने की वजह से विधानसभा सत्र में मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पिछले बार भी सदन के माध्यम से वहां पर स्कूल नहीं होने एवं विद्यालय भवन निर्माण की मांग की गई थी ,लेकिन इस पर विभाग की ओर से किसी प्रकार की कोई भी ठोस पहल नहीं की गई ऐसे लापरवाह पदाधिकारी के ऊपर विभागीय कार्रवाई हो ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके ।

उन्होंने कहा शिक्षा का महत्व हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है।आज हमारी सरकार शिक्षा के प्रति बहुत ही संवेदनशील है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर घरों में शिक्षा का दीप जलाना चाहते हैं।यही कारण है कि राज्य के हर जिले में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खोला जा रहा है। भवन नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं को पठन पाठन में कठिनाई होती है। इससे लगता है कि कहीं न कहीं सरकारी तंत्र इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिसभी अधिकारी द्वारा इस प्रकार का लापरवाही किया जा रहा है। उन्होंने सदन के माध्यम से जल्द वहां पर विद्यालय भवन निर्माण कार्य शुरू करने की मांग उठाई है।

## क्रिसमस, ईद के लिए 3-3 व कब्र पर्व के लिए एक दिन अवकाश मिले : भूषण बाड़ा

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विस सत्र के शून्यकाल में ईसाई एवं मुस्लिम समुदाय के पर्व त्योहार के सरकार द्वारा जारी अवकाश तालिका में सुधार कराने की मांग की है। विधायक ने सत्र के माध्यम से सरकार से ईसाई समाज के कब्र पर्व के लिए दो दिन, क्रिसमस, ईद एवं बकरीद के लिए 3-3 दिन, मुहर्रम के लिए दो दिन एवं पुण्य बृहस्पतिवार, गुडफ्राइडे व ईस्टर को मिलाकर कुल 4 दिन के अवकाश की घोषणा करने की मांग की है। विधायक ने सरकार को बताया कि सरकार के अवकाश तालिका में काफी भिन्नता देखने को मिलती है। जो न्याय संगत नहीं है। ईसाई समुदाय का पुण्य बृहस्पतिवार, कब्र पर्व जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के लिए अवकाश नहीं मिलती। जबकि क्रिसमस, गुड फ्राइडे, ईस्टर एवं मुस्लिम समुदाय के ईद, बकरीद, शब ए बरात, अलविदा जुम्मे, चेहलुम जैसे कई महत्वपूर्ण पर्व त्योहारों के लिए सिर्फ एक दिन का अवकाश मिलता है। विधायक ने कहा कि पुण्य बृहस्पतिवार, कब्र पर्व, क्रिसमस, गुड फ्राइडे, ईस्टर, ईद, बकरीद, शब ए बरात, अलविदा जुम्मे, चेहलुम आदि सभी पर्व त्योहार ईसाई और मुस्लिम समुदाय का बड़ा त्योहार है। इन पर्व त्योहारों के अवकाश की घोषणा एक दिन रहने के कारण मजबूरी में दोनों समुदाय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी अलग से अवकाश लेने को विवश रहते हैं। ऐसे में कब्र पर्व के लिए दो दिन, क्रिसमस, ईद एवं बकरीद के लिए 3-3 दिन, मुहर्रम के लिए दो दिन एवं पुण्य बृहस्पतिवार, गुडफ्राइडे अवकाश लेने की जरुरत न पड़े।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जल संरक्षण संदेश देने के लिए निकाली जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विश्व जल दिवस के मौके पर झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को जलसंरक्षण का संदेश देने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। शहर के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से जल संरक्षण जागरूकता रैली पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में न्याय प्रशासन के साथ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी,शिक्षक और स्कूल के बच्चे शामिल हुए। रैली अलबर्ट एक्का स्टेडियम से शुरू होकर महावीर चौक होते हुए वापस अलबर्ट एक्का स्टेडियम में पहुंच समाप्त हुई। रैली में शामिल लोग जल है तो कल है,जल है तो जीवन है का नारा लगाते हुए लोगों को जल संरक्षण करने का संदेश दे रहे थे। मौके पर पीडीजे सह प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि धरती का जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है।

इसलिए आने वाले पीढ़ी की प्यास बुझाने के लिए आज जल का संरक्षण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा से शुरू हुआ यह प्रयास रंग लाएगा और लोग जल संरक्षण के लिए जागरूक होंगे। इधर जागरूकता रैली कार्यक्रम में पेयजल विभाग की भागीदारी नहीं होने से विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रैली में भागीदारी को लेकर प्राधिकार द्वारा जिला प्रशासन को पत्र लिखकर जागरूकता रथ निकालने का आग्रह किया गया था।

## विधायक ने तिलका मांझी सिंचाई योजना स्वीकृत करने की मांग विसा में उठाई

**बानो।** विधानसभा में शून्य काल के दौरान किसान के हित में विधायक सुदीप गुड़िया ने तोरपा विधान सभा क्षेत्र मे तिलका मांझी सिंचाई योजना स्वीकृत करने की मांग सदन मे किया। उन्होने कहा कि विधानसभा अंतर्गत तोरपा, बानो, रनिया तथा कर्रा प्रखण्ड के किसान सिंचाई के लिए तालाब, कुओं तथा नदी पर आश्रित हैं। सिंचाई हेतु ईंधन का उपयोग किसानों के लिए संभव नहीं होने के कारण किसान पलायन कर जाते हैं। उन्होने कहा कि सदन के माध्यम से मांग करता हूँ कि पूर्व में चलायी गयी "तिलका मांझी सिंचाई योजना" की तर्ज पर योजना स्वीकृत की जाय।

### रामनवमी, सरहुल, ईद त्योहार को लेकर कोलेबिरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजन

# रामनवमी पहाड़ अखाड़ा में पेयजल,विद्युत,मेडिकल टीम व पुलिस बल की तैनाती को लेकर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**




**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना परिसर में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किड़ो व अंचलाधिकारी अनूप कच्छप की अध्यक्षता में रामनवमी, सरहुल,व ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में रामनवमी,ईद और सरहुल पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया ।इस अवसर पर सबसे पहले ईद के नमाज के अलावे रामनवमी सरहुल के जुलूस को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी ने जानकारी ली। वही बैठक में उपस्थित लोगों से अंचलाधिकारी ने कहा कि रामनवमी ईद और सरहुल का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाएं ।साथ ही जुलूस पर नियंत्रण रखते हुए शांतिपूर्ण रूप से झंडा लेकर गंतव्य स्थान तक जाएंगे ।वही रामनवमी पहाड़ के ऊपर पेयजल व विद्युत व्यवस्था करने का निर्देश दिया ,तथा शराब बिक्री पर पूरी तरह पाबंदी लगाने के लिए कहा साथ ही रामनवमी पहाड़ के ऊपर अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन के मद्देनजर मेडिकल टीम एव पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बैठक में उपस्थित रामनवमी समिति के सदस्यों ने कहा तेज गति से चला रहे बाइकर्स व् ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पर प्रशासन नियंत्रण करे। इस वजह से दुर्घटनाएं अधिक हो रहीं हैं। इस मौके पर थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने कहा वैसे लोगों का हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की करते हुए उन पर नियंत्रण रखा जाएगा इसके अलावा उन्होंने कहा जिन लाइसेंसधारियों ने अपना लाइसेंस जमा नहीं किया हैं, वे अपना लाइसेंस आवेदन के साथ थाने में जमा कर दें।.वही आयोजन की विधि व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चाएं हुई.थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, सब इंस्पेक्टर बन बिहारी कुमार के एएसआई इंद्रजीत समद, कौशल कुमार सिंह, वार्ड सदस्य ज्योति कुमारी के अलावे गणमान्य ग्रामीण एवं कोलेबिरा प्रखंड के सभी अखाड़े के लोग शामिल थे।

सदर विधायक ने सदन में उठाया सूखे पेड़ों की समस्या और सड़क सुरक्षा का मुद्दा

# सड़क सुरक्षा और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े अहम मुद्दों को प्रमुखता से सदन में उठाया। सत्र की शुरूआत से ही वे क्षेत्रीय समस्याओं को मुखर रूप से सदन के पटल पर रख रहे हैं। शनिवार को उन्होंने झारखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ों और उनकी उचित कटाई-छंटाई न होने से उत्पन्न हो रहे खतरों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

## सूखे पेड़ों के कारण बढ़ रहा खतरा

विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में कहा कि झारखंड के विभिन्न शहरी व ग्रामीण इलाकों में सड़क किनारे कई पेड़ पूरी तरह सूख चुके हैं और संबंधित विभाग द्वारा उनकी समुचित कटाई, छंटाई और रखरखाव का कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके कारण आंधी-तूफान के दौरान ये पेड़ गिरकर सड़क यातायात बाधित कर देते हैं, बिजली के तारों एवं पोलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे न केवल दुर्घटनाएँ बढ़ रही हैं बल्कि कई क्षेत्रों में घंटों तक बिजली भी बाधित रहती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हाल ही में आए आंधी-तूफान के कारण कई इलाकों में सूखे पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई हिस्सों में 24 घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ और व्यापारिक गतिविधियाँ भी ठप हो गई।

## विस्थापितों को हक व अधिकार दिलाना पहली प्राथमिकता : विधायक



**बरही ।** तिलैया जलाशय योजना के तहत बरही अंचल के नाथुआमारण चचरो, पड़ीरमा, माधोपुर के विस्थापितों को हक व अधिकार दिलाने के लिए स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव गंभीर है. मामले के संबध में विधायक ने शुक्रवार को बजट के चालू सत्र में सरकार से कई सवाल पूछे. जिसका विभागीय मंत्री ने सकारात्मक जबाब देते हुए वर्तमान स्थिति से अवगत कराया. 1951-52 में विस्थापित हुए लोगों के जमाबंदी पर्चे के जवाब में विभागीय मंत्री ने बताया कि डीवीसी के कुल 38 विस्थपीतों को शुद्धि पत्र मिल चुका है. इनमे बसरिया (पंचमाधव) के 0.58 एकड़ क्षेत्र के कुल 4 और कोलंगा के 40.5852 एकड़ क्षेत्र में 34 लोगो को शुद्धि पत्र मिल चुका है. शेष क्षेत्र वन क्षेत्र होने के कारण प्रक्रियाधिन है. विभाग ने यह भी बताया कि संकल्प संख्या 820 दिनांक 18.11.2016 में भू अर्जन से विस्थापितों के पुनर्स्थापन व आवंटित भूमि के जमाबंदी के लिए निर्देश भी निर्गत है. बरही अंचल अंतर्गत खाता संख्या 139, 187 और चुंदीया गजुवा के खाता संख्या 88 में कुल 400 एकड़ भूमि वन क्षेत्र में आते है. जहां से अनुमति लंबित है. डीसी हजारीबाग ने पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को उक्त भूमि को डी नोटीफाई करने के लिए 12 सितंबर 2024 को पत्र लिखा गया है. वन विभाग ने केंद्रीय मंत्रालय को पत्राचार किया है. विभाग ने स्पष्ट किया कि अनुमति मिलते ही विस्थापितों के मालिकाना हक देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी. विधायक श्री यादव ने स्पष्ट कहा कि विस्थापितों के हक व अधिकार के लिए वह संकल्पित है, जो उनकी पहली प्राथमिकता है.

पशुधन, मुर्गी व मछली पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

# समेकित खेती में पशुओं की महत्ती भूमिका, देते है दोगुने लाभ : डॉ पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एससीएसपी योजना के तहत आईसीएआर गौरिया करमा अनुसूचित जाति के किसानों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हुआ. जिसमे गढ़वा, हजारीबाग, बोकारो और कोडरमा जिले के पचास किसानो ने हिस्सा लिया. इस दौरान किसानों को वैज्ञानिक तरीको से पशुधन, मछली और मुर्गी पालन कर अधिकाधिक लाभ कमाने के तरीके बताए गए. प्रशिक्षण को शुरूआत 19 मार्च को संस्थान के ओएसडी कृषि वैज्ञानिक डॉ. विशाल नाथ को निगरानी में हुई थी. उन्होंने किसानो को पशुपालन से आय दोगुनी करने की जानकारी देते हुए समेकित खेती में पशुओं की भूमिका एवं उससे होने वाले लाभ के लिए प्रोत्साहित किया. जिससे किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सके .मुख्य प्रशिक्षण समन्यवक पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन की कृषि वैज्ञानिक डॉ शिल्पी केरकेट्टा ने पशुधन के नस्लों, उनके प्रबंधन पहलुओं, तथा उसके वैज्ञानिक पालन संबंधित जानकारी दिया. पशुधन पोषण के प्रधान कृषि वैज्ञानीक डॉ एस.के महंता ने पशुओं के पोषण, प्रजनन और स्वास्थ्य प्रबंधन पर जानकारी देते हुए हरा चारा लगाने पर जोर दिया.

## न्यूज | बॉक्स

### माल्डा में इफ्तार पार्टी का आयोजन, सैकड़ों रोजेदारों ने मांगी देश की तरक्की और शांति की दुआ



**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद माल्डा में शनिवार देर शाम को एक बड़ी इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।इसके पहले सभी रोजेदारों ने देश की अमन व चैन के लिए दुआएं मांगी। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। मुखिया मेराजुद्दीन ने बताया कि यह पाक महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। इस महीने में अल्लाह अपने बंदों पर खास रहमत बरसाता है। कहा कि जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है। अल्लाह उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है।इस प्रकार का इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। अल्लाह ताआला रमजान माह में एक नेकी के बदले 70 गुना सबाब बढ़ा देता है। उन्होंने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और एकता को बढ़ावा देते हैं। यह सभी समुदायों के बीच प्रेम और सद्भाव को मजबूत करने में सहायक है।

### विश्व जल दिवस पर तस्वीरों के जरिये जल संरक्षण का दिया संदेश




**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में विश्व जल दिवस पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के छात्र - छात्राओं ने जल से संबंधित फोटो को प्रदर्शित किया।प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरें विभाग के विद्यार्थियों ने खुद से अपने कैमरे व मोबाइल में कैद किया था। कार्यक्रम में जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने सभी तस्वीरों का अवलोकन किया एवं तस्वीरों की थीम और कैप्शन की जानकारी भी विद्यार्थियों से ली। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि जल संरक्षण बेहद जरूरी है। जल हमारे जीवन और पृथ्वी के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण संसाधन है,जो सभी जीवों के लिए आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी कार्यक्रम में जल संरक्षण का थीम प्रस्तुत करने मात्र से ही जल संरक्षित नहीं हो जाता, बल्कि इसे असल जीवन में उतराने की आवश्यकता है। जितना हो सके हम सबको जल संरक्षित करना चाहिए। कार्यक्रम में विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ विकास चंद्र ने बताया कि जल संरक्षण जरूरी है।जल ही जीवन है। आज के समय में बढ़ती जनसंख्या और औद्योगिकीकरण के कारण जल संकट की समस्या बढ़ रही है।इसलिए जल का संरक्षण और संवर्धन जरूरी है। धन्यवाद ज्ञापन के दौरान सहायक प्रोफेसर हर्षित कच्छप ने जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर चर्चा की।

### मंडल अध्यक्ष के चुनाव पर ली कार्यकर्ताओं की राय



**गांडेय,गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के गांडेय मंडल में शनिवार को डाक-बंगला परिसर में गांडेय मंडल अध्यक्ष के चुनाव के लिए रायसुमारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक संजीव कुमार गुड्डू चुनाव प्रभारी भरत लाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक , अरुण हाजरा गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक आदि उपस्थित थे। रायसुमारी में कुल 5 भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष के लिए अपना अपना नाम दिया पुनः आपसी विचार के बाद दो लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया बचे तीन कार्यकर्ता क्रमशः हरि मंडल, अभिषेक पाठक और सुरेन्द्र यादव के नाम को लेकर कार्यकर्ताओं से रायसुमारी की गई। इस विषय में पर्यवेक्षक संजीव कुमार गुड्डू ने कहा कि कार्यकर्ताओं से रायसुमारी लेकर तीन कार्यकर्ता सहित पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव का नाम प्रदेश कमिटि को भेजा गया है। रायसुमारी में गांडेय मंडल के सभी 12 पंचायत के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चादरपोशी के लिए मजार में उमड़ी भीड़



**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड के मंझने में दाता अब्दुल जब्बार शाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर शनिवार को 107वां उर्स का आयोजन किया गया। जहां भारी संख्या में लोग चादरपोशी के लिए पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेता मरगूब आलम समेत दोनों समुदाय के लोग चादरपोशी करते हुए क्षेत्र में अमन चैन-शांति के लिए दुआ मांगी। इसके पूर्व शुक्रवार रात जलसा का भी आयोजन हुआ, जहां बच्चों को अच्छी तालीम देने पर जोर दिया गया। वहीं देर रात कव्वाली-मुकाबला का भी आयोजन किया गया। उर्स के मौके भव्य मेले का भी आयोजन किया गया, जहां सभी ने जमकर मेले का लुफ्त उठाया।

## बसोडीह के पोषण सखी की भारी अनियमितता एक दिनों में बनाती आठ दिनों की हाजरी

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र बसोडीह में इन दिनों पोषण सखी की मनमानी सामने आई है।बता दे में आंगनबाड़ी केन्द्र बसोडीह हर बार सुर्खियों में रहता है।कभी सहायक नहीं रहने का मामला सामने आया है।वही शनिवार को जब केद्र में देखा गया तो सिर्फ सेविका और सहायक समेत केंद्र में सिर्फ दो ही बच्चों मौजूद थे।जब इसका कारण पूछा गया कि सहायक संगीता देवी ने बताई की दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण बच्चों की उपस्थिति हर दिनों की तुलना शनिवार को कम देखने को मिला वही हाजरी बनाने वाले रजिस्टर पर भी पोषण सखी की भारी अनियमितता पाई गई है।। जिसमें 16 मार्च के बाद लगातार शनिवार तक हाजरी बनाई नहीं थी।जो पोषण सखी कालो कुमारी लगातार एक दिन आती है गिरिडीह में परिवार के साथ रहती है।

क्या कहते सीडीपीओ : इस मामले में जब सीओ सह सीडीपीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने बताया कि अगर इस प्रकार पोषण सखी की कार्य मे अनियमितता कर रही तो फिर उसे शोकॉज किया जायेगा। फिर पोषण सखी कालो कुमारी है। गिरिडीह में रहकर पोषण सखी की कार्य करती है।पोषण सखी गिरिडीह से एक दिन आती है फिर आठ दिनों की हाजरी बनाकर पुनः गिरिडीह चल जाती है।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत कुल 143 प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति




**धनबाद :** शनिवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी धनबाद नियाज अहमद द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय एवं अंचल अधिकारी कार्यालय से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत चिकित्सा अनुदान हेतु प्राप्त अभिलेख को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा कुल 143 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद समेत विभिन्न विधानसभा से आए विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहें।

## जीपीडीपी प्लान इंट्री के लिए युद्धस्तर पर लगे वीएलई, 24 को डीडीसी करेंगे रिव्यू

**बरही ।** शुक्रवार को प्रखंड के दर्जनों वीएलई ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर डाटा इंट्री करने के लिए पूर्वी पंचायत भवन में एकत्र हुए. जिनका मार्गदर्शन बीएम आसिफ इकबाल ने किया. सबों ने जीपीडीपी से संबधित फ्लैगशिप, प्लान और प्रोफाइल इंट्री करने का काम किया. इस दौरान वीएलई को स्लो सर्वर और प्रोफाइल अपडेट संबधित कुछ तकनीकी समस्याएं भी आई. जिसे प्रखंड समन्वयक और बीएम से समन्वय बनाकर पूरा करने के प्रयास किए गए. विदित हो कि ग्राम पंचायत के सभी योजनाओं को ऑनलाइन करना है. इसके लिए सभी पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों को पंचायत सचिव के सहयोग से 23 मार्च तक पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश प्राप्त है. इसे पूरा करने के लिए सभी वीएलई युद्ध स्तर पर कार्यरत है. 24 मार्च को डीडीसी की बैठक में अंतिम रूप से रिव्यू किया जाना है. अधूरे और लंबित इंट्री वाले पंचायत संचालक व संबधित कर्मियो पर कारवाई किए जाने की बात कही गई है.

युवाओं के उम्मीदों को लगा पंख, चौकीदारों के लिए हुई नियुक्ति

# 182 अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने चौकीदारी के रिक्त पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र मिलते हीं अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठें और वे खुशी से झूम पड़े। नौकरी पाकर उत्साहित युवाओं ने एक स्वर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त नैंसी सहाय सहित पूरे जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में 182 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय व उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चौकीदार नियुक्ति समिति ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी और कहा कि आप सब की नियुक्ति तीन चरणों की प्रक्रिया पूरी करने के बाद की गई है। आप सबों का आवेदन अप्लाई करने के बाद दौड़, लिखित परीक्षा और शारीरिक जांच की प्रक्रिया से गुजरने के बाद आप सभी का चौकीदार के पद के लिए चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि आपके दायित्व और भूमिका के लिए बहुत जल्द आपको सूचित किया जाएगा। आप सभी का पोस्टिंग जिले के विभिन्न अंचलों व प्रखंडों में किया जाएगा जहां आप योगदान देंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

घोड़थंबा हिंसक झड़प मामले में अब भी राजनीति गर्म

# पीड़ितों से मिलने पहुंची केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी



**नवीन मेल संवाददाता। धनवार** गिरिडीह। जिले के घोड़तंबा बाजार में होली के दिन हुए हिंसक झड़प मामले में अब भी राजनीति गर्म है। एक और मामले को लेकर जहां पक्ष और विपक्ष के नेता और मंत्री बयानबाजी कर रहे हैं, साथ ही लगातार पीड़ितों से मिलकर उनका हाल जान रहे हैं, वैसे के एक बाद फिर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के घोड़ थंबा पहुंचने और पीड़ितों से मिलने के बात राजनीति गर्म नजर आ रही है। आपको बता दें कि शनिवार की दोहापर पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह सहित कई भाजपा नेता के साथ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी घोड़ थंबा पहुंची और हिंसक झड़प के पीड़ितों से मुलाकात कर घटना की सारी जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने घटना की निंदा करते हुए लोगों को इंसाफ दिलाने की बात भी कही।

# मां मधुरासिनी पूजा को लेकर क्षेत्रों में दिखी श्रद्धालुओं की भीड़, की पूजा अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में माँ मधुरासिनी पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। खासकर पेशम, भरकट्टा और पड़रमनिया में भक्तों ने विशेष रूप से पूजा-अर्चना की। भरकट्टा और पेशम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने माता के जयकारे लगाए और श्रद्धा भाव से पूजा-पाठ किया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उल्लास था, और भक्तों ने माता से सुख-समृद्धि की कामना की। माहुरी समाज के लोग माँ मधुरासिनी की पूजा बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव से करते हैं। उनका मानना है कि माता की आराधना करने से सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। माँ मधुरासिनी को समाज की कुलदेवी माना जाता है, और हर साल भक्तगण विधि-विधान से उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। इस अवसर पर विशेष अनुष्ठान, हवन-पूजन और भव्य शोभायात्राएं निकाली जाती हैं, जिसमें समाज के लोग बड़े हर्षोल्लास से भाग लेते हैं।

पहले प्रधानमंत्री की प्रतिमा खंडित करने वालों के विरुद्ध मामला दर्ज

# 25 मई के पूर्व पुनर्स्थापित हो प्रतिमा : अब्दुल मन्नान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** चेचरो पार्क में स्थापित देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा को खंडित करने को लेकर पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. मामला बीएनएस की धारा 324(3) के तहत बरही थाना कांड संख्या 99/25 में दर्ज किया गया है. उक्त जानकारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने दी. उन्होंने प्रशासन से दोषियों का पहचान कर यथाशीघ्र कारवाई की मांग किया है. उन्होंने उपायुक्त से उक्त ऐतिहासिक स्थल पर पंडित नेहरू के पुण्य तिथि 27 मई के पूर्व प्रतिमा को पुनर्स्थापित कर जनता के भावनाओं का सम्मान करने की मांग की है. उन्होंने बताया कि 1951-52 में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने तिलैया डैम निर्माण की आधारशिला रखी थी. उन्ही के याद में याद चेचरो उर्फ नेहरू पार्क बनाया गया था. प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह क्षेत्र जीर्ण शीर्ण हो गया, और प्रतिमा की यह दुर्दशा हुई है. यह रमणीय और ऐतिहासिक पर्यटक स्थल के रूप में अवस्थित है. जिसे विकसित करने की आवश्यकता है. विदित हो की बीते 8 मार्च को किसी अज्ञात लोगों के प्रतिमा को खंडित कर दिया था.

**प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह क्षेत्र जीर्ण शीर्ण हो गया, और प्रतिमा की यह दुर्दशा हुई है**

# अवैध मुहानों को बंद करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया स्थल निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार द्वारा शनिवार को जिले के सुगिया एवं गोबरदाहा क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा अवैध मुहानों का निरीक्षण कर रणनीति बनाकर अवैध मुहानों को ध्वस्त करते हुए अवैध खनन को रोकने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए जिले के अलग-अलग स्थलों पर सर्च अभियान चलाकर अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें वन विभाग द्वारा बंद कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी श्री अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय शाखा प्रभारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।


**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**समाहरणालय, खूँटी,(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

चूंकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम नामकोम थाना– खूँटी थाना सं0 90 अंचल खूँटी जिला खूँटी** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **बस पड़ाव परियोजना** नगर पंचायत, खूँटी के लिए अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है **कि ग्राम नामकोम थाना– खूँटी थाना सं0 90 अंचल खूँटी जिला खूँटी** के भीतर उपर्युक्त परियोजना के लिए **कमोबेश 2.54 एकड़** यानि 1.027902 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है।

**ग्राम नामकोम थाना– खूँटी थाना सं0 90 अंचल खूँटी जिला खूँटी का विस्तृत विवरणी**

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे भू–खण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भुमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए0) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भू–खण्ड संख्या) उ0 द0 पू0 प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21 | 42 | रैयती–जीरात | जाम टांड | 2.54 | रामसेवक गौंझु वो रामेश्वर गौंझु वो अमरेन्द्र गौंझु वो गीता देवी वो आभा कुमारी पेशरान स्व0 गोरखनाथ गौंझु वो विरेन्द्र बिहारी गौंझु वो लक्ष्मीनारायण गौंझु वो संजय गौंझु वो प्रदीप गौंझु पेषरान स्व0 कुंजबिहारी गौंझु वो चन्द्रशेखर नाथ गौंझु वो रायभूषणनाथ गौंझु वल्द त्रिवेणीनाथ गौंझु वो नवीन कुमार गौंझु वो प्रवीण कुमार गौंझु वो आश्विन कुमार गौंझु पेशरान रास बिहारी गौंझु | उ0 45, द0 41, पू0 46, 46, 44 प0 रास्ता |

यह अधिसूचना भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन उन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है, जिसका इससे संबंध हो। भूमि की योजना/ नक्शा का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी और उसके कर्मचारी को प्राधिकृत करते हैं।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अन्तरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम का धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त,खूँटी

PR 349011 Land Reforms(24-25).D

# चुप! यहाँ 150 शहीद सोए हैं

## भीड़

कोरोना का प्रतिबन्ध हटने पर दो वर्ष के बाद रामनवमी के दिन मेला लगा था। मंगल उराँव भी मेला घूमने निकला। वह कोरोना के कारण नौकरी छूट जाने से बेरोजगार था और कभी कोई छोटी-मोटी नौकरी तो कभी मजदूरी करके जैसे-तैसे अपना और अपने परिवार का पेट भरते किसी नई नौकरी की तलाश कर रहा था। मेला में घूमते हुए अचानक उसकी दृष्टि एक व्यक्ति की पिछली जेब पर गयी



निर्मला कर्ण

जो कुछ अधिक ही फूली हुई थी। उसने सम्भवतः अपने पीछे की जेब में अपना पर्स रखा हुआ था। मेला में भीड़ बहुत अधिक थी, उसे अवसर अच्छा लगा। वह बुदबुदाया-"प्रयास करके देखता हूँ, बहुत भीड़ है शायद उसे पता नहीं चलेऔर पर्स मेरे हाथ में आ जाय। बहुत फूला हुआ दिख रहा है उसमें अवश्य काफी रूपये होंगे। कुछ दिन तक तो बच्चों को भरपेट खाना खिला सकूँगा।"उसने सावधानी से उसकी जेब से पर्स निकाल लिया और मेले की भीड़ में उस व्यक्ति को पता नहीं चल पाया। मंगल तो बहुत प्रसन्न हुआ क्योंकि पर्स वास्तव में बहुत भारी था। हल्का सा खोलकर झाँका,उसके भीतर उसे नोट भी दिख रहे थे। प्रसन्न होकर धीमे स्वर में बोल उठा – "अब मेला नहीं घूमना है वापस चले जाना है।'" वह पर्सअपने पॉकेट में रखने लगा तभी किसी ने उसके हाथ को पकड़ लिया, उसने पलट कर देखा हाथ पकड़ने वाले को। एक व्यक्ति जो अच्छे कपड़ों में बड़े साहब समान थे, उससे बहुत कड़कदार धीमी आवाज में कहा -"पॉकेट मारी करते हो ?" मंगल सकपका गया। उन साहब ने अपने दूसरे हाथ से उसका पर्स छीन लिया और कहा - "क्या काम नहीं कर सकते तुम, जो यह चोरी-चकारी करने लगे हो?" मंगल ने बहुत मुश्किल से डरी आवाज में कहा - "साहब मैं भी नौकरी करता था परंतु नौकरी छूट गई है और किसी तरह मजदूरी कर बच्चों का पेट तो भर देता हूँ लेकिन उनकी पढ़ाई और अन्य जरूरत पूरा नहीं कर पाता। आज यह पहली बार मैं कर रहा हुँ,मुझे क्षमा कर दें।" उन साहब ने कहा-"अगर अभी मैं सबको बोल दूँ तो सभी तुम्हें इतना पीटेंगे कि तुम जिंदा भी नहीं बचोगे।" मंगल भय और घबड़ाहट में रो पड़ा -"नहीं साहब ऐसा मत कीजिए, मुझे माफ कर दें साहब। बस यह पहली बार मेरी गलती थी।अब आगे कभी नहीं करूँगा। मुझे माफ कर दें। चलिए इसे आपके सामने ही पुलिस वाले को दे देता हुँ, वह अनाउंस करके जिनका पर्स खोया है उन्हें वापस कर देंगे।" उन साहब ने पर्स खोला और देखा उसमें नोट काफी अधिक था 500,2000 और 100 के भी नोट थे। लग रहा था 15000-20000 से कम नहीं,उससे अधिक ही होंगे। उन बड़े साहब ने एक पाँच सौ का नोट उसे निकाल कर दिया -"लो इसे रख लो, बच्चों के लिए कुछ ले जाना, मैं इसे ले जाकर दे दूँगा पुलिस वाले को।" उसने कहा - "पर साहब जब पुलिस वाले साहब पैसे वापस लौटाएँगे तो वह कहेंगे नहीं कि पाँच सौ रूपये कम हैं।" उन साहब ने कहा - "वह चिंता तुम मत करो मैं समझा दूँगा उन्हें। तुम चुपचाप चले जाओ अब यहाँ से और पलट कर देखना भी मत नहीं तो ठीक नहीं होगा, किसी को पता चल गया तुमसे यह पर्स मिला है तो तुम्हें जेल में डाल दिया जाएगा। वह घबड़ाया हुआ आगे बढ़ गया। मंगल इतना अधिक भयभीत हो गया था कि पीछे पलट कर देखने की बात तो बहुत बड़ी थी वह कहीं रुक भी नहीं रहा था। उस स्थान को छोड़कर वह तेजी से चला जा रहा था। इधर उन साहब ने पर्स अपने पॉकेट में डाला और पुलिस वालों से विपरीत दिशा में चल दिए। " बुद्धू... ! खैर मुझे क्या ! मेरा तो... गया ।" स्वयं से बात करते हुए पर्स वाले पॉकेट थपथपा कर मुस्कुरा उठे।



अनिता रश्मि

झारखंड के छोटे से जिले चतरा में इतिहास का एक ऐसा अल्पज्ञात रहस्य छिपा है, जिसे फिल्म का रूप देकर पूरे देश-विदेश को स्वतंत्रता की लड़ाई के निम्न जाँबाजों से परिचय कराया जा सकता है। फिल्म एक बड़ा, उल्लेखनीय, सर्व सुलभ माध्यम है। सामाजिक, सांस्कृतिक चेतना जगाने के साथ देशभक्ति और देशभक्तों से परिचय कराने में भी इसका महत्वपूर्ण उपयोग किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मैं चतरा के उन 150 वीरों की शहादत का वर्णन कर रही हूँ, जिन्होंने सिपाही विद्रोह के समय अहम भूमिका निभाई थी। फिल्मकारों के लिए एक बड़ा विषय है यह।



### फांसी तालाब या हरजीवन तालाब

कभी एक गीत अंग्रेजों के समय के कमीश्नरी चतरा ( झारखण्ड ) की गलियों में गूँजता था। आज झारखंड का छोटा सा जिला चतरा इस गीत को भूल चुका है। समाज की विभिन्न स्थितियों-परिस्थितियों, घटनाओं पर झारखण्ड के गाँवों - कस्बों में लोकगीत, लोककथाएँ सृजित की गई हैं। रचनाकारों का नाम कोई नहीं जानता पर इन गीतों, कथाओं में समय का सच छिपा होता है। इस गीत में भी 1857 का महत्वपूर्ण सत्य छिपा है। गदर के शहीदों की गाथा छिपी है। सिपाही विद्रोह के क्रांतिवीरों का हुँकार छुपा है। जेल रोड, एस बी आई के पीछे स्थित फाँसी तालाब, चतरा में यह सत्य उद्घाटित होता है। शहीदों का सच !

जानते हैं, ये शहीद कौन, कब के हैं? ये शहीद प्रथम सिपाही विद्रोह के रणबाँकुरें हैं। सिपाही गदर के नायक मंगल पांडे के द्वारा विद्रोह का बिगुल बैरकपुर में बजाते ही पूरे देश में सिपाहियों ने विद्रोह कर दिया था। रामगढ़ कैन्ट में भी ज्वार सा उठा।

1857 के मध्य में भोजपुर के अमर सेनानी वीर कुंवर सिंह की सेना से मिलने रामगढ़ बटालियन की 8वीं नेटिव इन्फैंट्री के 150 जवान एक साथ हथेली पर सर लेकर निकल पड़े। उनका नेतृत्व जयमंगल पांडेय (संयोग से दोनों का नाम एक ) एवं नादिर अली नामक सूबेदारों ने किया था।

चतरा के हरजीवन तालाब के पास दमन के लिए निकली मेजर इंगलिश की विशाल सेना से इनका सामना हो गया। दोनों मात्र 150 सैनिकों के सहारे मेजर इंगलिश की विशाल सेना के साथ चतरा के इसी स्थान पर भिड़ गए। भयंकर युद्ध हुआ। मुट्ठी भर विद्रोही सेना ने जमकर लोहा लिया। जाति-धर्म की सोच से परे देश के लिए वीर रणबाँकुड़ों ने वीरतापूर्वक लड़ते हुए 58 आततायी दुश्मनों को मार गिराया। मेजर इंगलिश की सेना के उन शवों को एक साथ तीन कब्रों में ही दफना दिया गया। एस. बी. आई. चतरा के पास वह स्थान भी है।

प्रायः शिकार खेलने के लिए चतरा कमिश्नरी में आया करते थे अंग्रेज अफसर, सत्तासीन लोग। अब वीरों को रौंदने के लिए जुट आए थे।

क्रूरता के पर्याय अंग्रेजों की विशाल, साधनसंपन्न, आधुनिक हथियारों से लैश मेजर इंगलिश की सेना से जय मंगल पांडेय, नादिर अली की सेना को अंततः हारना ही था। हारना पड़ा। अद्भुत वीरता दिखाने के बावजूद विशाल अंग्रेज सेना के सामने मुट्ठी भर विद्रोही सैनिक टिक नहीं पाए। क्रांति की मशाल लेकर चलनेवाले उन क्रांतिकारियों की वीरता देखने लायक थी।

बाद में भारतीय सैनिकों को पकड़ कर हरजीवन तालाब के चारों ओर के वृक्षों पर फाँसी दे दी गई। कुछ लोगों का कहना है, शहीद हो गए सैनिकों की लाशों को लटका दिया गया था । इस बारे में शोध की आवश्यकता। अंग्रेजों का शिकारगाह चतरा आजादी के परवानों की लाशों से पट गया। स्थानीय लोगों ने गीत में उन्हें अमर कर दिया था तब। गाँव-गाँव, गली-गली में गूँजने लगा था -

जयमंगल पांडेय, नादिर अली
दोनों सूबेदार रे !
दोनों मिल फाँसी चढ़े,
हरजीवन तालाब रे!!

' हरजीवन तालाब ' फाँसी तालाब के नाम से विख्यात हो गया। जो सरोवर सबका जीवनदाता था, वह शवगाह बन गया। जीवनदायी सरोवर का फाँसी तालाब में परिवर्तित हो जाना बहुत कुछ कहता रहा, बहुतों को जगाता रहा। वहीं बारा समिति ने 1960 में स्मारक बनवाया। फिर 1979 में जीर्णोद्धार किया गया। अब खस्ताहाल। दीवारें दरक रहीं हैं। शिलापट पीला, धुँधला पड़ गया है अब। उनके प्रयास ने ही उन शहीदों की यादों को संजोने की कोशिश की। स्मारक की एक तरफ यही गीत लिखा हुआ है, तो दूसरी तरफ है -

शहीदों की मजारों पर लगेंगे
हर बरस मेले
वतन पर मरनेवालों का बाकी
यही निशां होगा

फाँसी तालाब धीरे -धीरे सिकुड़ - सिमट रहा है। एकदम छोटा, गंदला, डरावना हो गया है। पहले वहाँ जाकर तालाब के चारों ओर घूमने पर एकदम जीवंत लगता था। गाछों से आच्छादित था बड़ा सा गहरा तालाब। फाँसी तालाब के चारों ओर के पुराने पेड़ खत्म हो गए हैं। जिन विटपों पर फाँसी दी गई थी, उनमें से एक भी नहीं बचा है। शायद उन महान वीरों का शव ढोनेवाले वृक्षों को उनकी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं हुई। नए वृक्ष भी काफी कम हो गए हैं। जो बच गए हैं, वे मृतप्राय ! हाँफते-काँपते, सिसकते हुए ।

वर्षों से बाट जोह रहा है यह स्थान, अपने उत्थान की , अपने पहचान की। बस, यही कामना है फाँसी तालाब और उन गाछों की कि उन्हें बचाकर देश की नई एवं आगामी पीढ़ी को इनके बारे में बताया जाए। रट रहा है सालों से हरजीवन तालाब, बचा लो हमें, हम जीना चाहते हैं।

## कुंभ स्नान



मैंने कहा,
जिंदगी एक सफर है
सुहाना।
श्रीमती जी बोली,
सिर्फ उनके लिए
जो कुंभ जा कर आ
चुके हैं!
मेरा तो अभी भी बाकी है
वहां जाना।
मैंने कहा, अरी!
शांति से रह अपने नीड़ में
वहां खामख्वाह खो
जाएगी
कुंभ की भीड़ में।
वो बोली,
ऐसा कुछ नहीं होगा,
क्योंकि वहां हैं योगी।
और अगर हो भी गया
तो क्या !
तुम्हारी मनोकामना ही
पूर्ण होगी।
मैंने कहा,अरे नहीं यार!
तेरे बिना कहां
ये दीपक जलता है,
और अगर तुम न हो तो
मुझे घर में
चड्डी बनियान तक
नहीं मिलता है।
इसलिए मैं
जुगाड़ बैठाता हूं कल,
घर बैठे ही तुझे मंगवा दूंगा
कुंभ का जल।
वो बोली,वो तो ठीक है,
पर आयेगी नहीं वो फील!
मुझे तो वहां जा कर
बनानी है रील।
मिलना है मोनोलिसा से
आई टी बाबा से,नागा
साधू से,
रुबरु होना है
गंगा मईया के जादू से।
देखो! भोले बाबा बुला
रहे हैं,
सच-सच बोलो,
क्या तुम्हारा दिल में
वहां के,
सपने नहीं आ रहे हैं!
मन नहीं कर रहा है
वहां जा कर नहाने का,
रील बनाने का,
सबको दिखाने का।
देखो आजकल जिस
तरह का
ट्रेंड चल रहा है,
मुझे तो लगता है कि
सरकार के दिमाग में भी
कुछ पल रहा है!
शायद कल को कुछ
ऐसा किया जाएगा,
कि कुंभ नहाने की
रील देखकर ही लोगों को
आधार कार्ड दिया जाएगा।
वहां नहाने वाले ही
आयुष्मान होंगे,
और जिसने जितनी
ज्यादा
डुबकी लगाई,
वो उतने ज्यादा
महान होंगे।
शायद इसीलिए लोग
कुंभ नहा रहे हैं,
आलोचना करने वाले भी
छुप-छुप कर जा रहे हैं।
इसलिए तो मैं कहती
हूं कि,
चलिए पतिदेव!
हम भी संपन्न करते हैं,
ये अति आवश्यक काज।
एक आदर्श नागरिक
बन कर
चलते हैं प्रयागराज।



दीपक वर्मा दीप



## मुट्ठी भर सुख

अभावों की चादर ताने
टुकुर टुकुर देखती,
जीवन से भरी
सीपियों सी वो आँखें,
आभावों में भी
उम्मीद की रोशनी से
चमकते,
मुस्कुराते चेहरे, और
पके घाव सी दुखती
जरूरतें,
जो कभी चैन न लेने
देतीं,
गरीबी की काली
मनहूस,
अभेद्य दीवार पर पड़ी,
जरूरतों की दरार जो थोड़ी सी
भर जाती कभी,
तो खुशी की एक किरण भी
मलहम लगा जाती,
रिसते घावों पर,
और बुझ जाती,
टहटह करती व्यथा,
मुट्ठी भर सुख में भी जाने कैसे
हँसती रहती कुछ आँखें,
वह हँसी, मानों हँसी न हो,
अट्टहास हो,
विद्रूप हो, व्यंग हो,
एक तमाचा हो
इस समाज पर,
जो कहता है,
हँसी पर हमारा भी अधिकार है।



रीना सिन्हा सलोनी

काव्य कोना

### बेचैन - व्यग्र

कैसे याद करूं याद आने के बाद
भूलाने की कोशिश भूल जाने के बाद
सिहरन बन उठती है टीस मन में
जाने-न-जाने किस कोने में बैठा।
एकांत में बैठा एकाकी नहीं
भीड़ में बैठा भीड़ से अलग
सूरज के नीचे बैठा
जाने-न-जाने कहां ठंढक ढूंढ रहा है।
आदम का वंशज वंश की खोज में
जोड़ता है तोड़ता है फिर जुड़ता है
कभी-कभी असमंजस में असामान्य हो
जाने-न-जाने कहां सहजता सरलता ढूंढता है।

नाग मणि

## चाक

सुगना कुम्हारिन के हाथ बिजली की गति से चाक को घुमा रहे थे। पीठ पर छौआ मनी को बांधे पसीने से लथपथ उसे आज ही सब निबड़ला मिट्टी* खतम करना है। जब से उसका आदमी कैलाश मरा है, एक दिन का नागा नहीं की है। तीन बच्चा को और अपना जवानी को बचा के रखने का एक्के उपाय है सुगना के पास, समय पर शादी का मौसम का और दीवाली का माल चाईबासा वाले बड़का ठेकेदार को बेच के पैसा नकदी लेना। नहीं तो पहिला बारिश गिरेगा और चाक का पहिया रुक जाएगा। सुगना सोचती जा रही थी- "चाक का पहिया और सुदर्शन चक्र एक्के जैसा तो होता है, दोनों बारिश के मौसम में बेकार। भगवान जगन्नाथ तो घुरती रथ के बाद चक्र के साथ सो जाते हैं और कुम्हार का चाक बारिश के कारण सो जाता है। लेकिन भगवान को छौआ सबका पेट नहीं न पोसना रहता है। हे जगन्नाथ बाबा; ई मानसून और आगे ढकेल दो जो सब दीया और दिवाली का बर्तन सुखा लें, नहीं तो पहिला बारिश सब धो देगा!!" सुगना आकाश में काले बादलों को देख रही थी और नीचे चाक तीव्र गति से घूम रहा था। "निबड़ला मिट्टी - बर्तन बनाने के लिए कुम्हारों द्वारा तैयार की गई मिट्टी"।



डॉ आकांक्षा चौधरी

## गुपचुप

'पैसे कमाते-कमाते मुझे कितना घमंड हो गया है! मुझे हर गरीब बहुत हीं तुच्छ दिखाई देता है। मेरे कठोर व्यवहार ने कोमल मन को पूरी तरह कुचल दिया है।.... नंदिनी के पिता ने भी गरीब होने के कारण मेरी काफी बेइज्जती की थी और नंदिनी का असमय मौत एक ऑटो वाले के लापरवाही के कारण हो गया था।....नंदिनी के अनमोल उपहार को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहता था और एकाकी जीवन को अपनाकर कठोर हृदय वाला बन गया हूँ।..... शायद मैं इसलिए चिड़चिड़ा हो गया हूँ।'अपने बच्चों के प्रश्नों से आज मिस्टर राजवीर स्तब्ध होकर अपनी गलतियों की पुनरावृत्ति अपने अंतर्मन में कर रहे थें।... 'मैं अपने नौकर, मैनेजर, ड्राइवर, केयरटेकर सभी को डांटने और बेइज्जत करने का अवसर ढूँढता रहता हूँ। इन लोग बहुत छोटे आदमी होते हैं, उनके साथ अच्छा व्यवहार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। बच्चों के सामने कभी मैं बोलता कि मैं किसी के आगे हाथ नहीं फैलाता सब मेरे सामने हाथ फैलाते हैं इसलिए अमीर बनना बहुत जरूरी है।... ओह! मैं कितना बुरा आदमी बन गया हूँ। मुझे अपने आप को बदलना पड़ेगा, नहीं तो मेरे बच्चों में अच्छी ऊर्जा का संचार नहीं हो पाएगा।' मेरी सोच में तब परिवर्तन हुआ जब पार्क के बाहर बच्चों के हठ करने पर मैं भी उनका मन रखने के लिए उनका साथ दे दिया था। "डैडी! आप तो बहुत अमीर और बड़े आदमी हैं, किसी के आगे हाथ नहीं फैलाते हैं तो फिर गुपचुप खाने के लिए क्यों हाथ फैला रहे हैं?... गुपचुप वाला तो छोटा और गरीब आदमी है।"



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

## होली... है....

अगन कैसी लागी,
जली कैसी होली!!
बहक गया
फागुन,
दहक गई
चोली!!
लिए सौ-
सौ चेहरा
उतर आई
पूनम,
हर इक तन मंजीरा,
हर इक मन सरगम,
किसी ने ढोल थामा,
किसी ने भंग घोली!!
बहक गया फागुन,
दहक गई चोली!!

इधर......पिचकारी,
उधर........मुस्कानें,
किधर कौन भीगा
अब ये तो राम जानें,
लबों पे बनी ना-ना
शरम की ठिठोली!!
बहक गया फागुन,
दहक गई चोली!!
शहर...गाँव....पंथा,
बिरज जैसा....लागे,
समय का श्याम पीछे
उमर की गोपी आगे,
सजी है द्वारे-द्वारे
प्रणय की रंगोली!!
बहक गया फागुन,
दहक गई चोली!!



लखन प्रसाद "विक्रांत"

## होली

देश में शान्ति सद्भाव लायें सभी।
साथ मिलजुल के होली मनायें सभी॥
ईश ने तो किया सिर्फ
मानव खड़ा ।
बँट गये जाति धर्मों में, छोटा बड़ा ॥
भेद जाति धरम का मिटायें सभी।
साथ मिलजुल के होली
मनाएं सभी॥
आज रिश्तों में कैसी दरारें पड़ी,
देवरा से झगड़ आज भाभी खड़ी,
रिश्ता' भाभी दे'वर का जगायें सभी॥
साथ मिलजुल के होली मनायें सभी॥
अन्नदाता किसानों के घर हो खुशी,
खेतीबारी बढ़े और रुके खुदकुशी,
घर कृषक 'बेरुका' जगमगायें सभी।
साथ मिलजुल के होली मनायें सभी॥



विजय नारायण सिंह 'बेरुका'

# फागुन की फगुनाई जीवन में रंगों संग



डॉ आशा गुप्ता 'श्रेया'

शीत ऋतु के बाद,जब प्रकृति अंगड़ाई लेती है,तो बसंत के बहार के साथ ,प्रकृति के सुंदर उद्गार के संग जन-जन में फागुनी खुमार भी चढ़ने लगती है।जहाँ वन में पलाश अपनी नारंगी आभा से चमकता फागुन के आगमन का संदेश देता है, वहीं पुष्प झूम झूम कर गाते हैं। डालिया मस्त होकर झूमती हँसती हैं। खेतों में लहराती पीली सरसों के पुष्प,आम पर मंजर की शुरूआत पंछियों का चहकन,सुंदर मीठी बयार ... वाह ये फागुनी उमंग ..

झूरमुट में पंक्षीं संग कोयलिया
करती कुहू गान
नव किरणों संग आया है
देखो फागुनी बिहान

ना ज्यादा ठंढ ना ज्यादा गर्मी की तपन.. खुशनुमा सा मौसम फागुन। विश्वरागिनी देवी माँ सरस्वती और भोले बाबा देवी पार्वती के विवाह की महाशिवरात्रि के हर्षाल्लास पूजन अर्चन से शुरू होता फाल्गुन के उमंग ,तरंग, हुड़दंग के साथ आशा, विश्वास, उर्जा एकता के संदेश के साथ होली/फगुआ/धुलेंदी रंगों का अनुपम अद्भुत त्योहार ..फागुन रंग में रंग हँसता है संसार ।सदियों से यह अनुराग की रीति से चली आ रही जी। फाल्गुन मास ही ऐसा है जो अपने मादक सौंदर्य तथा बासंती पवन से लोगों को हर्षित करता है। फागुन चढ़ते ही सभी के चेहरें पर एक रंगत सी छा जाती है और रंगों के त्योहार होली /धुलेंदी की बेसब्री से इंतजार होने लगता है कि कब होली आएगी और हम एक-दुसरे के संग रंगों से खेलेंगे ललक लगी रहती है जी ।



बचपन की होली याद है ना? कई दिनों पहले से ही हमारी माताएं ,गृहणियाँ , खोया मेवा के लोभित करते गुझिए ,भुजिये नमकीन खुरमें सब होली के लिए बनाकर रखती जाती...! आज भी हमसबों की कोशिश रहती है...ये विशेष पकवान बनाकर परिवार, संगी साथियों संग होली खेलने की तैयारी करने का। फागुन आते ही श्री कृष्ण राधा की होली खेलने के सौंदर्य को ग्वाला समाज ढोल मृदंग, झाल संग फागुन के स्वागत में फगुआ का गीत गाते..शगुन करते हैं। रात्रि में ये गीत कर्णों को कितने मधुर लगते हैं ना। बिन राधा कृष्णा होली कैसे होये जरा सोचिए तो।

आज बीरज में होली रे रसिया...
प्रेम के रंगों का त्योहार होली राधा कृष्णा जी के दिव्य प्रेम का संदेश देता है ..।

"श्याम संग होली खेलब हो रसिया
खेले होली राधा रानी औ सखियाँ"

ब्रज में टेसू के फूलों की होली की परंपरा है, तो नंदगांव में लट्ठमार होली। अवसर मिले तो इसका आनंद अवश्य लीजिएगा।

नंदगाँव पहल चढ़ रहा, बरसाने का रंग
होली खेले राधिका कान्हा जी के संग

आप तो जानते ही हैं कि हमारी भारत संस्कृति में हमारा देश में विभिन्न त्योहारों को बड़े आनंद हर्ष उल्लास से मनाता है। भारत के चार प्रमुख त्योहारों में होली रंगों से भरा सजा त्योहार है, और भारत के हर प्रांत क्षेत्र में प्रेम उमंग सौहार्द से मनाया जाता है ।यह धर्म लिंग जाति ,उम्र से उपर सबका त्योहार है। हिंदु पंचाग का आखिरी मास की पूर्णिमा फागुनी नक्षत्र कारण फाल्गुन मास कहलाती है। यह धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व रखता है। पूर्णिमा के होलिका दहन की पूजा वस्तुतः अग्नि पूजा है। हिरणकश्यप का पुत्र, प्रभु की भक्ति में सदालीन प्रह्लाद को जलाने के लिए अग्नि मे बैठी होलिका स्वयं जल कर राख हो गई, पर परमभक्त प्रह्लाद का बाल भी बाँका नही हुआ। तो यह अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। जहाँ उत्तर, पूर्व, पश्चिम और मध्य भारत में होली का उमंग ,हुड़दंग रहता है, तो हमारे दक्षिण भारत में फागुन में "उत्तिर" नामक मंदिरोत्सव का भव्य आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाता है। मालपूआ की खुशबू ललचाती है तो दही बड़े चटकदार जिह्वा को सहलाती है।जहाँ अनेक पकवान मन को प्रसन्न करते हैं , वहीं गीले सूखे लाल, पीला, हरा, नीला, नारंगी आदि रंगों से अबीर गुलालों भी और तरह-तरह की मिठाइयाँ भी...।

बच्चों में तो अनुपम उत्साह रहता ही है बडो.में भी उत्साह कम नही होता। याद है होली में बाबूजी अपने दोस्तों संग ढोल लेकर घर पर मंडली जमा करते, और माँ ठंढई संग पकवान परोसती। माँ की सहेलियों की मंडली भी कहाँ पीछे रहती भला। हम बच्चे भी रंग लगाते पिचकारी से भींगते भींगोते, मस्ती करते। रंगों से भरे चेहरे भींगें कपड़ों के साथ हाथ में पिचकारी संग हंसते बच्चे मोती से दाँत दमकाते। बड़े बुजुर्ग भी उत्साहित रहते, उनके चरणों पर अबीर रख प्रणाम करना और सुख सौभाग्य प्रगति का आशीष मिलता। सखी मित्रों को घर पर बुला कर रंग अबीर संग गले लगाते हैं। हैं ना अनुपम यह जीवन के विभिन्न रंगों से सजा फागुन। सारे वैर, मतभेद भूल सब रंगों भरी होली का आलिंगन करते हैं।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## डोमेस्टिक अब्यूज

तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा ऑडिटोरियम गूँज उठा।शिवानी हाथ जोड़े सबका शुक्रिया अदा करती शॉल पारितोषिक संभाले सधे कदमों से मंच से उतर कर दर्शक दीर्घा की तरफ जाने लगी। सामने की भीड़ में बेवजह उसकी आँखें किसी को ढूंढने की नाकाम कोशिश कर रही थी। घरेलू हिंसा से जाने कितनी महिलाओं को बचा कर उन्हें नयी जिंदगी दे चुकी शिवानी शहर की चुनिंदा सम्मानित हस्तियों के साथ आज महिला दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में आमंत्रित थी। घर के भीतर होने वाली शारीरिक मानसिक हिंसा के विरुद्ध महिलाओं को सजग करने,हिम्मत देने और उन्हें आत्मनिर्भर करने के लिए उसे विशेष रूप से आज राज्यपाल के हाथों ये सम्मान मिला था। अभी उसके जिस भाषण पर इतनी तालियाँ बजीं उसके शब्द जाने क्यों उसे स्वयं खोखले महसूस हो रहे थे जबकि कोई बनावट मिलावट नहीं थी उसकी बातों में। अपनी सीट पर बैठी ही थी कि फोन बज उठा।जिसे इतनी देर से नजरें तलाश रही थी उसी की तस्वीर स्क्रीन पर चमक उठी। बाहर की तरफ देखती उठ खड़ी हुई। "हाँ कहो..." शिवानी ने उत्साहित हो फोन रिसीव किया पर दूसरे ही पल चेहरे की चमक सहसा विलुप्त हो गयी उधर की लगभग चीखती आवाज सुनकर... "जब देखो घर से गायब,फोन लगाओ तो वो भी उठाना नहीं हद है , घर में पांव टिकता नहीं मैडम का..." उधर से पति की आवाज भेदती हुई लगी। "वो दरअसल आज मुझे अवार्ड..." शिवानी की बात अधूरी रह गयी,उधर से सीधा आदेश "फटाफट मेरा बैग पैक कर के रखो मुझे मुंबई निकलना है,समझ आई मेरी बात ..." "सॉरी मयंक अभी निकलना पॉसिबल नहीं है मेरा,आज पैकिंग खुद कर लो। तुम्हें पता तो है न आज मेरा फेलिसिटेशन है राज्यपाल के हाथों,कैसे आऊँ अभी" कह कर फोन काट दिया शिवानी ने। खुद के कहे शब्दों का खोखलापन सहसा अब भर गया था।



रश्मि सिंह

### आज का दोहा

पहले जैसे घूमते, बने 'स्वर्ण मृग' आज।
सकते में हैं राम जी, क्या माया का राज।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 113 साल का हुआ बिहार, राष्ट्रपति और पीएम ने दीं शुभकामनाएं

**एजेंसी। पटना**

बिहार आज 113 साल का हो गया। बिहार दिवस को लेकर केन्द्र से लेकर राज्य ने मंत्रियों ने शुभकामनाएं दी हैं। पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस को लेकर भव्य आयोजन भी किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित तमाम नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के बल पर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देते रहेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि बिहार दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। बिहार की धरती प्राचीन काल से ही ज्ञान और विकास का केंद्र रही है। मेरा विश्वास है कि बिहार के निवासी अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प तथा परिश्रम के बल पर विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण में अपना भरपूर योगदान देते रहेंगे।





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीरों और महान विभूतियों की पावन धरती बिहार के अपने सभी भाई-बहनों को बिहार दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय इतिहास को गौरवान्वित करने वाला हमारा यह प्रदेश आज अपनी विकास यात्रा के जिस महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, उसमें यहां के परिश्रमी और प्रतिभाशाली बिहारवासियों की अहम भागीदारी है। हमारी संस्कृति और परंपरा के केंद्र-बिंदु रहे अपने इस राज्य के चौतरफा विकास के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी बिहारवासियों को 'बिहार दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। ज्ञान, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की भूमि बिहार ने हमेशा देश को नेतृत्व और नई ऊर्जा प्रदान की है। इतिहास के गौरवशाली अध्यायों से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक, बिहार ने हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में NDA सरकार बिहार को प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशवासियों की सुख, शांति और उन्नति की कामना करता हूँ। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अतुल्य परंपरा, शौर्य एवं ज्ञान की भूमि बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनाएं देता हूं।

भगवान बुद्ध और महावीर की तपोस्थली बिहार ने अपने ज्ञान, दर्शन और अध्यात्म के प्रकाश से सदैव सम्पूर्ण विश्व को आलोकित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## पति की हत्या करने के बाद मुस्कान ने मनाली में प्रेमी के साथ मनाई थी होली





**मेरठ।** इन दिनों मेरठ में मर्चेंट नेवी अधिकारी की मौत का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। मर्चेंट नेवी की पत्नी ने ही अपने पति की प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की है। अपने मर्चेंट नेवी अधिकारी पति सौरभ राजपूत की हत्या करने के बाद महिला ने शव को काटा और सीमेंट से भरे ड्रम में छिपाया था। इसी बीच आरोपी महिला मुस्कान रस्तोगी अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मनाली में होली मना रही थी। मनाली में होली मनाने का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मुस्कान बेफिक्री से नाचती और रही थी और पोज दे रही थी। 14 मार्च को होली मनाने के वीडियो में मुस्कान और साहिल कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुराते हुए नज़र आ रहे हैं। दोनों के चेहरों पर रंग लगा हुआ है। वे धीरे-धीरे झूम रहे हैं, उनके गाल आपस में चिपके हुए हैं, जबकि साहिल, जो नशे में लग रहा है, अपने दाहिने हाथ से खुशी के इशारे कर रहा है। बैकग्राउंड में संगीत बज रहा है, और दूसरे लोग भी दिखाई दे रहे हैं, जिससे पता चलता है कि वे एक समूह के साथ त्योहार मना रहे थे।

मेरठ हत्याकांड में पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। मेरठ पुलिस मुस्कान और साहिल के मनाली में रहने के बारे में जानकारी जुटा रही है, उन्होंने 15 दिनों तक वहां क्या किया और कहां-कहां गए। पुलिस ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों शिमला, मनाली और कसौली गए थे।

उन्होंने मेरठ से 44,000 में टैक्सी किराए पर ली। पूछताछ के दौरान साहिल ने खुलासा किया कि वह 2020-21 तक नशा करता था और मुस्कान शराब की आदी थी। पुलिस को शक है कि सौरभ की हत्या के बाद मुस्कान और साहिल ने नशा करने के लिए यात्रा की। मेरठ पुलिस की कुछ टीमें ड्रग एंगल पर जांच तेज करने के लिए शिमला और मनाली जाएंगी।

इस बीच मुस्कान का एक ऑडियो सामने आया है। उसने साहिल के लिए बर्थडे केक मंगवाया था और कैब ड्राइवर को ऑडियो मैसेज भेजकर केक मंगवाया था। उसने ड्राइवर से कहा कि उसे फोन न करे और केक होटल के

# दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशी गिरफ्तार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजधानी में दक्षिण दिल्ली जिला पुलिस ने यहां अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 23 मतदाता पहचान पत्र, 19 पैन कार्ड , 17 आधार कार्ड, 1 सीपीयू., 11 जन्म प्रमाण पत्र और 6 खाली मतदाता पहचान पत्र बरामद हुए हैं।

यहां पुलिस मुख्यालय में आज एक प्रेस वार्ता में डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि पकड़े गए इन 18 बांग्लादेशियों में 6 को एफआरआरओ के माध्यम से बांग्लादेश भेज दिया गया है। आठ बांग्लादेशी पुलिस की गिरफ्त में हैं जबकि चार से पूछताछ चल रही है। उनसे पूछताछ में कुछ अन्य खुलासे संभव हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद ज्वेल इस्लाम, मोहम्मद आलमगीर, मोहम्मद लतीफ खान, मोहम्मद नदीम शेख, मोहम्मद मिजानुर रहमान, रबीउल पुत्र जहांगीर हुसैन, मोहम्मद रेजाउल और कमरुज्जमां के रूप में हुई है।

डीसीपी के अनुसार बांग्लादेशी नागरिकों को शरण देने, उनके पहचान संबंधी फर्जी दस्तावेज तैयार करने और हवाला के जरिए रुपये बांग्लादेश भेजने के आरोप में 8 भारतीय नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान निजामुद्दीन निवासी मोहम्मद मोइनुद्दीन, निजामुद्दीन बस्ती निवासी मोहम्मद शाहीन, पुलपहलादपुर निवासी जुल्फिकार अंसारी, जावेद, फरमान खान, मनवर हुसैन, निमाई कर्माकर और गौरांग दत्ता के रूप में हुई है।

निजामुद्दीन बस्ती निवासी मनवर हुसैन दरगाह हजरत निजामुद्दीन में काम करता है। वह अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों से नकद रुपये एकत्रित कर बांग्लादेश में उनके परिवार व रिश्तेदारों के पास भेजने का काम करता था। इसी तरह पश्चिम बंगाल निवासी निमाई कर्माकर एक लाइसेंसी विदेशी मुद्रा एजेंसी आपरेट करता है है। वह बांग्लादेशियों के रुपये उनके परिवार के पास भेजता था। पश्चिम बंगाल का रहने वाला गौरंगा दत्ता भी लाइसेंस प्राप्त विदेशी मुद्रा एजेंट है। वह भी रुपये बांग्लादेश भेजने का काम करता था।

## बस पलटने से 20 घायल

**हुगली।** हुगली जिले के पुरसुरा के हरिहर इलाके में शनिवार सुबह करीब नौ बजे एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में 20 यात्री घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री बस पंसुली से तारकेश्वर जा रही थी। बस की गति बहुत अधिक थी। उसी समय बस का नियंत्रण खो गया और वह सड़क के किनारे पलट गई। प्रारंभिक तौर पर बताया गया है कि इस घटना में लगभग 20 यात्री घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यांत्रिक समस्या के कारण बस का नियंत्रण खो गया। इसी कारण यह दुर्घटना घटी। बस खानकुल के पंसुली से तारकेश्वर जाते समय पुरसुरा के हरिहर इलाके में पलट गई। उस समय प्रारंभिक तौर पर बताया गया है कि इसी वजह से बस ने नियंत्रण खो दिया। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुरसुरा पुलिस स्टेशन के ओसी शुभोजित दे घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को वहां से निकालकर पुरसुरा ब्लॉक अस्पताल ले जाया गया। घायलों को वहां प्राथमिक उपचार दिया गया। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे आरामबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी लोगों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के संबंध में बस चालक गणेश घोष ने कहा, "बस सुबह 7:05 बजे पंसुली से रवाना हुई थी।

## सिवान बालिका गृह से फरार बच्चियां 12-18 घंटे में कर ली जाएंगी बरामद : डीएम

**सिवान।** बिहार के सिवान जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के भैसाखाल गांव स्थित बालिका गृह से 13 किशोरियों के फरार होने का मामला सामने आया। इस घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। सभी लड़कियां रात के अंधेरे में वार्डन और गार्ड को चकमा देकर फरार हो गईं। फरार लड़कियों की पहचान विभिन्न मामलों में बरामद की गई नाबालिगों के रूप में की गई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

## अररिया में मारा गया मोस्ट वांटेड चुनमुन झा

**एजेंसी**



**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ी पुलिस कार्रवाई हुई, जिसमें कुख्यात अपराधी चुनमुन झा मुठभेड़ में मारा गया। यह एनकाउंटर नरपतगंज थाना क्षेत्र के थलहा नहर के पास रात करीब 2:30 बजे हुआ। पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम चुनमुन झा को पकड़ने गई थी, जो लूटपाट की कई घटनाओं में वांछित था। मुठभेड़ में चुनमुन की मौत हो गई, जबकि छह पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, चुनमुन झा पलासी गांव का रहने वाला था और उसका असली नाम विनोद झा उर्फ फतन झा था। वह आरा और पूर्णिया के तनिष्क शोरूम लूटकांड सहित कई बड़ी वारदातों में शामिल था। उसे पकड़ने के लिए पुलिस और एसटीएफ की टीम ने थलहा नहर के पास छापेमारी की। इस दौरान अपराधियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में चुनमुन झा को गोली लगी और वह मौके पर ही ढेर हो गया। मुठभेड़ में घायल होने वाले पुलिसकर्मियों में नरपतगंज थानाध्यक्ष कुमार विकास, एसटीएफ इंस्पेक्टर मोहम्मद मुश्ताक, चालक नागेश, जेसी शहाबुद्दीन अंसारी और दीपक कुमार शामिल हैं।

## पश्चिम बंगाल में महिलाएं असुरक्षित : फाल्गुनी पात्रा

**एजेंसी**





**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुई कथित अभद्रता के बाद भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष फाल्गुनी पात्रा ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन रैली के दौरान राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। फाल्गुनी पात्रा ने आरोप लगाया कि महिलाओं को रोजगार नहीं मिलता और उनके लिए कोई कर्म संस्थान भी नहीं है। उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ओएमआर शीट की फर्जीवाड़े से जो नौकरियां चुराई गईं, उन मामलों को लेकर उन्होंने विरोध किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पात्रा ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने जो प्रस्ताव दिया है कि महिलाओं को बार, आबकारी दफ्तर या नाइट क्लबों में काम दिया जाएगा, वह उनके विरोध का कारण नहीं है, लेकिन यह विडंबना है कि ममता बनर्जी खुद कहती हैं कि राज्य में महिलाएं रात को काम न करें, क्योंकि यहां परिस्थितियां सुरक्षित नहीं हैं। फाल्गुनी पात्रा ने यह भी कहा कि राज्य में हर रोज महिलाओं के साथ अपमान हो रहा है, बलात्कार हो रहे हैं और उनका शारीरिक शोषण किया जा रहा है।

## औरंगजेब की मानसिकता वाली पार्टी है कांग्रेस संविधान से चलेगा देश : प्रदीप भंडारी

**एजेंसी**





**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। भंडारी ने कहा कि कांग्रेस औरंगजेब की मानसिकता वाली पार्टी है, जो बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान के प्रति विश्वास नहीं रखती। उन्होंने यह भी कहा कि जब डॉक्टर मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो उन्होंने कहा था कि मुसलमानों को देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मिलना चाहिए, जो तुष्टिकरण की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह भूल रही है कि भारत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान से चलता है, न कि एक इस्लामी राज्य की तरह। भंडारी ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज को इस देश की संस्कृति का प्रतीक मानती है, जबकि विपक्षी नेता जैसे राहुल गांधी, अखिलेश यादव और उद्धव ठाकरे औरंगजेब को भारत का प्रतीक मानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नेता औरंगजेब की महिमा मंडन करने वालों के खिलाफ बोलने का साहस नहीं दिखाते हैं।

# दबदबा कायम करने के लिए बिल्डर ने दागी 11 गोलियां

### भूमि पूजन के दौरान फायरिंग से दहशत

**एजेंसी**

**पटना।** नौबतपुर में फायरिंग की घटना आम हो चली है। मौका चाहे खुशी का हो या फिर रंगदारी मांगने का, फायरिंग होना तो लाजमी है। ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक पिस्टल से खुलेआम एक के बाद लगातार 11 गोली हवा में दागता दिख रहा है। पहले तो लोगों ने समझा कि युवक बिहार दिवस के अवसर पर खुशी से झूमता हुआ फायरिंग कर बिहारवासियों को बिहारी होने का अहसास करा रहा है।

● **दबदबे के लिए फायरिंग**

लोगों को बाद में पता चला कि राजधानी जिले के नौबतपुर में एक परियोजना को लेकर किए जा रहे भूमिपूजन के मौके पर बिल्डरों के सहयोगियों



के से एक ने इलाके में दबदबा कायम रखने के लिए 11 राउंड हवाई फायरिंग की है। मौर्या होम बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से किए जा रहे भूमिपूजन के अवसर पर हुई हवाई फायरिंग की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो में युवक अपने दबदबे का प्रदर्शन करने के लिए हवाई फायरिंग करता नजर आ रहा है।

● **11 राउंड फायरिंग**

वीडियो में पीछे से आवाज आ रही है कि "11 गोली चलनी चाहिए," और फायरिंग शुरू कर देता है। नौबतपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। जांचोपरांत जो लोग भी सामने आएंगे अनुसार पर न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी। इस वायरल वीडियो की एनबीटी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। जांच के बाद ही वायरल वीडियो की प्रमाणिकता और वास्तविक स्थिति की पुष्टि हो सकेगी।

● **पुलिस एक्शन में**

स्थानीय प्रशासन भी मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई की तैयारी में जुटा हुआ है। बाजार में दिनदहाड़े इस तरह की फायरिंग कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## एक नजर

### बिहार सरकार 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्रों में 700 नये छोटे पुल बनाएगी: मंत्री

**पटना।** बिहार सरकार में ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार अगले वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में 700 नये छोटे पुल बनाएगी। मंत्री ने वर्ष 2025-26 के लिए आरडब्ल्यूडी के 11,101.64 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव पेश करते हुए यह बयान दिया। अगले वित्तीय वर्ष के लिए विभाग का बजट विधानसभा द्वारा ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। मंत्री ने कहा, "वर्ष 2025-26 में विभाग राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 3,000 करोड़ रुपये की लागत से 700 नये छोटे पुलों का निर्माण करेगा।" उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर ग्रामीण संपर्क में सुधार के उद्देश्य से बिहार सरकार ने पहले से बिना संपर्क पथ वाले बस्तियों तक हर मौसम में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कई ग्रामीण सड़क विकास योजनाएं शुरू की हैं। मंत्री ने कहा कि आने वाले महीनों में सभी ऐसे बस्तियों को उच्च गुणवत्ता वाली ग्रामीण सड़कों से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (एमएमजीएसवाई) के तहत विभाग ने वर्ष 2024-25 में अब तक 764 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया है जबकि वर्ष 2025-26 में विभाग अतिरिक्त 8,600 किलोमीटर सड़कों का निर्माण करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट के छह जज पहुंचे मणिपुर

**मणिपुर।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल के मणिपुर दौरे का स्वागत करते हुए कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य का दौरा कब करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मणिपुर का दौरा करने गए छह न्यायाधीशों का स्वागत करती है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 22 महीनों में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, करीब 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं और आश्रय गृहों और राहत शिविरों में रह रहे हैं। 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू हो गया, लेकिन सवाल उठता है। जब खुद सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2023 को कहा था कि मणिपुर में संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, तब भी राष्ट्रपति शासन लागू करने में 18 महीने क्यों लग गए? रमेश ने पूछा कि यह अच्छी बात है कि सुप्रीम कोर्ट के जज चले गए, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि प्रधानमंत्री कब आएंगे? न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सहित सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर के चुराचांदपुर में एक राहत शिविर का दौरा किया।

### राम जन्मभूमि में मंत्री मनसुख मांडविया ने राम लला का लिया आशीर्वाद



**अयोध्या।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हनुमानगढ़ी में हनुमान जी महाराज एवं श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान श्री रामलला सरकार के दर्शन-पूजन कर रामनगरी के संतों व महंतों का आशीर्वाद लिया। शनिवार को एयरपोर्ट पर गोंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, हनुमानगढ़ी के पुजारी हेमंत दास ,महंत बलरामदास ने समर्थकों के साथ मंत्री का जोरदार स्वागत किया। मंत्री मनसुख को हनुमानगढ़ी में संकटमोचन सेना के अध्यक्ष महंत संजय दास ने गदा भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महंत मणिराम दास ,महंत उपेंद्र दास ,पुजारी राजन बाबा, बाबा इंद्र देव दास , पुजारी सरवन दास, पुजारी अनिल दास , पहलवान मनोज दास सहित सैकड़ों संत-महंत एवं वैदिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पति ने पत्नी और तीन बच्चों को मारी गोली, दो की मौत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के थाना गंगोह इलाके में योगेश रोहिला ने अपने तीन मासूम बच्चों और पत्नी को गोली मार दी। गोली लगने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के एक राजनीतिक दल से जुड़े होने की बात भी सामने आई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवान ने बताया कि योगेश रोहिला नामक एक व्यक्ति का फोन आया था। उसने खुद ही पुलिस को फोन करके अपने तीन बच्चों और पत्नी को गोली मारने की जानकारी दी। मौके पर पुलिस पहुंची तो अभियुक्त ने बताया कि उसे पत्नी के चरित्र पर शक था। इस कारण उसने इस घटना को अंजाम दिया है।

### बिहार में कानून-व्यवस्था बहुत अच्छी, विपक्ष सवाल कर उपहास न उड़ाए : अजय आलोक

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। राजद नेता तेजस्वी यादव राज्य में अपराध की घटनाओं का जिक्र करते हुए पिछले कुछ समय से नीतीश सरकार पर लगातार हमलावर रहे हैं। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने शनिवार को सरकार का बचाव करते हुए दावा किया कि नीतीश सरकार में राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी है।

## उत्तर प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान की जा रही है: योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक' की 61वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में कहा कि सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान की जा रही है। उन्होंने इस अवसर पर 'उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक' के जिला सहकारी बैंकों और अन्य शेयर धारकों के खातों में 75 करोड़ रुपये से अधिक लाभांश की धनराशि ऑनलाइन भेजी। योगी आदित्यनाथ ने ग्राहकों को बैंकों की धोखाधड़ी से बचाने के लिए 'स्मार्ट बैंकिंग गाइड' पुस्ताक का विमोचन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को ऋण के प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय प्रदेश के 16 जिला सहकारी बैंक बंद हो गए थे, उनके लाइसेंस जब्त कर लिए गए थे लेकिन प्रदेश सरकार के समक्ष उन्हें संचालित करने की चुनौती थी। आदित्यनाथ ने कहा, "हम सभी प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने वर्ष 2019 में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता आन्दोलन को एक नई जान दी और आज सहकारिता ने एक नया स्वरूप लेना प्रारम्भ किया है मुख्यमंत्री ने कहा कि 'कोऑपरेटिव' के क्षेत्र में सबसे ज्यादा सम्भावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं।

## हॉकी इंडिया ने महिला कोचिंग कैंप के लिए 65 सदस्यीय कोर ग्रुप की घोषणा की



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के साई में शुरू होने वाले आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 65 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की रविवार को घोषणा की। इस ग्रुप का चयन पंचकूला में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हाल ही में किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, जहां हॉकी झारखंड ने हॉकी हरियाणा को तनावपूर्ण शूटआउट में हराकर खिताब जीता था। जहां मौजूदा कोर ग्रुप से 30 खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, वहीं असम हॉकी, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी हिमाचल, साई, हॉकी बंगाल, यूपी हॉकी, हॉकी झारखंड, हॉकी कर्नाटक, मणिपुर हॉकी, हॉकी पंजाब, केरल हॉकी, एमपी हॉकी, सीआरपीएफ, ओडिशा, सीबीडीटी, हॉकी मिजोरम, हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी एपी से खिलाड़ियों को बुलाया गया है।


## माहिरा शर्मा का जुड़ा मोहम्मद सिराज संग नाम एक्ट्रेस व क्रिकेटर ने बताया सच

**नई दिल्ली ।** 'बिग बॉस 13' फेम माहिरा शर्मा पैप्स पसंदीदा स्टार्स में से एक है. अक्सर पैपराजी उन्होंने कैमरे में कैद कर



लेते हैं. एक्टर पारस छाबड़ा से ब्रेकअप के बाद उनका नाम भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज से जोड़े जाना लगा. कहा गया कि दोनों एक दूसरे को पसंद करते हैं और डेट कर रहे है. महीनों से ये अफवाह चल रही हैं और दोनों जब पैपराजी से टकराते हैं, तो वो दोनों के रिलेशनशिप को लेकर इनडायरेक्ट सवाल भी करते हैं. रूमर्स को विराम लगाते हुए एक्ट्रेस ने मोहम्मद सिराज संग अपने रिश्ते का सच दुनिया के सामने रख दिया है।







**आईपीएल 2025** के उद्घाटन मैच से पहले उद्घाटन समारोह के दौरान अभिनेता और कोलकाता नाइट राइडर्स के सह-मालिक शाहरुख खान आरसीबी खिलाड़ी विराट कोहली और केकेआर खिलाड़ी रिंकू सिंह के साथ।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ आईपीएल के 18वें सत्र का आगाज

### फिल्मी सितारों ने बिखेरा जलवा

**कोलकाता ।** आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह हुआ। आईपीएल के 18वें सीजन के मौके पर केक काटा गया और आतिशबाजी के साथ आईपीएल 2025 की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के अंत में राष्टगान हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान टॉस में देरी हुई और अब से कुछ ही देर में आरसीबी और केकेआर के बीच मैच का टॉस किया जाएगा। आईपीएल के उद्घाटन समारोह की शुरूआत शाहरुख खान के भाषण के साथ हुई जिसके बाद बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल ने प्रस्तुति पेश की। श्रेया ने अपने धुन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने डांस से जलवा बिखेरा। फिर पंजाबी गायक करण औजला ने रंग जमाया। अंत में शाहरुख ने रिंकू सिंह और विराट कोहली के साथ डांस किया। गत चैंपियन केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार आईपीएल की चमचमाती ट्रॉफी लेकर मंच पर आए।

# विराट कोहली का अर्द्धशतक, बेंगलुरु ने कोलकाता को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी । कोलकाता**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 की शानदार शुरूआत की है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने विराट कोहली के अर्धशतक की बदौलत सात विकेट से जीत हासिल की है। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। कोलकाता ने अजिंक्य रहाणे के अर्धशतक की बदौलत पहले खेलते हुए 174 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी आरसीबी की ओर से फिलिप सॉल्ट और विराट कोहली ने अर्धशतक लगाए। कप्तान रजत पाटीदार ने भी 16 गेंदों पर 34 रन बनाकर टीम को 17वें ओवर में जीत दिला दी।

- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 177/3 (16.2 ओवर)**



### कोलकाता की शुरूआत खराब

कोलकाता की शुरूआत खराब रही। पहले ही ओवर में ओपनर क्विंटन डी कॉक 4 रन बनाकर हेजलवुड की गेंद पर आऊट हो गए। इसके बाद सुनील नरेन और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पारी को संभाला। नरेन अलग रंग में नजर आए। उन्होंने 26 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। वहीं, अजिंक्य रहाणे ने 31 गेंदों पर 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 56 रन बनाए। वेंकटेश अय्यर ने 6 तो रिंकू सिंह ने 12 ही रन बनाए। रहाणे, वेंकटेश और रिंकू की विकेट क्रुणाल पांड्या ने निकाली। इसके बाद कोलकाता की टीम संभल ही नहीं पाई। रघुवंशी 22 गेंदों पर 30 तो आंद्रे रसेल महज 4 रन बनाकर आऊट हो गए। हर्षित राणा ने 5 ही रन बनाए। रमनदीप क्रीज पर थे लेकिन वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। अंत में कोलकाता ने 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 174 रन पर पारी समाप्त की।

- **कोलकाता नाइट राइडर्स : 174/8 (20 ओवर)**

### प्लेइंग-11 की टीमें

- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल सॉल्ट, विराट कोहली, लियम लिविंगस्टन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार सलाम, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड और यश दयाल। **इम्पैक्ट प्लेयर:** देवदत्त पडिक्कल।
- **कोलकाता नाइट राइडर्स** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, अंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण वक्रवर्ती, स्पेंसर जॉनसन। **इम्पैक्ट प्लेयर:** वैभव अरोड़ा।

## एमएस धोनी के प्रशंसक रमेश षणमुगम को उम्मीद है कि वे पैरा एथलेटिक्स में अपने आदर्श खिलाड़ी की तरह ही खेलेंगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दूसरे दिन पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद रमेश षणमुगम ने मुस्कुराते हुए कहा, "एमएस धोनी के संन्यास लेने के बाद मैं क्रिकेट देखना बंद कर दूंगा। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के मन्नथमपट्टी नामक एक "छोटे और सुदूर गांव" से आने वाले रमेश कई वर्षों से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को अपना आदर्श मानते हैं और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र की शुरुआत के



लिए उत्सुक हैं। षणमुगम ने साई मीडिया से कहा, "मैं पहले क्रिकेट खेलता था। मैं तेज दौड़ता था और विकेटकीपर भी था। मैं कई क्रिकेट मैच देख चुका हूं क्योंकि मुझे यह खेल देखना बहुत पसंद है, खासकर हमारे थाला एमएस धोनी को।" 30 वर्षीय पैरा एथलीट का मानना है कि क्रिकेट के दिग्गज ने उन्हें कई चीजें सिखाई हैं, खासकर मुश्किल समय में शांत, संयमित और अनुशासित रहना। इसी तरह के सिद्धांतों का पालन करते हुए षणमुगम भारत में व्हीलचेयर रेसिंग में रैंक में ऊपर उठ रहे हैं। इसी साल, पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक रमेश ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता। शुक्रवार को, उन्होंने केआईपीजी 2025 में पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 और पुरुषों की 100 मीटर टी53/टी54 में दो और स्वर्ण पदक जीते और अपनी चढ़ाई जारी रखी। मुझे लगता है कि मैं अब अपने करियर में सही रास्ते पर हूं। भारतीय खेल प्राधिकरण और युवा और खेल मामलों के मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों में पैरा एथलीटों का समर्थन करने के लिए वास्तव में अच्छा काम किया है। यहां केआईपीजी में, हमारी सभी बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखा जाता है। हमें शानदार आवास, यात्रा का सबसे अच्छा साधन और भोजन के विकल्प मिल रहे हैं।


### कॉनवे फिट हैं तो वह गायकवाड़ के साथ शुरुआत करेंगे : केदार

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाज केदार जाधव ने कहा है कि अगर डेवोन कॉनवे फिट हैं, तो मुझे यकीन है कि वे निश्चित रूप से रुतुराज गायकवाड़ के साथ शुरुआत करेंगे। जाधव ने आईएएनएस से सीएसके के शीर्ष क्रम पर बातचीत करते हुए कहा,''वे एक ओपनिंग जोड़ी के रूप में बहुत ही सुसंगत और सफल रहे हैं। मुझे लगता है कि उसके बाद, राहुल त्रिपाठी भी एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर मैं अपना दांव लगा सकता हूं, क्योंकि उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पहले भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सुरेश रैना के सीएसके से रिटायर होने के बाद, उन्हें कोई अच्छा आक्रामक नंबर तीन बल्लेबाज नहीं मिला है।

## मियामी ओपन : अल्काराज दूसरे दौर में गाफिन से हारे जोकोविच ने नडाल की बराबरी की

**मियामी (आईएएनएस)**

कार्लोस अल्काराज को शुक्रवार (स्थानीय समय) को मियामी ओपन के दूसरे दौर में बेल्जियम के डेविड गाफिन ने 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। गाफिन ने प्रत्येक सेट में दूसरे सीड की सर्विस को तोड़ने में कामयाबी हासिल की, अपने दूसरे मैच पॉइंट पर जीत को पक्का किया जब कोर्ट में स्लाइड करते हुए अल्काराज एक फोरहैंड को वापस नहीं कर पाए जिसे गाफिन ने कोने में कुशलता से रखा था। गाफिन के लिए अगला मुकाबला अमेरिकी ब्रैंडन नकाशिमा से है, जिन्होंने रॉबर्टो कार्बेल्स बेना पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत हासिल की। छह बार के मियामी ओपन चैंपियन नोवाक



जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा पर 6-0, 7-6(1) की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी की और तीसरे दौर में प्रवेश किया।

यह 2019 के बाद से जोकोविच की मियामी में पहली उपस्थिति थी और उनकी जीत उनकी 410वीं एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीत थी, जिसने उन्हें श्रृंखला में सबसे अधिक जीत के लिए राफेल नडाल के साथ बराबरी पर ला खड़ा किया। जोकोविच ने संवाददाताओं से कहा, "मैं खुद को और दूसरों को भी यह बताना चाहता था कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेलने में सक्षम हूं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### 30 मीट्रिक टन जीआई-टैग वाला गुड़ बांग्लादेश को किया गया निर्यात : केंद्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार द्वारा शनिवार को दी गई जानकारी के अनुसार, कृषि निर्यात



को बढ़ावा देने के लिए, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से 30 मीट्रिक टन (एमटी) जीआई-टैग वाला गुड़ बांग्लादेश को निर्यात के लिए भेजा गया। एपीडा के तहत बासमती एक्सपोर्ट डेवलपमेंट फाउंडेशन (बीईडीएफ) द्वारा ध्वजारोहण समारोह 30 जनवरी, 2025 को आयोजित किया गया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह पहल किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश को गुड़ के सीधे निर्यात की शुरुआत का प्रतीक है।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 305 मिलियन डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त होने वाले हफ्ते में 305 मिलियन डॉलर



बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से दी गई है। इससे पिछले हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7 मार्च को समाप्त होने वाले हफ्ते में 15.267 अरब डॉलर बढ़ा था। इस बढ़ोतरी के बाद यह 653.966 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर यह दो वर्षों में सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की गई। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का कुछ श्रेय भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 28 फरवरी को 10 बिलियन डॉलर के फॉरेक्स स्वैप को दिया गया।

## 'इनोवेशन' और 'आर्थिक विकास' के इंजन स्टार्टअप : एस कृष्णन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




**136** स्टार्टअप को सीड फंडिंग उपलब्ध करवाई है और 7,000 से अधिक नौकरियां पैदा की हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि 'स्टार्टअप' इनोवेशन और आर्थिक विकास के इंजन हैं। स्टार्टअप की वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को हल करने की प्रतिबद्धता भारत के भविष्य को आकार दे रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) द्वारा फंडेड लगभग 44 प्रतिशत स्टार्टअप में महिला उद्यमी हैं, जिनमें से कई टियर 2 और 3 शहरों से आती हैं। एसटीपीआई के महानिदेशक अरविंद कुमार के अनुसार, आईटी मंत्रालय की नेक्स्ट जेनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम (एनजीआईएस) के तहत, एसटीपीआई ने 685 स्टार्टअप को सपोर्ट किया है, 136 स्टार्टअप को सीड फंडिंग उपलब्ध करवाई है और 7,000 से अधिक नौकरियां पैदा की हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 'एसटीपीआई संगम' कार्यक्रम में एस. कृष्णन ने भारत के आर्थिक भविष्य को आकार देने में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कृष्णन ने कहा, "एनजीआईएस जैसी पहलों और एसटीपीआई संगम जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से, हम न केवल स्टार्टअप को सपोर्ट कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं, जहां विचार प्रभावशाली व्यवसायों में बदल जाते हैं। सरकार इस परिदृश्य की फंडिंग, उद्यमियों को स्केल करने, इनोवेशन और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ, एसटीपीआई, एआईएमईडी और एएमटीजेड के सहयोग से एसटीपीआई मेडटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई), लखनऊ के 'ओपन चैलेंज प्रोग्राम (ओसीपी) 6.0' का शुभारंभ भी किया गया।

यह पहल हेल्थ-टेक स्टार्टअप को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे उन्हें मेडिकल इक्विपमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स और हेल्थ इंफोर्मेटिक्स में वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। कुमार ने कहा, "हर स्टार्टअप, चाहे वह महानगरों से हो या छोटे शहरों से, बढ़ने के लिए एक मंच के हकदार हैं। उनकी आकांक्षाओं को पोषित करना और उन्हें आवश्यक संसाधन प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। हम आज केवल स्टार्टअप की सफलता की कहानियों का सम्मान नहीं कर रहे हैं, हम यह भी सोच रहे हैं कि कैसे सुधार कर सकते हैं, अपनी नीतियों को बेहतर बना सकते हैं, अपने आउटरीच का विस्तार कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारा स्टार्टअप इकोसिस्टम अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सके। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त सचिव केके. सिंह ने भी एक मजबूत इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 305 मिलियन डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली ।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त होने वाले हफ्ते में 305 मिलियन डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से दी गई है। इससे पिछले हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7 मार्च को समाप्त होने वाले हफ्ते में 15.267 अरब डॉलर बढ़ा था। इस बढ़ोतरी के बाद यह 653.966 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का कुछ श्रेय भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 28 फरवरी को 10 बिलियन डॉलर के फॉरेक्स स्वैप को दिया गया। इस फॉरेक्स स्वैप के तहत केंद्रीय बैंक ने लिक्विडिटी बढ़ाने और बाजार को स्थिर करने के उद्देश्य से रुपयों के बदले डॉलर खरीदे थे।

## शेयर बाजार में चार साल की सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त

### विशेषज्ञों ने दी 'मंदी में लिवाली' की सलाह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

घरेलू शेयर बाजारों में इस सप्ताह जोरदार उछाल देखने को मिला। बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जो चार साल में सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त है। विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि यह तेजी निवेशकों की धारणा में सुधार, विदेशी निवेश बढ़ने और सकारात्मक वैश्विक घटनाक्रमों के कारण आई है। निफ्टी में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जो फरवरी 2021 के बाद से सबसे बड़ा साप्ताहिक उछाल है। सेंसेक्स में भी चार प्रतिशत की साप्ताहिक



बढ़त रही, जो जुलाई 2022 के बाद सबसे अधिक है। बाजार में यह उछाल रुपये में मजबूती के बीच एफआईआई की वापसी के कारण आया है। इसके अलावा, हाल के महीनों में कई शेयरों में भारी गिरावट ने कम कीमत पर खरीददारी के अवसर पैदा किए, जिससे निवेशक कम वैल्यूएशन का लाभ उठाने के लिए आगे आए।

## ब्रॉडबैंड रोलआउट में तमिलनाडु सबसे आगे, 10 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतें सर्विस के लिए तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (एनबीएम) ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल डिवाइड को खत्म करने मदद की है। ब्रॉडबैंड रोलआउट में तमिलनाडु सबसे आगे बना हुआ है, जहां 10,000 से अधिक ग्राम पंचायतें अब सर्विस-रेडी हैं। संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासनी चंद्रशेखर ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (एनबीएम) 2.0 अगले महीने 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है और यह एनबीएम 1.0 के अनुभवों पर आधारित है। एनबीएम 2.0 का उद्देश्य भारत को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के एक नए युग में एक मंझा हुआ खिलाड़ी बनाना है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए 14 मई, 2022 को 'गति शक्ति संचार पोर्टल' लॉन्च किया, जिसे ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाने और दूरसंचार टावर लगाने के लिए राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) परमिशन प्राप्त करने के लिए लाया गया है।

# 24 राशन कार्डधारियों ने कार्ड किया सरेंडर: एमओ




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद मे अभी तक 24 लोगों ने अपना राशन कार्ड सरेंडर किया हैं। शहरी क्षेत्र के पीडीएस दुकानदार अजीत कुमार चौधरी ने बताया कि उनके यहां मात्र दो लोगों का नाम राशन कार्ड से हटाने के लिए ऑन लाइन आवेदन दिया है। उक्त दोनों का सरकारी नौकरी हो गई हैं। और दो-चार कार्डधारी दो तीन माह पर राशन का उठाव करते हैं। पीडीएस दुकानदार सूर्यनाथ राम ने बताया कि हमारे यहां किसी ने कार्ड सरेंडर नहीं किया है। और सभी राशन सामग्री का उठाव समय पर करते हैं। एमओ ने बताया कि सक्षम व सरकारी नौकरी करने वाले वैसे राशन कार्डधारियों को कार्ड सरेंडर करने का समय दिया गया था। 24 लोगों ने ही कार्ड सरेंडर किया है, अन्य की जांच की जा रही हैं।

# तीन निजी क्लीनिक सील, बच्चा खराब करने का दवा व अन्य सामग्रियां जब्त

**क्लीनिक में बिना एमबीबीएस डिग्री के ऑपरेशान का सामान मिला**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में एसडीएम गौरांग महतो व जिला प्रशासन के संयुक्त निर्देश पर हुसैनाबाद में अवैध रूप से संचालित तीन निजी क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया है। समाचार के अनुसार शुक्रवार की देर शाम को मजिस्ट्रेट सह हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा प्रभारी डॉ. विनेश राम, डॉ. शशि भूषण, बीपीएम विभूति कुमार सहित हुसैनाबाद थाना पुलिस बल के सहयोग से कार्रवाई की गई है। इसमें तीन निजी क्लीनिकों को सील कर दिया गया है। सील क्लीनिकों में दुगार्बाड़ी देवरी रोड के पास ममता मिश्रा के क्लीनिक, प्रीति क्लीनिक डॉ. संतोष कुमार व महिला चिकित्सा केंद्र हुसैनाबाद अनुमंडल गेट के सामने को सील कर दिया गया है। मालूम हो कि सील के दौरान कई दवा व सामग्रियां को भी जब्त किया गया है। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ.विनेश कुमार ने बताया कि छापेमारी के क्रम में उक्त क्लीनिकों में बिना एमबीबीएस डिग्री के ऑपरेशान का सामान, बच्चा खराब करने की दवा सहित कई ऐसे उपकरण मिले है, जहां ऑपरेशन थियेटर चलता है, जबकि कागजात मांगने पर उससे संबंधित कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। सीजर लिस्ट बनाकर सीएस पलामू को भेजने की बात कही है। जांच अधिकारी सह सीओ पंकज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन व अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। फिलहाल डॉक्टर व क्लीनिक से संबंधित उचित कागजात नहीं दिखाया गया है। आगे की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने व अगले आदेश तक तीनों क्लीनिक सील रहेगा।



# बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने शनिवार को क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही सेविकाओं को प्री स्कूल किट्स के बेहतर उपयोग के लिए अपने केंद्रों को समय से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों को केंद्र में आने और सीखने के लिए अधिक प्रेरित करने के उद्देश्य से चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि बच्चे बेहतर शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास का लक्ष्य प्राप्त कर सके। बीडीओ ने बताया कि सेविकाओं द्वारा पोषण ट्रैकर का उपयोग कर अपने केंद्रों को संचालित किया जा रहा है। उनके प्रयास के कारण ही हरिहरगंज बाल विकास परियोजना कार्यालय को इस संबंध में उत्कृष्ट कार्य के महिला दिवस के अवसर पर पुरस्कृत भी किया गया है।

# समाहरणालय परिसर में लगेगा नया आरओ मशीन, आम जनता को मिलेगा स्वच्छ पेयजल



**बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रशासन ने लिया निर्णय**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला समाहरणालय परिसर में जल्द ही एक नया आरओ मशीन स्थापित किया जाएगा। इससे कर्मचारियों और आम जनता को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

गौरतलब है कि जुलाई 2019 में तत्कालीन उपायुक्त शांतनु कुमार अग्रहरि ने समाहरणालय परिसर में एक आरओ मशीन का उद्घाटन किया था। लेकिन रखरखाव के अभाव में यह मशीन निष्क्रिय हो गई थी, जिससे लोगों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा था। वर्तमान में समाहरणालय परिसर में शुद्ध पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। हालांकि, ब्लॉक-बी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा एक वाटर कूलर लगाया गया है, लेकिन सूचना के अभाव और पानी की सीमित उपलब्धता के कारण लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही नया आरओ मशीन लगाया जाएगा, जिससे गर्मियों में आम जनता और सरकारी कर्मियों को स्वच्छ एवं शीतल जल की सुविधा मिल सके।

शहीद दिवस की संध्या पर रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# युवाओं को मिली देशभक्ति की प्रेरणा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहीद दिवस की संध्या पर नेहरू युवा केंद्र, पलामू द्वारा रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नीतीश दुबे ने की, जबकि संचालन रमाशंकर पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई।

नीतीश दुबे ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'जिस प्रकार इन वीरों ने भारत मां के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, उसी तरह आज के युवाओं को भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसी चुनौतियों के खिलाफ लड़ना होगा।'

इस अवसर पर दीक्षा कुमारी ने कहा कि राष्ट्र की सेवा के लिए केवल सेना में भर्ती होना ही एकमात्र तरीका नहीं है, बल्कि यदि हम अपने दैनिक कार्य ईमानदारी से करें, तो भी देश के विकास में योगदान दे सकते हैं।

रमाशंकर पासवान ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु न केवल अपने समय के महान क्रांतिकारी थे, बल्कि आज भी वे भारत के युवाओं के लिए अविस्मरणीय प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और रंगोली व चित्रकला के माध्यम से देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया।

# असमय बारिश से राहत, मौसम साफ

**तापमान में बड़ा उछाल, किसानों ने ली चैन की सांस**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दो दिनों से जारी तेज हवाओं, मेघ गर्जन और हल्की बारिश के बाद शनिवार को मौसम साफ रहा। सुबह सात बजे से खिली धूप ने पूरे दिन डेरा जमाए रखा, जिससे जनजीवन सामान्य हुआ। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में भारी उछाल देखा गया। शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस था, वहीं शनिवार को यह बढ़कर 33.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि, न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट आई और यह 19.0 से घटकर 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बारिश के कारण अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन शनिवार को पटरी पर लौट आया। लोग अपने कार्यालय, बाजार और अन्य कार्यों के लिए सामान्य दिनों की तरह बाहर निकले। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी मौसम शनिवार की तरह ही रहने की संभावना है।

## विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क ड्रेस का वितरण

**रंका।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआनी में राज्य शिक्षा परियोजना के निर्देश पर वर्ग 1 से वर्ग 2 में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस का वितरण किया गया। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार ठाकुर ने बताया कि सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी की उपस्थिति में वर्ग एक वर्ग से दो में पढ़ने वाले सभी बच्चों को निःशुल्क ड्रेस, जूता-मौज, स्कूली किट बच्चों के बीच वितरण किया गया। मुखिया रीमा देवी कहा कि सरकार बच्चों के विकास के प्रति काफी गंभीर है। इसे लेकर सभी को निःशुल्क ड्रेस, जूता-मौजा, किताब, कॉपी, कलाम आदि सभी का व्यवस्था सरकार कर रही है। यहां तक की खाना के लिए एमडीएम भी दिया जा रहा है। इसलिए मन लगाकर विद्यालय में पढ़ाई करें। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रमेश उरांव, विद्यालय के शिक्षक अरविंद ठाकुर, उमा ठाकुर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पेयजल संकट, यात्री हो रहे परेशान

**आरओ बेकार, नल के पानी पर निर्भर यात्री**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ यात्रियों को ठंडा और साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्लेटफार्म संख्या एक पर तीन आरओ लगे हैं, लेकिन दो खराब पड़े हैं, जिससे यात्री मजबूरन नल के पानी पर निर्भर हो रहे हैं।

यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर हाथ धोने के लिए लगे नलों से ही पानी भरकर पीना पड़ रहा है। वहीं, स्टेशन पर पानी बेचने वाले वेंडर बोतल बंद पानी के मनमाने दाम वसूल रहे हैं। पहले रेलवे ने वाटर वेंडिंग मशीन के जरिए सस्ता पानी उपलब्ध कराया था, जहां महज 5 रुपये में एक लीटर पानी मिलता था, लेकिन कोरोना काल के बाद यह सुविधा बंद हो गई।

रेलवे प्रशासन यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाओं का दावा करता है, लेकिन डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बुनियादी जरूरतों की कमी बनी हुई है। हालांकि, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पर लिफ्ट, आधुनिक वेटिंग रूम और बेहतर पार्किंग सुविधा विकसित की जा रही है, लेकिन पेयजल संकट की समस्या जस की तस बनी हुई है। स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए 6 वाटर कूलर लगाए गए हैं। ठंड के दिनों में कूलर बंद कर दिए गए थे, लेकिन अब गर्मी को देखते हुए उन्हें चालू किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में लगे वाटर एटीएम ठेकेदार के भाग जाने के कारण बंद हो गए थे। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन पर जल्द से जल्द आरओ की मरम्मत कराई जाए और सस्ती दरों पर पीने के पानी की व्यवस्था की जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## थाना प्रभारी समेत 3 पुलिस अधिकारी निलंबित

**मेदिनीनगर।** जिले में आम लोगों से दुर्व्यवहार से जुड़े मामले में शनिवार को पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने एक थाना प्रभारी समेत तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित होने वाले अधिकारियों में नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार, छत्तरपुर, पिपरा थाना में तैनात एक-एक एएसआई शामिल हैं। बता दें कि नावाबाजार थाना प्रभारी पर आरोप है कि लूटकांड के आरोपी की पिटाई की गई है। आरोपी का इलाज रांची में चल रहा है। आरोपी के परिजनों ने थाना प्रभारी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया है। होली के दौरान पलामू के छतरपुर में एक वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम द्वारा पिटाई की गई थी। वारंटी द्वारा वरीय पुलिस अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई थी। पलामू के पिपरा थाना में होली के दौरान एक एएसआई के द्वारा शराब के नशे में वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने के साथ एक होमगार्ड के जवान के साथ भी दुर्व्यवहार हुआ था। पूरे मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। नावाबाजार थाना प्रभारी को निलंबित करने के बाद हुसैनाबाद थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर संजय कुमार को नावाबाजार का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

## संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से लटका मिला शव

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में एक किशोरी का शव संदेहास्पद स्थिति में पेड़ में फंदे से झूलते मिला है। इससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना क्षेत्र के कोयद गांव के ढिबर टोला के सामने जंगल में महुआ के पेड़ से नाबालिग किशोरी का शव झूलता देख ग्रामीणों ने सराढु पुलिस पिकेट प्रभारी मदन सिंह को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के कोयद-ढिबर टोला निवासी गुलिया भुइयां की बेटी सोनी कुमारी के रूप में की गई है। पुलिस किशोरी के शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## खत्म नमाजे ए तरावीह की नामज मुकम्मल हुई

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के बरडीहा गांव स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार की रात में खत्म नमाजे ए तरावीह की नमाज मुकम्मल हुई। रमजान की 10वीं रमजान से खत्म नमाजे-ए-तरावीह शुरू हुआ था। 11 दिनों में नमाजियों ने मस्जिद में खत्म नमाजे-ए-तरावीह की नमाज पूरा किया। खत्म नमाजे -ए-तरावीह जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मनउव्वर अंसारी साहब ने संपन्न कराया। खत्म नमाजे-ए-तरावीह समापन के बाद फातिहा खानी किया गया। नमाजियों ने देश में अमन चैन ,आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा हाफिज मनउव्वर अंसारी साहब को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया व उपहार से नवाजा। हाफिज मनउव्वर अंसारी ने माह-ए-रमजान और नमाजे-ए-तरावीह की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अल्लाह रमजान में अपने बंदों को काफी रहमत व बरकत देते हैं। अल्लाह के हुक्म का सम्मान करें।

# विश्व जल दिवस पर भजनियां में लिया गया स्वच्छता का संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** विश्व जल दिवस पर शनिवार पर भजनियां में जल सहिया शकुंतला देवी ने महिलाओं और बच्चों के बीच स्वच्छ शुद्ध जल के महत्व की जानकारी देते हुए इसे संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। साथ ही जल गुणवत्ता की जांचकर रिपोर्ट दर्ज किया। इस कार्यक्रम को लेकर महिलाओं व बच्चों में उत्सुकता देखी गई। इसमें संतोष कुमार,साहिल कुमार, अंजली कुमारी, महिमा कुमारी, भागमती देवी, करनी कुमारी, गीता देवी व बचिया देवी सहित अन्य कई शामिल थे। वाश कोऑडिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने कहा 22 मार्च विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है। साथ ही जल संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाता है। साल 1992 में रियो डी जेनेरियो में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में इस दिन को मनाने का प्रस्ताव रखा गया था। 1993 में पहला विश्व जल दिवस मनाया गया था।

## प्रज्ञा केंद्र खाली नहीं करने पर ताला लगाया

**मेराल।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने मेराल पूर्वी पंचायत में अनाधिकृत रूप से प्रज्ञा केंद्र संचालित करने पर रिमा देवी को प्रज्ञा केंद्र खाली करने का निर्देश दिया था। इसे लेकर मेराल पूर्वी पंचायत भवन पर लिखित रूप से आदेश जारी कर प्रज्ञा केंद्र को खाली करने को लेकर नोटिस चिपकाया गया था। उक्त प्रज्ञा केंद्र वर्तमान में विकास कुमार पिता विनोद प्रसाद गुप्ता के नाम से संचालित करने का आदेश जिला कार्यालय से हो गया है, रिमा देवी द्वारा प्रज्ञा केंद्र खाली नहीं करने पर दंडाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस बल, पंचायत सचिव रामनाथ चौधरी के उपस्थिति में बीडीओ के निर्देश पर उक्त प्रज्ञा केंद्र में ताला लगा दिया गया।

**जांच** पंचायतों में विभिन्न योजनाओं समेत स्कूली गतिविधियों की ली जानकारी

# एसडीएम ने झरगाड़ा पंचायत का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय में एसडीएम ने पंचायतों के स्थलीय जांच करने के लिए गए निर्णय के आलोक में शनिवार को हुसैनाबाद प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र झरगाड़ा पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रही सभी योजनाओं का गहनता से अवलोकन किया व सचिवालय में बैठक कर सभी तरह की संचिका व योजना की अधतन जानकारी प्राप्त की। कार्यो में गति लाने पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा भी थे। अधिकारियों ने मनरेगा 15वीं वित्त, अबुआ आवास, पीएम आवास समेत कई योजनाओं पर चर्चा की। ग्रामीणों से जानकारी ली। मस्टर रोल, मनरेगा मजदूरी का भुगतान से लेकर कई कार्यो पर चर्चा की। इस दौरान राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरगाड़ा का निरीक्षण किया। वहां बच्चों की उपस्थिति पंजी, एमडीएम, सुलभ शौचालय, पठन-पाठन बिन्दुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच किया। ग्रामीणों ने स्कूल में चाहरदीवारी सहित अन्य बिंदुओं पर ध्यानकर्षण कराया। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक सीताराम प्रजापति को जल्द व्यवस्था में सुधार लाने, सुलभ शौचालय को नियमित रूप से संचालित कराने, साफ-सफाई पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिस विभाग में लापरवाही व अनियमितता दिख रहा हैं। उसे वह सूची बना लिया हूं। नियमानुसार कार्रवाई होगी। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य व मुख्य सड़क से गांव तक सड़क निर्माण कराने का आग्रह किया। एसडीएम ने ग्रामीण विकास विभाग व पथ निर्माण को पत्र अग्रसारित करते हुए जल्द निविदा निकालने व कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया हैं। मौके पर ग्राम पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी, मनरेगा बीपीएम, एईई, जेईई, पंचायत समिति, रोजगार सेवक सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ व मेला आयोजन को लेकर बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के मां शायर देवी धाम प्रांगण में चैत्र नवरात्र को लेकर देवी धाम संचालन समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेमचंद प्रसाद ने की। मां शायर देवी धाम वार्षिक महोत्सव व श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ व मेला आयोजन को लेकर अध्यक्ष संजय भगत, सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा उपाध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता, अजय प्रसाद गुप्ता ,प्रमोद महाजन, महेंद्र प्रसाद सहित लोगों ने भव्य तरीके से चैत्र नवरात्र कार्यक्रम मनाने का सुझाव उपस्थित लोगों को दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को सुबह आठ बजे जल यात्रा के साथ यज्ञ मंडप में प्रवेश करने के बाद से 6 अप्रैल तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 6 अप्रैल को यज्ञ पूर्णाहुति के साथ शाम 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 7 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से भक्ति जागरण आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राम, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, ललू प्रसाद गुप्ता, विनोद प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, नाथून राम, वीरेंद्र ठाकुर, अर्जुन कुशवाहा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### मंत्री हफीजुल का...

स्पीकर रवींद्रनाथ महतो बोले- निदेर्शों का नहीं होता पालन : विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो विधायक प्रदीप यादव की बात को सुनकर उन्होंने कहा कि कितनी बार सदन के अंदर फोन के इस्तेमाल न करने के लिए कहा गया है। इसके बावजूद भी निदेर्शों का पालन नहीं होता। उन्होंने कहा कि बार- बार एक ही बात को दोहरना ठीक नहीं है। इसके बाद अध्यक्ष ने मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के फोन को जब्त करने के लिए कहा। उसके बाद विधानसभा के अंदर मौजूद कर्मी ने फोन को जब्त कर अध्यक्ष के आसन पर पहुंचा दिया।

### बेमौसम ओले की...

साफ रहने के बाद शाम चार बजे के बाद फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया। लोहरदगा में शनिवार को एकबार फिर से तेज हवा के साथ ओलावृष्टि हुई है। भारी ओलावृष्टि के चलते हर ओर बर्फ की चादर बिछ गई। इसकी वजह से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है, हालांकि कहां-कहां नुकसान हुआ अभी पता नहीं चला है। इससे पहले शुक्रवार को भी भारी ओलावृष्टि हुई थी, जिसके कारण खेतों में लगी फसल व अन्य लोगों को काफी नुकसान हुआ था। इन इलाकों के लिए जारी किया था येलो अलर्ट : इसके अलावा मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी करते हुए यहां बादल गरजने और तेज हवा के साथ पानी गिरने का अनुमान भी लगाया था। विभाग ने यहां 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान लगाया था।

### ट्रंप और मस्क...

सो भारतीय छात्रों को लुभाने के लिए कनाडा सरकार व कॉलेज अब एक नया योजना लेकर आए हैं। कनाडा के सरकारी कॉलेज अब छात्रों को स्कॉलरशिप देने लगे हैं। इन स्कॉलरशिप की वैल्यू 2,000 से 20,000 कनाडाई डॉलर तक है। इसका उद्देश्य है कनाडा को छात्रों के लिए बेहतर बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से मदद करना है। कनाडा में ट्यूशन फीस बहुत ज्यादा है, इसके कारण हर कोई यहां पढ़ नहीं पाता है। जो छात्र आते थे, वो भी नई नीतियों से परेशान हैं। ऐसे में उन्हें लुभाने के लिए स्कॉलरशिप दी जा रही है।यही नहीं, बल्कि लगभग सभी सरकारी कॉलेजों ने अब ऐसे कोर्स बंद कर दिए हैं, जिनसे पोस्ट-ग्रेजुएट वर्क परमिट नहीं मिलता। पोस्ट-ग्रेजुएट वर्क परमिट के जरिए कोर्स खत्म करने के बाद कनाडा में जॉब करने की इजाजत मिलती है। अब कॉलेज केवल वही कोर्स करा रहे हैं, जिनसे छात्रों को नौकरी मिलने में आसानी हो। ज्यादातर कोर्सेज इंडस्ट्री की मांग व छात्रों को भविष्य में मिलने वाले मौकों पर आधारित हैं। इन कोर्स की वजह से छात्रों को पढ़ाई खत्म करने के बाद कनाडा में बसने में भी मदद मिलेगी।इसके कारण अब हर सरकारी कॉलेज हर उस छात्र को स्कॉलरशिप दे रहे हैं, जिसे एडमिशन मिलता है। कोर्स की लिस्ट को भी आसान बना दिया गया है, ताकि छात्र ऐसे कोर्स कर सकें, जिनसे उन्हें पोस्ट-ग्रेजुएट वर्क परमिट मिल सके और वे कनाडा में बस सकें।जैसे कि फैन्सॉ कॉलेज, ओंटारियो ने एक नई स्कॉलरशिप शुरू की है। यदि पति व पत्नी दोनों कॉलेज में पढ़ते हैं, तो दोनों को 7,000 डॉलर की स्कॉलरशिप मिलेगी। विंडसर के एक सरकारी कॉलेज में छात्रों को एक सेमेस्टर के लिए मुफ्त में रहने की जगह मिलेगी। साथ ही, उन्हें 2,000 डॉलर की स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। कई और कॉलेज भी पहले सेमेस्टर की फीस माफ कर रहे हैं। इससे विदेशी छात्रों को आर्थिक रूप से काफी मदद मिलेगी।

## अगले 10 साल की वित्तीय स्थिति की पूरी योजना की जाए तैयार : मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून (आईएएनएस)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में आगामी 10 साल की वित्तीय स्थिति की पूरी योजना तैयार की जाए। इस दीर्घकालिक योजना में आर्थिक और सामाजिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 10 वर्षों के राज्य के आय के संसाधन बढ़ाने के लिए आर्थिक विकास की रूपरेखा तैयार की जाए। राज्य की आर्थिकी से जुड़े पर्यटन, तीर्थाटन, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, उद्योग, कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सामाजिक कल्याण और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से कार्य किए जाएं।

## जंगल की आग को बुझाने में बाधा बनी तेज हवाएं, लोगों को घर खाली करने के निर्देश



**चांगवोन (आईएएनएस)।** दक्षिण-पूर्वी काउंटी सानचियोंग में लगी जंगल की आग को बुझाने में तेज हवाओं के कारण मुश्किलें आ रही हैं, जिसके कारण शनिवार को और अधिक घरों को खाली करने का आदेश दिया गया। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, सांचियोंग के काउंटी कार्यालय ने आठ शहरों के निवासियों को दोपहर तीन बजे तक तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाने का निर्देश दिया। यह कदम काउंटी कार्यालय की ओर से जंगल की आग से प्रभावित सात गांवों के 213 निवासियों को पास के एक अनुसंधान केंद्र में भेजने के आदेश के एक दिन बाद उठाया गया। जंगल की आग से प्रभावित सात गांवों में से एक गांव के शख्स को धुएं के कारण अस्पताल में इलाज कराया गया।

## नाटो में शामिल नहीं हो पाएगा यूक्रेन, जेलेंस्की ने माना : मध्य पूर्व में अमेरिकी दूत

**कीव (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व में दूत स्टीवन विटकॉफ ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मोटे तौर पर स्वीकार कर लिया है कि यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं हो पाएगा। अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ एक इंटरव्यू में विटकॉफ ने कहा कि जेलेंस्की और यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने 'काफी हद तक स्वीकार कर लिया है कि वे नाटो के सदस्य नहीं बनने जा रहे हैं। विटकॉफ ने कहा, "यदि कोई शांति समझौता होने जा रहा है, तो यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं हो सकता। मुझे लगता है कि यह बात काफी हद तक स्वीकार्य है। दूत ने यह भी दावा किया कि यूक्रेनी नेतृत्व ने चुनाव कराने पर सहमति जताई है, लेकिन उन्होंने कोई ब्यौरा नहीं दिया। कार्लसन के यह पूछने पर कि क्या यूक्रेन में चुनाव होंगे विटकॉफ ने कहा, "हां। होंगे।

### टेस्ला कार तोड़ने वालों को जेल भेजेंगे ट्रंप, कहा-

# दोषियों को सजा के लिए खतरनाक अल-सल्वाडोर में भेजा जाएगा


### ट्रंप ने लाल रंग की टेस्ला कार खरीदी, कहा- ये दुनिया की बेहतरीन कंपनी



ट्रंप ने 11 मार्च को लाल रंग की 'टेस्ला मॉडल एस' कार खरीदकर उनका समर्थन किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि ये कार बहुत ही खूबसूरत है और उन्होंने ये बिना किसी डिस्काउंट के पूरी कीमत (80 हजार डॉलर) में खरीदी है। ट्रंप ने कार को टेस्ट नहीं किया और साफ किया कि वह टेस्ला नहीं चलाएंगे, क्योंकि उन्हें ड्राइव करने की इजाजत नहीं है, लेकिन वह व्हाइट हाउस में अपने कर्मचारियों को इसका चलाने देंगे।

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग ऐसा करते हुए पकड़े जाएंगे, उन्हें अल-सल्वाडोर की जेल में भेज दिया जाना चाहिए। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ट्रुथ पर लिखा- मैं उन बीमार आतंकी गुडों को 20 साल की जेल की सजा मिलते हुए देखना चाहता हूं, जो टेस्ला की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शायद उन्हें अल-सल्वाडोर की कुख्यात जेल में सजा दी जाएगी। एक और पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा- हम आपको ढूंढ़ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि टेस्ला को नुकसान पहुंचाने की कोशिश एक आतंकी काम है, जो 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल हिल (संसद) में हुए घातक दंगे से भी बदतर है।



लास वेगास के टेस्ला सर्विस सेंटर में 18 मार्च को आग लगा दी गई। इसमें 5 टेस्ला कार खराब हो गईं।

### इलॉन मस्क ने वामपंथी नेताओं को जिम्मेदार बताया



ट्रंप के बयान से पहले अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने भी गुरुवार को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अब अमेरिका में अपराध करने वाले दिन खत्म हो चुके हैं। अगर आप टेस्ला की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाएंगे तो आपको सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा। उन लोगों को भी गंभीर परिणाम भुगतना होगा, जो पर्दे के पीछे से इन अपराधियों को सपोर्ट कर रहे हैं और फंडिंग कर रहे हैं। अमेरिका में ट्रंप सरकार बनने के बाद से टेस्ला की कारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। कंपनी के सीईओ इलॉन मस्क ने इसकी निंदा करते हुए इसे 'आतंकवाद' बताया।

## 500 रू. से ज्यादा ऑनलाइन शॉपिंग पर अब देने होंगे 49 रुपए

- आर्डर कैंसिल किये या सामान वापस किए तो भी देने ही होंगे

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन से शॉपिंग में यदि डिस्काउंट 500 रुपये से ज्यादा हुआ, चाहे सामान खरीदे या सामान ठीक नहीं होने पर या किसी कारण से ऑर्डर कैंसल किए तो भी ग्राहकों को 49 रुपये का प्रोसेसिंग शुल्क देना ही होगी। यह उन लोगों से लिया जाएगा जो इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट का इस्तेमाल करते हैं। इस तरह आपकी बचत कम हो जाएगी। यह शुल्क अभी एमेजॉन की तरफ से लेना शुरू किया गया है। ऑर्डर कैंसिल करने या वापस करने पर भी यह शुल्क नहीं लौटाया जाएगा। फ्लिपकार्ट पहले से यह शुल्क ले रहा है। एमेजॉन की तरफ से बताया गया है कि यह शुल्क उनके प्लेटफॉर्म पर "बैंक डिस्काउंट ऑफर्स को एग्रीमेंट, मैनेज और प्रोसेस करने" में आने वाले खर्च को कवर करने में मदद करता है। रिपोर्ट के अनुसार, लोगों को अब ऑनलाइन शॉपिंग करते वक्त ध्यान रखना होगा कि उन्हें कितनी बचत हो रही है। उदाहरण के लिए अगर आप 10 हजार रुपये की शॉपिंग करते हैं और बैंक डिस्कांट के तौर पर आपको 10 फीसद यानी एक हजार रुपए की बचत होती है, तो पहले की तरह 9 हजार रुपए चुकाने के बजाए अब आपको 49 रुपए ज्यादा यानी 9 हजार 49 रुपए देने होंगे। एमेजॉन ने जो शुल्क लेना शुरू किया है, उस तरफ की फीस फ्लिपकार्ट की तरफ से भी ली जा रही है। यह शुल्क एमेजॉन के प्राइम मेंबर्स पर भी लागू होगा। यदि आप ऑर्डर कैंसल कर देते हैं या वापस लौटा देते हैं, तब भी यह शुल्क नहीं लौटाया जाएगा। यानी 49 रुपए तो आपको देने ही हैं। इसलिए ग्राहकों को अब घ्यान देना होगा कि वह कितना बैंक डिस्काउंट पा रहे हैं। यदि बैंक डिस्काउंट 500 रुपये से कम है, तो प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेजॉन हेल्प सेंटर में यह स्पष्ट बताया गया है कि ऑर्डर कैंसिल होने या वापस होने पर भी प्रोसेसिंग फीस को वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अब लोगों को ध्यान रखना होगा कि वह किस मोड से पेमेंट कर रहे हैं। यदि बैंक डिस्काउंट 500 रुपये से ज्यादा हुआ ,तो पेमेंट के तरीके को बदला जा सकता है। यदि कोई प्रोडक्ट लौटाने के मूड में ना हो, तो वह 49 रुपये की प्रोसेसिंग फीस दे सकता है। इस तरह अब बैंक डिस्काउंट में मिलने वाली छूट कम हो जाएगी।

### ढाका में सड़कों पर उतरे हजारों मजदूर, हाईवे किया जाम

**ढाका ।** बांग्लादेश की राजधानी में शनिवार को हजारों मजदूरों ने प्रदर्शन किया और हाईवे जाम कर दिया। उन्होंने कारखाने को दोबारा खोलने, वार्षिक अवकाश, बकाया अवकाश भुगतान और बोनस की मांग की। मजदूरों ने दो घंटे तक ढाका-मैमनसिंह राजमार्ग को जाम रखा। जायंट निट गारमेंट फैक्ट्री के मजदूरों ने सुबह फैक्ट्री बंद होने का नोटिस देखने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू किया। गाजीपुर औद्योगिक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) फारुक हुसैन ने बताया कि श्रमिकों ने छुट्टी और बोनस भुगतान को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया था।

### बलूचिस्तान का सवाल

## गहरे संकट में पाकिस्तान, देश की अखंडता के साथ-साथ चीन की दोस्ती खोने का डर

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)**

बलूचिस्तान पाकिस्तान के लिए न सुलझने वाली गुत्थी बनता जा रहा है। प्रांत में अलगववादी चरमपंथियों की कार्रवाईयों ने सरकार को हिला कर रख दिया है। इस प्रदेश में बढ़ती हिंसा न सिर्फ सुरक्षा के नजरिए से बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी पाकिस्तान को बड़ा जख्म दे सकती है। चीन ने यहा बड़े पैमाने पर निवेश किया है लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि हाल की हिंसक घटनाओं के बाद क्या बीजिंग अपने कदम पीछे खींच सकता है। पाकिस्तान के भूमि क्षेत्र का लगभग 44% हिस्सा बलूचिस्तान का है। यह अफगानिस्तान और ईरान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा भी साझा करता है इस प्रांत केवल 5% कृषि योग्य है। यह अत्यंत शुष्क रेगिस्तानी जलवायु के लिए जाना जाता है लेकिन इसे प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर माना जाता है। इसके बावजूद विकास की दौड़ में सबसे पीछे रह गया है। इस प्रांत में तांबा, सोना, कोयला और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं, जो पाकिस्तान की



खनिज संपदा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और मध्य एशिया को जोड़ने वाली अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण, बलूचिस्तान न एक भू-राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहमियत रखता है। बलूचिस्तान की भू-रणनीतिक अहमियत के कारण चीन की मत्वकांक्षी परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का एक बड़ा हिस्सा इसी प्रांत में है। सीपीईसी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'बेल्ट एंड रोड' पहल का हिस्सा है और ग्वादर शहर का बंदरगाह इस प्रोजेक्ट के लिए बेहद अहम मान जाता है।

## भाषा को लेकर विभाजन के खिलाफ सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए : संघ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि भाषा के नाम पर देश में चल रही विभाजन की राजनीति को काटने के लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए। वहीं परिसीमन के मुद्दे पर उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत के विषय पर संघ ने कहा है कि गृहमंत्री इस संबंध में आश्वासन दे चुके हैं कि लोकसभा सीटों का अनुपात पहले के समान ही रहेगा। संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की आज से कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शुरू तीन दिवसीय बैठक में संघ के कार्य विस्तार और दृढ़ीकरण का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक (21-23 मार्च) का शुभारम्भ आज प्रातः 9:00 बजे सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। बैठक में लगभग 1450 प्रतिनिधि उपस्थित हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने बेंगलुरु में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि संघ मणिपुर में मैतई और कुकी दोनों समुदायों के बीच कई गतिविधियां चलाता है और इनके माध्यम से दोनों जनजातीय समूह में शांति के प्रयास के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन अभी भी काफी समय लगेगा। भाषा के नाम पर हो रही राजनीति और नई शिक्षा नीति में तीन भाषा फामूर्ले पर संघ ने कहा कि संघ मातृ भाषा को बढ़ावा देने और उसमें शिक्षा दिए जाने का पक्षधर है। साथ ही वह स्वयंसेवकों और समाज को अन्य भारतीय भाषाओं को भी सीखने के लिए प्रेरित करता है।

संघ संगठन क्षमता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि देशभर में एक करोड़ से अधिक स्वयंसेवक हैं और इनमें से करीब 6 लाख प्रतिदिन शाखा जाते हैं। इसके अतिरिक्त भी कई स्वयंसेवक विविध क्षेत्रों में संघ प्रेरित संगठनों में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश भर के 73,646 स्थान पर संघ की गतिविधियां चल रही हैं। इनमें से 51,710 स्थान पर दैनिक गतिविधियां और 21,936 स्थान पर साप्ताहिक गतिविधियां चल रही हैं। 83,139 शाखाएं देश भर में चल रही हैं। पिछले साल के मुकाबले लगभग 10 हजार शाखाएं बढ़ी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन सालों में संघ ने ग्रामीण क्षेत्र में विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया है। कुल 58,981 ग्रामीण मंडलों में से 30,770 स्थान पर शाखाएं लग रही हैं और पिछले साल के मुकाबले इसमें 3 हजार की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरसंघचालक के आह्वान पर दो साल का समय देने वाले 2,453 लोगों ने अपना घर छोड़ा है। संघ में नए कार्यकतार्ओं के जुड़ने के बारे में उन्होंने बताया कि हर वर्ष 14 से 25 वायु वर्ग के नए स्वयंसेवक जोड़ रहे हैं। पिछले वर्ष 4450 प्रारंभिक वर्ग लगाए गए हैं। इनमें 2.23 लाख ने भागीदारी की है। वहीं दूसरी ओर जॉइन आरएसएस के माध्यम से भी लोग संघ से जुड़ रहे हैं। अब तक का 12 लाख से अधिक लोग इसके माध्यम से जुड़े हैं जिनमें 46000 महिलाएं हैं।

### कहानी फिल्म जगत की



# अल्लू अर्जुन से इंप्रेस हुए गणेश आचार्य...

हाल ही में कोरियोग्राफर गणेश अचार्य ने बताया है कि बॉलीवुड में कोरियोग्राफर्स और टेक्निशियंस की मेहनत को नजरअंदाज करते हैं। हालांकि, साउथ में हर छोटे से छोटे टेक्निशियन की मेहनत को क्रेडिट दिया जाता है। गणेश ने आगे कहा कि, कैसे पुष्पा फिल्म के गाने हिट होने के बाद अल्लू अर्जुन ने उन्हें उचित श्रेय दिया।

टीवी की कॉमेडी क्वीन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया के शो में कोरियोग्राफर-निर्देशक गणेश आचार्य ने खुलकर बताया कि बॉलीवुड ने उन्हें कभी उचित श्रेय नहीं दिया, लेकिन अल्लू अर्जुन ने पुष्पा फिल्मों के लिए श्रेय दिया। भारती टीवी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि दक्षिण में हिंदी फिल्म उद्योग की तुलना में उनके तकनीशियनों का अधिक सम्मान किया जाता है।

### अल्लू ने की मास्टर जी तारीफ

कोरियोग्राफर ने खुलासा किया कि साउथ इंडस्ट्री में उनका अनुभव अलग था, खासकर जब बात अल्लू अर्जुन और पुष्पा फिल्मों की आती है, तो "अल्लू अर्जुन ने मुझे फोन किया और कहा, मास्टरजी आप के वजह से हुआ, आप के वजह से लोग एप्रिसिएट कर रहे हैं। बॉलीवुड में किसी ने भी मुझे अपनी सफलता का श्रेय देने के लिए कभी फोन नहीं किया। उन्होंने मुझे हैदराबाद में एक सक्सेस पार्टी में भी बुलाया। यहां कोई आम पार्टी नहीं थी, जहां लोग खाते-पीते रहते हैं, उन्होंने स्टेज बनाई थी जहां टेक्निशियंस को सम्मानित किया जा रहा था। एक लाइटमैन को भी अवॉर्ड दिया गया।

